www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण


21 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 271

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही


सूचना आयुक्तों के सभी खाली पद जल्द भरे जायेंगे




राजकीय

# श्रावणी मेला

में सभी श्रद्धालुओं और कांवरियों का
हार्दिक अभिनंदन

बाबा बैद्यनाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करें

एक शुभचिंतक, राँची

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW



# नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार जेडीयू की नयी उम्मीद!

## समय रहते ठोस फैसला ले लें नीतीश कुमार : उपेंद्र कुशवाहा

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री की चर्चा जोरों पर है। हालांकि, निशांत कुमार या जनता दल यूनाइटेड (जदयू) की ओर से इस मामले में कोई भी प्रतिक्रिया नहीं दी गयी है, लेकिन, सीएम नीतीश कुमार के करीबी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी दल के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने निशांत कुमार को जदयू की नयी उम्मीद बता दी। साथ ही मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को एक आग्रह भी किया। राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष का यह पोस्ट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

**सरकार और पार्टी साथ-साथ संचालन सीएम नीतीश के लिए उचित नहीं :** राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा ने रविवार को लिखा कि जानकारी मिली है कि बड़े भाई नीतीश कुमार के सुपुत्र निशांत का आज जन्मदिन है। खुशी के इस अवसर पर जदयू की नयी उम्मीद निशांत को जन्म दिन की ढेर सारी शुभकामनाएं। ईश्वर उसे हमेशा स्वस्थ एवं प्रसन्नचित रखें। इस अवसर पर नीतीश कुमार से अति विनम्र आग्रह है कि समय और परिस्थिति की नजाकत को समझते हुए इस सच को स्वीकार करने की कृपा करें कि अब सरकार और पार्टी दोनों का साथ-साथ संचालन स्वयं उनके लिए भी उचित नहीं है।



### समय रहते ठोस फैसला ले लें: कुशवाहा

नीतीश कुमार को सरकार चलाने का उनका लंबा अनुभव है, जिसका लाभ राज्य को आगे भी मिलता रहे, यह फिलहाल राज्य हित में अतिआवश्यक है। परंतु पार्टी की जवाबदेही के हस्तांतरण (जो वक्त मेरी ही नहीं स्वयं उनकी पार्टी के हजारों कार्यकर्ताओं/नेताओं की राय में अब आ चुका है) के विषय पर समय रहते ठोस फैसला ले लें। यही उनके दल के हित में है। और इसमें विलंब दल के लिए अपूर्णीय नुकसान का कारण बन सकता है। शायद ऐसा नुकसान, जिसकी भरपाई कभी हो भी नहीं पाये।

### निशांत कुमार ने सीएम नीतीश को जिताने की अपील की थी

विधानसभा चुनाव के सवाल पर निशांत कुमार ने कहा कि इस बार चुनाव भी है। जनता से अपील है कि आप सब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को जितायें। कहा कि पिताजी ने बहुत काम किया है इसीलिए उनको फिर से मुख्यमंत्री बनायें। कुछ दिन पहले ही उन्होंने एक करोड़ लोगों को रोजगार और सरकारी नौकरी देने की बात कही है। अभी 21 हजार पुलिसकर्मियों की भर्ती की गयी है और 40 हजार और की जायेगी। 125 यूनिट बिजली भी मुफ्त कर दी गयी है और सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि भी बढ़ा गयी है। वहीं खुद के चुनाव लड़ने के सवाल पर उन्होंने कहा कि इस पर आगे देखा जायेगा।

# बिहार में 41 लाख वोटरों पर मंडराया खतरा!

**मतदाता सूची पुनरीक्षण में कटेंगे लाखों नाम**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) के लिए गणना प्रपत्र जमा करने में अब केवल छह दिन शेष रह गये हैं तथा 41 लाख से अधिक मतदाताओं के नाम अंतिम सूची से बाहर होने का खतरा है, जबकि इस सप्ताह की शुरुआत में यह संख्या 35.6 लाख थी। चुनाव आयोग ने कहा है कि बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा तीन दौर के गृह-भ्रमण के बाद, 41 लाख से ज्यादा मतदाता अपने पंजीकृत पतों पर नहीं मिले। इनमें से 14.1 लाख मतदाताओं की मृत्यु की पुष्टि हो चुकी है, 19.7 लाख स्थायी रूप से दूसरी जगहों पर चले गये हैं, 7.5 लाख मतदाता कई जगहों पर मतदान के लिए पंजीकृत हैं और 11,000 मतदाता अभी भी लापता हैं।

**सात करोड़ से ज्यादा फॉर्म मिले :** अब तक, चुनाव आयोग ने 7.15 करोड़ गणना फॉर्म एकत्र कर लिये हैं, जो लक्ष्य का 90.6% है, और इनमें से 88.2% फॉर्म डिजिटल कर दिये गये हैं। लगभग 32 लाख फॉर्म, यानी कुल फॉर्म का 4%, अभी भी संग्रह के लिए लंबित हैं। फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 25 जुलाई है और आयोग ने शेष मतदाताओं से संपर्क स्थापित करने के लिए बूथ स्तर के अधिकारियों द्वारा घर-घर जाकर दौरे का एक और दौर शुरू किया है। इस सप्ताह के शुरू में, चुनाव आयोग ने घोषणा की थी कि 35.6 लाख मतदाता अपने पंजीकृत पते पर नहीं मिले और वह मतदाता सूची से किसी भी नाम को हटाने से पहले उनका सत्यापन करने के लिए सभी विवरण राजनीतिक दलों के साथ साझा करेगा।



### विपक्ष की खिलाफत जारी

विपक्ष इस प्रक्रिया के खिलाफ बोल रहा है और दावा कर रहा है कि बिहार में सत्तारूढ़ गठबंधन को फायदा पहुंचाने के लिए जल्दबाजी में यह कदम उठाया जा रहा है, ताकि उनके खिलाफ मतदाताओं के नाम हटाये जा सकें। शनिवार को, राजद नेता तेजस्वी यादव ने देश भर के 35 प्रमुख दलों के नेताओं को पत्र लिख कर मतदाता सूची संशोधन के खिलाफ उनका समर्थन मांगा और आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर लोकतंत्र पर हमला करने की साजिश रची जा रही है।

### तेजस्वी ने सभी को भेजा पत्र

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सहित अन्य को भेजे पत्र में तेजस्वी यादव ने कहा कि मैं आपको गहरी पीड़ा और आग्रह के साथ लिख रहा हूं। बिहार में चल रही विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) एक तमाशा और त्रासदी है, जो बड़ी संख्या में मतदाताओं को मताधिकार से वंचित कर रही है और लोकतंत्र की नींव को हिला रही है। उन्होंने आगे कहा कि यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि कैसे चुनाव आयोग जैसी स्वतंत्र संस्था हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता में जनता के विश्वास को खत्म करने पर तुली हुई है। इस देश का प्रत्येक नागरिक, चाहे उसकी पृष्ठभूमि या स्थिति कुछ भी हो, अपने वोट पर गर्व करता है। शासन में भागीदारी करने की क्षमता अत्यधिक सशक्त बनाती है।

## आजसू पार्टी ने ट्रिपल टेस्ट सर्वे में गड़बड़ी का लगाया आरोप

# ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश में लगी है झामुमो-कांग्रेस

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आजसू पार्टी ने झारखंड में नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण देने हेतु आवश्यक ट्रिपल टेस्ट प्रक्रिया में व्यापक गड़बड़ी का आरोप लगाया है। पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में वरिष्ठ नेता एवं झारखंड आंदोलनकारी प्रवीण प्रभाकर और युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि झामुमो-कांग्रेस ओबीसी आरक्षण में घपला करने की साजिश रच रहे हैं।

श्री प्रभाकर ने कहा कि ट्रिपल टेस्ट के संबंध में लगातार शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि डोर टू डोर सर्वे नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि ट्रिपल टेस्ट की रिपोर्ट सार्वजनिक करने से पहले राज्य सरकार इस टेस्ट की प्रक्रिया की पूरी जानकारी जनता को उपलब्ध करवाए क्योंकि इसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता का अभाव दिख रहा है। उन्होंने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाये। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार नगर निकाय चुनावों में ओबीसी आरक्षण के लिए ट्रिपल टेस्ट अनिवार्य है, जिसमें डोर-टू-डोर सर्वे के माध्यम से पिछड़े वर्ग की जनसंख्या, सामाजिक-आर्थिक स्थिति और राजनीतिक प्रतिनिधित्व का आकलन किया जाना है।



श्री प्रभाकर ने कहा कि विभिन्न नगर निकाय क्षेत्रों से यह जानकारी सामने आ रही है कि धरातल पर सर्वे हुआ ही नहीं है और राज्य सरकार बंद कमरे में रिपोर्ट तैयार करवा रही है, ताकि पिछड़ों का हक मारा जा सके।

युवा नेता संजय मेहता ने कहा कि सरकार बताये कि ट्रिपल टेस्ट में संग्रह किये गये डाटा को सरकार कैसे सत्यापित करेगी। संस्थाओं का चयन किस आधार पर किया गया है और कैसे किया गया है। ट्रिपल टेस्ट का सैंपल कैसे संग्रह किया जा रहा है कौन कर रहा है यह बताया जाये।

श्री मेहता ने कहा कि राज्य सरकार के ट्रिपल टेस्ट में पारदर्शिता नहीं दिखती। पहले तो राज्य सरकार पिछड़ों को आरक्षण दिये बिना ही नगर निकाय चुनाव करवाना चाहती थी, लेकिन जब आजसू सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी सुप्रीम कोर्ट से आदेश लेकर आ गये, तो ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया शुरू की गयी। आजसू के दबाव में एक वर्ष से रिक्त पिछड़ा आयोग के अध्यक्ष की नियुक्ति की गयी। अभी भी 4 माह से राज्य निर्वाचन आयुक्त का पद नहीं भरा जा रहा है। श्री मेहता ने सवाल किया कि क्या राज्य सरकार हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बिना कोई काम नहीं करेगी। प्रेस वार्ता में मीडिया संयोजक परवाज खान और युवा आजसू संयोजक बबलू महतो भी उपस्थित थे।

# देश में पहली बार झारखंड सरकार लांच करेगी माइनिंग टूरिज्म परियोजना

**जेटीडीसी और सीसीएल के सहयोग से शुरू हो रही योजना, सोमवार को होगा एमओयू**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड अपनी खनिज संपदा और खनन क्षेत्र की ऐतिहासिक विरासत को पर्यटन के रूप में विकसित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। झारखंड पर्यटन विकास निगम (जेटीडीसी) और सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के सहयोग से देश में पहली बार माइनिंग टूरिज्म की शुरुआत की जा रही है। इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए 21 जुलाई को रांची स्थित प्रोजेक्ट भवन में एमओयू पर हस्ताक्षर किये जायेंगे। कार्यक्रम में झारखंड सरकार के मंत्री सुदिव्य कुमार और दोनों संस्थाओं के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। झारखंड लंबे समय से कोयला, लौह अयस्क और अन्य खनिजों की खदानों के लिए प्रसिद्ध रहा है। अब सरकार की योजना है कि इन खदानों की विरासत और खनन की प्रक्रिया को पर्यटन के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाया जाए, ताकि राज्य में थीम आधारित और सतत पर्यटन को बढ़ावा मिल सके। इस माइनिंग टूरिज्म परियोजना के तहत पर्यटकों को कोयला खदानों, खनन से जुड़ी प्रक्रियाओं, उपकरणों और खनन से जुड़ी ऐतिहासिक विशेषताओं का प्रत्यक्ष अनुभव करने का मौका मिलेगा। इस दौरान पर्यटक खनन क्षेत्रों में जाकर वहां के भूगोल, खनन की तकनीकों और उसके ऐतिहासिक पहलुओं को भी देख और समझ सकेंगे। परियोजना के तहत तीन सर्किट बनाए जा रहे हैं, जिनमें पर्यटकों को रांची से ले जाकर खनन क्षेत्रों और आस-पास के दर्शनीय स्थलों का भ्रमण कराकर वापस रांची लाया जाएगा। इन सर्किट में पिपरवार का कायाकल्प वाटिका, रे अंडरग्राउंड माइंस, तिरू फॉल, नॉर्थ उरीमारी माइंस, पलानी फॉल्स, पतरातू वाटर पार्क, सिकिदिरी घाटी, रजरप्पा मंदिर, भुरकुंडा माइंस, पतरातू डैम और पतरातू घाटी जैसे स्थल शामिल होंगे।

पर्यटकों को दिये जाने वाले पैकेज में नाश्ते से लेकर लंच तक की व्यवस्था की जायेगी। झारखंड सरकार का मानना है कि माइनिंग टूरिज्म की यह पहल राज्य के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाएगी और राज्य के पर्यटन राजस्व में भी इजाफा होगा।

# सदानों के अधिकारों का भी हो संरक्षण : राजेंद्र प्रसाद

**आज मूलवासी सदान की उपेक्षा देख कर मन बहुत व्यथित है : रामटहल चौधरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के बैनर तले झारखंड के मूलवासी सदानों की अधिकारों की हो रही उपेक्षा को लेकर ग्रैंड ओकेजन बैंक्विट हॉल में विचार गोष्ठी आयोजित की गयी। इसमें परिसीमन, पेसा कानून, स्थानीय तथा नियोजन नीति, मूलवासी सदानों की भाषा, संस्कृति के संरक्षण एवं विस्थापन नीति पर परिचर्चा हुई। इसको लेकर केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड के राजनीतिक दल के नेताओं में दूरदर्शिता की कमी के कारण ही मूलवासी सदानों की लगातार उपेक्षा हो रही है।

अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि हम आदिवासियों के अधिकारों का विरोध नहीं करते हैं। हम चाहते हैं कि सरकार मूलवासी सदानों का अधिकारों को भी संरक्षित करे, पेसा कानून में मूलवासी के अधिकारों का भी संरक्षण हो, क्योंकि मूलवासी और आदिवासी की सभ्यता संस्कृति और रूढ़िवादी परंपरा एक समान ही है। कहा कि जल, जंगल, जमीन के लिए दोनों ने लड़ाई लड़ी है, इसलिए जल, जंगल, जमीन में दोनों का अधिकार बराबर है। प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान को इससे अलग करना राज्य के लिए घातक होगा।



श्री प्रसाद ने कहा कि झारखंड सरकार या अन्य राजनीतिक दल मूलवासी सदानों के अधिकार को छीनने के बजाय स्थानीय नीति, नियोजन नीति, जातीय जनगणना, सदानों के लिए भी जिला मुख्यालय पर छात्रावास निर्माण कराने पर ध्यान देते तो राज्यहित में होता।

पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि मूलवासी के सहयोग के बिना अलग राज्य की कल्पना नहीं की जा सकती थी। अलग झारखंड की मांग के लिए मेरे नेतृत्व में 12 सांसदों ने इस्तीफा लिख कर प्रधानमंत्री को दिया था, तब जाकर अलग राज्य के लिए अटल बिहारी वाजपेई सरकार में सहमति बनी थी, लेकिन आज मूलवासी सदान की उपेक्षा देख कर मन बहुत व्यथित है।

पद्मश्री मुकुल नायक ने कहा कि राज्य में राजनीतिक सामाजिक विस्थापन के साथ-साथ सांस्कृतिक विस्थापन हो रहा है, जो काफी चिंता का विषय है, इसलिए हमें जागरूक होना होगा, इस पर उन्होंने कहा कि मूलवासी जागो-अखाड़ा बचाओ - झारखंड बचाओ। झारखंड आंदोलनकारी क्षितिश कुमार राय ने कहा कि बाहरी सांसद की बात छोड़िये, सदान सांसद भी हमारे हितैषी नहीं है। प्रो शाहिद हसन ने कहा कि अब एग्रेसिव होकर हिंदू और मुस्लिम दोनों को काम करना होगा। जब आप संविधान बचाओ रैली कर रहे हैं, तो संविधान के अनुरूप ही 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी भागीदारी' इसको लागू करें। विचार गोष्ठी में प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, प्रतिपक्ष के नेता और मुख्यमंत्री से मिलने के लिए समय मांगने का प्रस्ताव पारित किया गया।

धन्यवाद ज्ञापन प्रोफेसर अरविंद प्रसाद के द्वारा किया गया। विचार गोष्ठी में मूलवासी सदानों में धनंजय राय, वासुदेव, मुमताज खान, उमरा खातून, बसंती देवी, आरती देवी, विशाल सिंह चंदन प्रसाद, अभिषेक, मुकेश सिंह, अमित साहू, मुरारी गुप्ता, निखिल कुमार यादव संजय महतो, सुशांत कुमार, धनीराम साहू विकास कुमार, सखी चंद्र, बलदेव महतो, रंजीत कुमार, रामू साहू अंकित राम, अर्पित राम आदि ने अपने अपने विचार रखे।

## लातेहार स्कूल में यौन हिंसा को लेकर भाजपा का राज्य सरकार पर तीखा हमला-झामुमो ने दिया जवाब

# राज्य में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अफसर ही कर रहे : अजय साह

**हाइकोर्ट के जुवेनाइल जस्टिस कम पॉक्सो कमेटी की निगरानी में हो जांच**

**दोषी पदाधिकारियों पर पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत हो मामला दर्ज**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लातेहार जिले के एक मिशनरी स्कूल में सामने आये मास लेवल के यौन अपराध के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने झारखंड सरकार पर तीखा हमला बोला है। रविवार को प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने कहा कि राज्य के वरिष्ठ पदाधिकारी, विशेष रूप से शिक्षा सचिव और जिला प्रशासन, पूरे प्रकरण को दबाने और लीपापोती करने का प्रयास कर रहे हैं।

अजय साह ने स्पष्ट किया कि पॉक्सो एक्ट की धारा 19 और 21 के अनुसार यदि किसी नाबालिग के साथ यौन अपराध की जानकारी किसी को भी होती है, तो उसे लिखित रूप में पुलिस को सूचित करना अनिवार्य है। साथ ही पुलिस को यह मामला 24 घंटे के भीतर सीडब्ल्यूसी (चाइल्ड वेलफेयर कमेटी) और पॉक्सो कोर्ट में दर्ज करना होता है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के शंकर किसनराव खाडे बनाम महाराष्ट्र राज्य मामले का हवाला देते हुए कहा कि यदि यौन हिंसा की जानकारी होने के बावजूद लिखित सूचना नहीं दी जाती है, तो संबंधित व्यक्ति पर पॉक्सो एक्ट की धारा 21 के तहत आपराधिक मामला बनता है।



अजय ने प्रेस वार्ता के दौरान एक ऑडियो क्लिप सुनाते हुए कहा कि छात्राओं ने साफ तौर पर आरोप लगाये हैं कि स्कूल के एक फादर द्वारा पिछले दो वर्षों से यौन अपराध किया जा रहा है, वह भी एक से अधिक छात्राओं के साथ। इसके बावजूद अब तक पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज नहीं किया गया है, जो कानून की खुली अवहेलना है।

उन्होंने कहा कि क्या अब झारखंड में पॉक्सो कोर्ट का काम भी अधिकारी करेंगे? पॉक्सो एक्ट की किस धारा के तहत शिक्षा सचिव या अन्य अफसर जांच और निर्णय का अधिकार रखते हैं? क्यों एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पॉक्सो कोर्ट में मामला दर्ज नहीं हुआ?

प्रदेश प्रवक्ता ने मांग की कि इस गंभीर यौन हिंसा के मामले में तत्काल पॉक्सो एक्ट के तहत एफआइआर दर्ज किया जाये। इसके अलावा झारखंड हाइकोर्ट के जुवेनाइल जस्टिस कम पॉक्सो कमिटी की निगरानी में पूरे प्रकरण की जांच हो। उन्होंने कहा कि जो भी पदाधिकारी मामले को दबाने में संलिप्त पाये जायें, उनके खिलाफ पॉक्सो एक्ट की धारा 21 और अन्य आपराधिक धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई की जाये।

# कार्रवाई चल रही है सब्र रखें : मनोज पांडे



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लातेहार के एक स्कूल में छात्राओं के साथ हुई कथित यौन शोषण की घटना पर भाजपा के हमलावर होने के बाद झामुमो ने अपनी प्रतिक्रिया भी दे दी है। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडे ने प्रेस वार्ता करके भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि यह हेमंत सोरेन की सरकार है। लैंड आफ लॉ की सरकार है। उत्तर प्रदेश की तरह यहां सिलेक्टिव कार्रवाई नहीं होती। लातेहार की घटना में जो भी दोषी हैं। उन पर सख्त कार्रवाई होगी। अनुसंधान चल रहा है। बीजेपी की नींद जरा देर से खुली है। यह घटना 5-6 दिन पुरानी है। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बीजेपी कितना संवेदनशील है। बता दें कि भाजपा प्रवक्ता अजय शाह ने लातेहार की शर्मानाक घटना पर अब तक कार्रवाई नहीं किये जाने पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया था, जिस पर झामुमो ने अपनी प्रतिक्रिया दी है।

# 3 को भाकपा माओवादी ने पांच राज्यों में बंद का किया एलान

**पुलिस की कार्रवाई का विरोध**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची ।** प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी की ओर से झारखंड-बिहार सहित पांच राज्यों में बंद का एलान किया गया है। 3 अगस्त को भाकपा माओवादियों द्वारा झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम बंद का एलान किया गया है। भारत के नक्सल प्रभावित राज्यों में केंद्रीय बलों के द्वारा लगातार नक्सलियों पर किये जा रहे प्रहार और एनकाउंटर के विरोध में नक्सलियों ने 3 अगस्त को झारखंड, बिहार, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम बंद का एलान किया गया है।

**प्रेस रिलीज जारी कर किया ऐलान :** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) के पूर्वी रीजनल ब्यूरो के प्रवक्ता संकेत ने प्रेस रिलीज जारी कर बंद का एलान किया है। रिलीज में बताया गया है कि विवेक सहित हमारे आठ माओवादियों की हत्या और ऑपरेशन कगार के तहत जारी फासीवादी और दमन के विरोध में 3 अगस्त 2025 को एक दिवसीय बिहार, झारखंड, उत्तरी छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और असम बंद को सफल करें।




**जगह-जगह आयोजित होगी स्मृति सभा :** नक्सलियों ने बंद का एलान तो किया ही है। साथ ही साथ अपने मृत समर्थकों और नक्सली कैडरों की याद में पूरे देश में स्मृति सभा आयोजित करने की बात कही है। इसके लिए जगह-जगह अपने अंडरग्राउंड समर्थकों को बैठक करने का भी निर्देश दिया गया है।

www.epaper.azadsipahi.in

21 जुलाई, 2025
श्रावण, कृष्ण पक्ष, एकादशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
सोमवार, वर्ष 10, अंक 271

चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर डैम बनाना शुरू किया



# दूसरी सोमवारी आज: देवघर में 2.5 लाख श्रद्धालु करेंगे जलाभिषेक

### 9 दिनों में 12 लाख श्रद्धालुओं ने की पूजा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**देवघर।** सावन की दूसरी सोमवारी आज है। देवघर में करीब 2.5 लाख से अधिक कांवरियों के जल चढ़ाने की संभावना है। रविवार की सुबह सुल्तानगंज से एक लाख डाक बम ने जल भरा है। ये सभी सोमवार को बाबा बैद्यनाथ का जलाभिषेक करेंगे। सुल्तानगंज से देवघर पैदल जाने के दौरान श्रद्धालु महाकाल की पालकी तो कहीं शिव के वेश में दिखे। वहीं, कांवरिया नाचते गाते झूमते कांवर यात्रा कर रहे हैं। रविवार सुबह से ही बारिश हो रही है। बारिश में भींगते हुए कांवरिए मंदिर की ओर बढ़े। भागलपुर, मुंगेर और बांका और देवघर जिला प्रशासन ने बारिश को देखते हुए विशेष इंतजाम किये हैं। मंदिर परिसर और कांवरिया पथ पर टेंट लगाये गये हैं, ताकि श्रद्धालु बारिश से बच सकें। इसके बावजूद कई कांवरिए बारिश में भींगने का आनंद ले रहे हैं। श्रद्धालुों ने कहा कि बारिश हो या धूप, बाबा का आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ है। यह बारिश तो भोलेनाथ की कृपा है। हम तो नाचते-गाते जल चढ़ाने जायेंगे।

**डाक बम और कांवरियों का उत्साह :** रविवार को करीब 1 लाख डाक बम जल लेकर देवघर के लिए निकले हैं। रविवार को करीब दो लाख लोगों ने जल उठाया। डाक बम वे श्रद्धालु हैं, जो सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर 24 घंटे के अंदर देवघर पहुंचते हैं। ये भक्त अपनी यात्रा को एक अनुष्ठान की तरह पूरा करते हैं, जिसमें वे बिना रुके, भक्ति में लीन होकर मंदिर तक पहुंचते हैं।

देवघर में सावन मेले की तैयारियां इस बार हाइटेक और व्यवस्थित हैं। जिला प्रशासन ने 319 पारा मेडिकल कर्मियों और 19 एंबुलेंस की तैनाती की है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तुरंत चिकित्सा सुविधा उपलब्ध हो। मंदिर परिसर में सुरक्षा के लिए AI कैमरों का उपयोग किया जा रहा है, जो भीड़ प्रबंधन और सुरक्षा निगरानी में मदद कर रहे हैं।

### हफ्ते में 5 दिन शीघ्र दर्शनम

इस बार श्रावणी मेले के दौरान मंदिर के नियमों में कुछ बदलाव किये गये हैं। सप्ताह में केवल पांच दिन ही श्रद्धालु शीघ्र दर्शनम कर सकेंगे। यह बदलाव भीड़ प्रबंधन और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया गया है। रास्ते में कई स्थानों पर सामाजिक संगठनों, स्थानीय लोगों और स्वयंसेवी संस्थाओं द्वारा सेवा शिविर लगाये गये हैं। कहीं नींबू-पानी और ग्लूकोज का इंतजाम है, तो कहीं डॉक्टरों की टीम प्राथमिक उपचार दे रही है।

## संसद का मानसून सत्र आज से, हुई सर्वदलीय बैठक

# विपक्ष उठायेगा पहलगाम और सीजफायर का मुद्दा

## सत्ता पक्ष बोला- सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार

- 21 अगस्त तक चलेगा सत्र, सरकार आठ विधेयक पेश करेगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** संसद का मानसून सत्र सोमवार से शुरू हो रहा। इससे पहले रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने कहा कि इस सत्र में हम पहलगाम हमले, सीमाओं पर संघर्ष, ट्रंप का सीजफायर दावा, बिहार में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) जैसे मुद्दों को उठायेंगे। प्रधानमंत्री सरकार के प्रमुख होते हैं, उनकी नैतिक जिम्मेदारी है कि वे संसद के जरिये इन मुद्दों पर देश को जानकारी दें। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन चलाना सभी की जिम्मेदारी है। सरकार सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार है। साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के ऑपरेशन सिंदूर पर किये दावों पर भी उचित जवाब देगी।

**सरकार मानसून सत्र में 8 बिल पेश करेगी:** केंद्र सरकार मानसून सत्र में आठ विधेयक (बिल) पेश करने जा रही है। इनमें देश की भू-विरासत और पुराने अवशेषों की सुरक्षा से जुड़ा एक अहम बिल भी शामिल है। जो विधेयक लाये जायेंगे, उनमें राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक, और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक प्रमुख हैं।



### डेढ़ घंटे से ज्यादा चली बैठक

बैठक केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में डेढ़ घंटे से ज्यादा चली। इसमें कई वरिष्ठ मंत्री, एनडीए और विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे। मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान सरकार कई महत्वपूर्ण बिलों पर चर्चा और पास करने का काम करेगी।

### जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग पर पक्ष विपक्ष दोनों सहमत

केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि जस्टिस वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए 100 से ज्यादा सांसदों ने दस्तखत किये हैं। जस्टिस वर्मा अपने घर पर जली हुई नकदी मिलने के बाद से मुश्किल में हैं। मानसून सत्र में इस मुद्दे पर सरकार विचार करेगी या नहीं, इस पर रिजिजू बोले कि यह प्रक्रिया सभी दल मिल कर करेंगे। यह अकेले सरकार का काम नहीं है।

# सूचना आयुक्तों के सभी खाली पद जल्द भरे जायेंगे

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्मिक विभाग को दिया निर्देश

### सुप्रीम कोर्ट और झारखंड हाइकोर्ट ने नियुक्ति का दिया था आदेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** झारखंड में सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बड़ी खबर है। जहां इनकी नियुक्ति के लिए फिर से आवेदन आमंत्रित किये जायेंगे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कार्मिक विभाग को इससे जुड़े निर्देश दे दिये हैं। बता दें कि पिछले साल जून 2024 में राज्य सरकार की ओर से मुख्य सुचना आयुक्त और 6 सुचना आयुक्तों के पद के लिए आवेदन मांगे गये थे, लेकिन अब तक इसकी प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस नियुक्ति के लिए झारखंड हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी राज्य सरकार को कार्रवाई तेज करने के निर्देश दिये हैं। राज्य सुचना आयोग में एक मुख्य सुचना आयुक्त और 6 सुचना आयुक्तों के पद खाली हैं।



**8 मई 2020 से आयोग में सुनवाई है बंद :** राज्य में मुक्य सूचना आयुक्त और सूचना आयुक्त के नहीं होने से सुनवाी पर आसर पड़ रहा है। आयोग में 8 मई 2020 से अपील और शिकायतों पर सुनवाई पूरी तरह से बंद है। उस समय तक आयोग में लगभग 7,669 अपील और 71 शिकायतें लंबित थीं।

### 20 हजार से अधिक मामले पेंडिंग हैं

आयुक्तों के पद खाली होने के बाद से अब तक आयोग में 12,000 नयी अपील और 298 शिकायतें और दर्ज की जा चुकी हैं। इन सभी मामलों पर भी कोई सुनवाई नहीं हो पायी है। कुल मिला कर, 20,038 मामलों की सुनवाई अभी रुकी हुई है, जिससे आम लोगों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। उम्मीद है कि नयी आवेदन प्रक्रिया से ये नियुक्तियां जल्द पूरी होंगी और आयोग का काम फिर से शुरू हो पायेगा।

## आजसू के केंद्रीय महासचिव विजय कुमार ने पार्टी से दिया इस्तीफा

### पार्टी प्रमुख सुदेश महतो को लिखा पत्र

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की क्षेत्रीय पार्टी आजसू को एक और बड़ा झटका लगा है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव और मांडू विधानसभा के प्रभारी विजय कुमार साहू ने अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता भी छोड़ दी है। अपने त्यागपत्र में विजय साहू ने सुदेश महतो को लिखे पत्र में कहा है कि वे जिन उद्देश्यों और आदर्शों को लेकर आजसू में शामिल हुए थे,



अब वे पार्टी में स्पष्ट रूप से नजर नहीं आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कई अहम मुद्दों पर पार्टी का रुख असमंजस भरा रहता है, जिससे वे आहत हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने अब तक जो भी जिम्मेदारियां पार्टी की ओर से मिलीं, उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाया है। मौजूदा हालात में उनके लिए पार्टी के साथ बने रहना संभव नहीं है।


# सऊदी अरब के स्लीपिंग प्रिंस अल वलीद का निधन

### 15 साल की उम्र में लंदन में हुआ था दुर्घटना एक्सीडेंट, 20 साल से कोमा में थे

**एजेंसी**

**रियाद।** सऊदी अरब के प्रिंस अल वलीद बिन खालिद बिन तलाल अल सऊद का शनिवार को निधन हो गया। वे पिछले 20 साल से कोमा में थे। उन्हें स्लीपिंग प्रिंस (सोते हुए राजकुमार) के नाम से जाना जाता था। प्रिंस अल वलीद सऊदी अरब के राजपरिवार के वरिष्ठ सदस्य प्रिंस खालिद बिन तलाल के बेटे और अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल के भतीजे थे। उनका जन्म अप्रैल 1990 में हुआ था। साल 2005 में, लंदन में मिलिट्री ट्रेनिंग के दौरान उनका भयानक सड़क हादसा हुआ। इस एक्सीडेंट में उन्हें गंभीर ब्रेन इंजरी और इंटरनल ब्लीडिंग हुई। इसके बाद से वे कोमा में चले गये।

**परिवार ने हार नहीं मानी, इलाज जारी रखा:** सऊदी सरकार ने प्रिंस के इलाज के लिए अमेरिका और स्पेन से विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम बुलायी। हालांकि वे कभी पूरी तरह होश में नहीं आये। बीच-बीच में उनके शरीर में हलचल दिखती थी, जिससे परिवार को उम्मीद बंधती रही। डॉक्टरों ने उन्हें मेडिकल रूप से अचेत और बिना होश वाला घोषित कर दिया था। उन्हें रियाद के महल में एक स्पेशल रूम में रखा गया था। यहां 24 घंटे डॉक्टर, नर्स और मेडिकल सपोर्ट मौजूद रहता था।



### सोशल मीडिया पर अक्सर चर्चा में बने रहते थे

प्रिंस अल वलीद की हालत पर समय-समय पर वीडियो सामने आते थे। इनमें उनके हाथ या पलकों की हलचल देखी जाती थी। इससे लोगों को उम्मीद बंधती थी कि शायद एक दिन वे होश में आ जाएं। सोशल मीडिया पर उन्हें लेकर स्लीपिंग प्रिंस जैसे हैशटैग ट्रेंड करते थे।

# फ्लाइट पकड़ने की जल्दबाजी में पत्नी को ही भूले मंत्री शिवराज सिंह

### काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट निकले, रास्ते से लौटे, फिर साथ ले गये

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जूनागढ़।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को जूनागढ़ में एक दिलचस्प जल्दबाजी कर बैठे। वे पत्नी साधना सिंह को छोड़कर 22 गाड़ियों के काफिले के साथ जूनागढ़ से राजकोट की ओर रवाना हो गये। एक किलोमीटर दूर पहुंचे ही थे कि ख्याल आया कि पत्नी तो साथ में हैं ही नहीं। इसके बाद काफिला तुरंत यू-टर्न लेकर मूंगफली शोध केंद्र लौटा, जहां साधना सिंह वेटिंग रूम में बैठी थीं।

**धार्मिक और सरकारी दौरे पर थे शिवराज सिंह :** दरअसल, शिवराज सिंह अपनी पत्नी के साथ गुजरात के धार्मिक और सरकारी दौरे पर थे। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग और गिर के सिंहदर्शन के बाद शनिवार को मूंगफली शोध केंद्र में किसानों और 'लखपति दीदी' योजना से जुड़ी महिलाओं से संवाद कार्यक्रम था। उन्हें रात 8 बजे राजकोट से फ्लाइट पकड़नी थी और रास्ता खराब होने के कारण वे हड़बड़ी में थे। कार्यक्रम के मंच पर बार-बार घड़ी देखते रहे। खुद माइक से कहा कि राजकोट का रास्ता खराब है, अगली बार फुर्सत से आऊंगा। उन्होंने भाषण छोटा किया और तेजी से काफिले के साथ निकल गये। उधर, साधना गिरनार दर्शन के बाद लौट चुकी थीं और प्रतीक्षालय में बैठी थीं। शिवराज को ख्याल आया कि पत्नी तो साथ में हैं नहीं। फिर फोन पर संपर्क साधा। इसके बाद काफिले संग लौटे और पत्नी को लेकर राजकोट निकले।



### सासन-देवलिया सफारी पार्क घूमे शिवराज-साधना

इससे पहले केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पत्नी साधना सिंह के साथ सासन-देवलिया सफारी पार्क घूमा था। उन्होंने कहा था कि सासन में हमने प्रकृति के राज को देखा। गिर की प्राकृतिक सुंदरता वाकई अद्भुत है। सफारी की पूरी अवधारणा और योजना अद्भुत है। यह सफारी अनुभव के अलग-अलग रंग प्रदान करती है। आप जंगल के राजा एशियाई शेर को उसके प्राकृतिक आवास में आसानी से देख सकते हैं। साथ ही उन्होंने कहा था कि आज सावन के महीने में मुझे सोमनाथ के दर्शन करने का सौभाग्य मिला और जूनागढ़ जिले के खेतों में किसानों से भी मिला है।

# प्रधानमंत्री 23-24 जुलाई को ब्रिटेन के दौरे पर जायेंगे

### मालदीव के आजादी महोत्सव में भी होंगे शामिल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23-24 जुलाई को ब्रिटेन के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। यह प्रधानमंत्री की ब्रिटेन की चौथी आधिकारिक यात्रा होगी। ब्रिटेन के बाद मोदी मालदीव की आधिकारिक यात्रा पर जायेंगे, जो 25-26 जुलाई, 2025 तक होगी। प्रधानमंत्री मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मोइज्जु के आमंत्रण पर मालदीव जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की यह मालदीव की तीसरी यात्रा होगी। मोदी की यह मालदीव यात्रा, मालदीव में राष्ट्रपति मोइज्जु के सत्ता संभालने के बाद पहली बार किसी विदेशी राष्ट्राध्यक्ष का दौरा होगा।

**रणनीतिक सहयोग बढ़ाने पर होगी बात:** ब्रिटेन दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विभिन्न मुद्दों पर प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से चर्चा करेंगे। क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी दोनों नेताओं के बीच बात होगी। वे किंग चार्ल्स से भी मुलाकात कर सकते हैं। दोनों देश व्यापक रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर भी चर्चा करेंगे।



### मालदीव में मुख्य अतिथि होंगे मोदी

प्रधानमंत्री 26 जुलाई को मालदीव के 60वें स्वतंत्रता दिवस में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वे मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जु के साथ विभिन्न मुद्दों पर द्विपक्षीय चर्चा भी करेंगे। दोनों नेता भारत-मालदीव के बीच संयुक्त आर्थिक और मेरीटाइम सुरक्षा समझौते पर प्रगति की भी समीक्षा करेंगे। अक्तूबर 2024 में जब मोहम्मद मोइज्जु ने भारत का दौरा किया था, उस समय दोनों देशों के बीच इस समझौते पर सहमति बनी थी।

SACRED CHILD ACADEMY
PLAY SCHOOL
Pre Nursery | KG - I
Nursery | KG - II
ADMISSION OPEN
Tiril Road, Kokar, Ranchi
9661169815

FLORENCE GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

Euro Kids Pre-School
EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
CBSE PATTERN
Play Group | Nursery | Euro Jonior (LKG) | Euro Senior (UKG)
AGE GROUP 1.8 TO 6 YEARS
OFFERS YOU
Class 1 | Class 2 | Class 3 | Class 4 | Class 5
आपके बच्चों को दे सही शुरूआत
ADMISSION OPEN
KOKAR RIMS ROAD, TUNKI TOLA, RANCHI
7903079507, 8092334348









बनहोरा स्थित अपने पैतृक गांव में रोपा के लिए हल चलाते हुए पूर्व मंत्री बंधु तिर्की।

# खराबी आने से दिल्ली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट रद्द, रांची एयरपोर्ट पर यात्रियों का हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दिल्ली जाने वाले एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक विमान में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण फ्लाइट रद्द कर दी गयी। इससे रांची एयरपोर्ट पर अफरा-तफरी मच गयी। उड़ान के समय में बदलाव को यात्रियों ने हंगामा किया। एयरपोर्ट के निदेशक आरआर मौर्य ने बताया कि रांची से उड़ान भरने से पहले एयर इंडिया एक्सप्रेस 1200 विमान की जांच में तकनीकी खराबी का पता चला। इसके बाद विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया। उन्होंने कहा कि कुछ यात्रियों को दूसरी उड़ानों में जगह दी गयी, जबकि कई अन्य के टिकट रद्द कर दिये गये। कुछ यात्रियों के टिकट सोमवार के लिए रीशेड्यूल किये गये हैं।

इस फ्लाइट से झारखंड के 4 सांसदों को सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली जाना था। विमान में 180 यात्री और 6 क्रू मेंबर सवार थे। सांसद प्रदीप वर्मा ने बताया कि विमान दिल्ली से रांची अपने निर्धारित समय शाम 4:52 बजे आया। इसके बाद सभी यात्रियों को एक-एक कर विमान में बैठाया गया, लेकिन विमान की जांच के क्रम में कुछ तकनीकी खराबी की



जानकारी मिली। इसके बाद एयरलाइंस की ओर से बताया गया कि विमान विलंब से उड़ान भरेगा। करीब 1:30 घंटे तक विमान में आयी तकनीकी खराबी को दुरुस्त करने की कोशिश की गयी, लेकिन इसके बाद विमान को ग्राउंडेड घोषित कर दिया गया।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के अधिकारियों ने कुछ यात्रियों को रांची से कोलकाता के रास्ते दिल्ली जाने का विकल्प दिया। कुछ यात्रियों के साथ-साथ सांसद आदित्य साहू और प्रदीप वर्मा ने इस विकल्प को चुना। वे लोग कोलकाता के रास्ते दिल्ली रवाना हो गये, जबकि दो और सांसद कालीचरण सिंह मुंडा और विद्युत वरण महतो ने सोमवार को सुबह दिल्ली जाने की योजना बनायी।

इधर, एयरलाइंस के अधिकारी ने कहा कि तकनीकी खराबी दुरुस्त नहीं हो पायी। इसलिए सोमवार को दिल्ली से कुछ पार्ट्स मंगाये गये हैं। तकनीकी खराबी को दूर करने के बाद ही विमान को दिल्ली भेजा जायेगा। एक यात्री फैज अनवर ने कहा कि हम शाम लगभग 5.20 बजे फ्लाइट में सवार हुए। हमने 7 बजे तक उड़ान का इंतजार किया, लेकिन तभी बिना कोई कारण बताये हमें उतरने के लिए कह दिया गया। उन्होंने आगे कहा- मुझे कल दिल्ली में एक जरूरी मिटिंग में शामिल होना है। वे मेरी उड़ान का समय बदलने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने दावा किया कि कई यात्रियों को दिल्ली से यूके, अमेरिका और दक्षिण अफ्रीका जाने वाली कनेक्टिंग अंतरराष्ट्रीय उड़ानें पकड़नी थीं लेकिन उनकी अपील कोई सुनने वाला नहीं था।

## पहाड़ी मंदिर में बाबा का अद्भुत श्रृंगार, भस्म आरती की गयी

# ॐ नमः शिवाय, सावरा मेरा सावरा...

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रावण मास के दूसरे रविवार को रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति द्वारा उज्जैन की तरह पहाड़ी मंदिर स्थित महाकाल मंदिर परिसर में बाबा का अद्भुत रौद्र रूप में श्रृंगार किया गया। इसके बाद बाबा की भव्य आरती की गयी और आरती के बाद उज्जैन की तर्ज पर भस्म आरती हुई। इसके पश्चात भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर भोले की फौज द्वारा भव्य कीर्तन का आयोजन किया गया। भक्त सिंदूर चढ़ाने पर हर काम होता है... हनुमान को खुश करना आसान होता है... शिव डमरू वाले का दरबार निराला है... जो चढ़ाये गंगा जल वो किस्मत वाला है... ॐ नमः शिवाय, सावरा मेरा सावरा... जैसे भजनों की गंगा बही एवं भक्त झूमते रहे। भक्तों का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर में रात्रि 9



तक भक्तों का मंदिर में आने का तांता लगा रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जितेंद्र प्रसाद, राजकुमार शर्मा, राजेश गाड़ोदिया, सौरभ चौधरी, राजेश यादव की विशेष भूमिका रही। बाबा के श्रृंगार करने में रौनक, अंकित, अभय, आशुतोष, रितेश, पीयूष, हिमांशु, विकास यादव की विशेष भूमिका रही। बाबा महाकाल की भस्म आरती जितेंद्र प्रसाद, राजकुमार शर्मा, विकाश यादव, मंटू नाथ पाल, और मंदिर के पुजारी मनोज पांडे और सुबोध पांडेय ने की। भजन में राजेश यादव, राजेश अग्रवाल, तिलेंद्र मेहता, आशुतोष अग्रवाल की भूमिका रही। रांची सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह सचिव पहाड़ी मंदिर विकास समिति उत्कर्ष कुमार ने समस्त रांची वासियों को श्रावण की बधाई दी।

# शराब दुकानों में छापा, एमआरपी से ज्यादा वसूली पर सात गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी में शराब दुकानों में मनमानी कीमत वसूली के खिलाफ उत्पाद विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। उत्पाद आयुक्त रवि शंकर शुक्ला के नेतृत्व में दो टीमों ने पंडरा और मोरहाबादी इलाके की शराब दुकानों पर औचक निरीक्षण किया, जहां दो दुकानों में एमआरपी से अधिक पैसे लिए जाने की पुष्टि हुई। दोनों दुकानों को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया, जबकि सात सेल्समैनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

**पंडरा में पियून को भेज कर कराई खरीद, चार गिरफ्तार :** पंडरा क्षेत्र की दुकान संख्या 6 पर उत्पाद आयुक्त ने खुद के पियून को ग्राहक बनाकर भेजा। जब सेल्समैन ने तय एमआरपी से अधिक राशि ली, तो उत्पाद आयुक्त ने मौके पर ही कार्रवाई करते हुए चार लोगों मनोज कुमार,



अनूप कुमार, भीम कुमार गुप्ता और पंकज कुमार झ को गिरफ्तार करवाया। इन सभी को सुखदेव नगर थाने को सौंपा गया। मौके पर मौजूद अन्य ग्राहकों ने भी अधिक वसूली की शिकायत की। इसके बाद दुकान को अगले आदेश तक बंद कर दिया गया।

**मोरहाबादी में तीन लोग हिरासत में :** वहीं, दूसरी टीम मोरहाबादी स्थित दो दुकान पर पहुंची। इनमें से एक दुकान में एमआरपी के अनुसार शराब बेची जा रही थी, जबकि दूसरी दुकान में ज्यादा वसूली हो रही थी। यहां प्रभात रंजन सिंह, विजय कुमार और निखिल कुमार साह को हिरासत में लिया गया। इन दुकानों को भी सील कर दिया गया है।

## फ्रांस के रोटरी क्लब का प्रतिनिधिमंडल पहुंचा रांची

# रोटरी रांची के साथ मिल ग्रामीण बालिकाओं को करेगा सशक्त



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोटरी क्लब ऑफ कांसेड मिडी क्वेर्सी, फ्रांस का एक प्रतिनिधिमंडल रांची पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल का स्वागत रोटरी क्लब ऑफ रांची के अध्यक्ष अमित अग्रवाल एवं क्लब के सदस्यों ने किया। इसके बाद फ्रांस के रोटरी क्लब और रोटरी क्लब रांची के साथ बैठक हुई। फ्रांसीसी प्रतिनिधियों ने बताया कि इस अभियान के लिए वित्तीय सहायता रोटरी फांउडेशन से जुटाई जायेगी, जिसमें रांची क्लब का सक्रिय सहयोग अपेक्षित है। रांची क्लब ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए एक सदस्यीय दल रूक्का गांव जा कर छात्राओं से मिला। वहां के छात्राओं से मिल कर भविष्य की योजनाओं पर काम करने का निर्णय लिया। अमित अग्रवाल ने कहा कि यह सहभागिता न केवल अंतरराष्ट्रीय रोटरी संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि ग्रामीण भारत की बेटियों को सशक्त बनाने की दिशा में एक अनुकरणीय पहल के रूप में स्थापित होगी।

इस अवसर पर रांची क्लब की ओर से अध्यक्ष अमित अग्रवाल, सचिव भावना तनेजा, उपाध्यक्ष शालिनी सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी, रेखा सिंह, मुकेश तनेजा, सुमित अग्रवाल, दीपक श्रीवास्तव, डॉ विनय ढानढनिया, अजय जैन, जसदीप सिंह, रोहन सूद एवं गुरबीर सिंह उपस्थित थे।

# श्री राधा-कृष्ण मंदिर में श्रद्धालुओं में अन्नपूर्णा महाप्रसाद का वितरण

### भजन-कीर्तन में भक्तगण घंटों झूमते रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रीकृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में रविवार को 218वां श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद का आयोजन किया गया। महाप्रसाद श्रीकृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के सदस्य कुसुम पोद्दार, उनके पुत्र दीपक पोद्दार, पुत्री श्रद्धा अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से 101 किलो दूध का केसरिया खीर का महाप्रसाद श्रद्धालुओं के बीच वितरित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाया गया। तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच



महाप्रसाद का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायकों ने कृष्ण दरबार में मनमोहक भजनों से भक्तों को अमृत गंगा का रसपान कराते हुए खूब झुमाया। श्री राधा कृष्ण के जयकारा एवं भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया तथा भक्तगण भक्ति रस में डूब गये। इसके बाद सामूहिक रूप से महाआरती की गयी। इस अवसर पर-डुंगरमल अग्रवाल, निर्मल जालान, मनोज कुमार चौधरी, सज्जन पाडिया, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, सुनील पोद्दार, शिवभगवान अग्रवाल, पूरणमल सर्राफ, नंद किशोर चौधरी, विशाल जालान, अंजनी अग्रवाल, बिष्णु सोनी, विजय कुमार अग्रवाल, मुरली प्रसाद, चंद्रदीप साहू, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा, महेश वर्मा, संतोष देवी अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, उर्मिला पाडिया सहित काफी श्रद्धालु उपस्थित थे।

## समाजसेवी मुकेश नायक ने दुर्गा मंदिर के लिए एक डिसमिल जमीन दान की, भूमि पूजन आज



**रांची (आजाद सिपाही)।** समाजसेवी मुकेश नायक ने अपने जन्म दिन पर अपने समाज के लोगों के लिए मंदिर निर्माण हेतु अपने जमीन का एक हिस्सा दान में देकर मनवता का परिचय दिया। तुपुदाना के डुंगरी मौजा में 1 डिसमिस, जिसमें दुर्गा मंदिर बनेगा। सोमवार को भूमि पूजन किया जायेगा। रविवार को मुकेश नायक रांची के पुंदाग में राधे-कृष्ण मंदिर में पूरे परिवार के साथ दर्शन करके आशिर्वाद लिया। इस मौके पर धासी नायक समाज युवा कल्याण संगठन झारखंड प्रदेश अध्यक्ष टाइगर संदीप नायक और उनके पूरे टीम के तरफ से केक काट कर शुभकामनाएं दी और उन्हें बधाई दी। मौके पर कांग्रेस युवा नेता शिवरतन नायक और संजय लोहरा ने भी शुभकामना दी।

# श्री श्याम मंदिर में विराजमान शिवलिंग का विधि-विधान से हुआ महारुद्राभिषेक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्रावण अधिकमास के अवसर पर अग्रसेन पथ स्थित श्री श्याम मंदिर में सोमवार को विराजमान शिवलिंग का विधि विधान से महारुद्राभिषेक किया गया। इस अवसर पर भोले बाबा के सभागृह को मनभावन स्वरूप प्रदान किया गया। पूरे शिव परिवार का भव्य श्रृंगार किया गया।



मंडल के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश बागला ने स्वस्तिक संकल्प पूजन कराया। इस रूद्राभिषेक का कार्यक्रम प्रधान आचार्य पंडित श्याम सुंदर भारद्वाज के दिशा निर्देशन में हुआ। इस अवसर बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरुष शिव भक्ति में लीन हो मंदिर परिसर में उपस्थित थे। क्रमवार मंडल के सभी सदस्य एवं उपस्थित भक्तजन ने रूद्राभिषेक में भाग लिया। उपस्थित भक्तजनों द्वारा ॐ नमः शिवाय के जाप से पूरा मंदिर परिसर शिव मय हो उठा। रूद्राभिषेक संपन्न होने पर भोले बाबा की महाआरती की गयी। प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में धीरज बंका, राजेश सारस्वत, विवेक ढांढनियां, प्रदीप अग्रवाल, विकाश पाडिया, महेश सारस्वत, प्रियांश पोद्दार, राजेश सारस्वत, नितेश लखोटिया का सहयोग रहा।

# राजद नेत्री रानी कुमारी ने श्रम मंत्री संजय सिंह यादव को सौंपा ज्ञापन

### लगाया झारखंडी के मजदूरों के शोषण करने का आरोप



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (महिला प्रकोष्ठ) की पूर्व अध्यक्ष व राजद की वरिष्ठ नेत्री रानी कुमारी ने श्रम मंत्री संजय प्रसाद यादव को एक ज्ञापन सौंप कर निजी क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट/कुरियर कंपनी सेफ एक्सप्रेस में डेली वेजेज पर कार्यरत मजदूरों को न्याय दिलाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि सेफ एक्सप्रेस कंपनी द्वारा श्रम कानूनों का उल्लंघन करते हुए मजदूरों के साथ अन्याय किया जा रहा है। झारखंड के मजदूरों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। रानी कुमारी ने कहा कि झारखंड के अलावा अन्य राज्यों के मजदूरों को अधिक पारिश्रमिक दिया जा रहा है। झारखंडी मजदूरों से 12 घंटे हाड़तोड़ काम लेकर समुचित मेहनताना भी नहीं दी जा रही है। कंपनी द्वारा मजदूरों को भविष्य निधि, कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदि की सुविधाएं नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि झारखंड में सेफ एक्सप्रेस कंपनी अपना नेटवर्क फैला रही है, लेकिन यहां अन्य राज्यों के ठेकेदारों को ठेका दिया गया है। ठेकेदार श्रम कानूनों की धज्जियां उड़ाते हुए झारखंडी श्रमिकों का शोषण कर रहे हैं। उन्होंने श्रम मंत्री से मामले में हस्तक्षेप कर झारखंडी मजदूरों को न्याय दिलाने का अनुरोध किया है।

# बाइसी प्रथा के बिना कुड़मी के लिए काला कानून साबित होगा पेसा एक्ट : शीतल ओहदार



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** कुड़मी/कुरमी समाज के अगुआ शीतल ओहदार की अध्यक्षता में टोटेमिक कुड़मी/कुरमी विकास मोर्चा के बैनर तले पंचायती राज व्यवस्था पेसा कानून-1996 पर परिचर्चा का आयोजन पुराना विधानसभा सभागार धुर्वा रांची में किया गया। परिचर्चा में कुड़मी समाज के वरिष्ठ बुद्धिजीवि पूर्व जैक अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार महतो, रांची विश्वविद्यालय के पूर्व रजिस्ट्रार सह वाणिज्य विभाग के डीन डॉ अमर कुमार चौधरी, रजिस्ट्रार डॉ मुकुंद चंद मेहता, झारखंड उच्च न्यायालय के अधिवक्ता श्री षष्ठी रंजन महतो सहित दर्जनों अधिवक्ता और प्रोफेसर ने अपना बात रखी।

परिचर्चा में निर्णय लिया गया कि कुड़मी जनजाति पेसा कानून का समर्थन करती है, किंतु कुड़मी जनजाति के रूढ़ी परंपरा बाईसी प्रथा शामिल किये बिना झारखंड में पेसा एक्ट लागू करना कुड़मियों के साथ घोर अन्याय होगा। यदि हमारी रूढ़ी परंपरा को जोड़े बिना यह कानून लागू किया गया, तो झारखंड के अनुसूचित क्षेत्र में निवास करने वाले कुड़मी जनजाति के लिए यह काला कानून साबित होगा।

इस परिचर्चा में शामिल सभी लोगों को झारखंड सरकार द्वारा ड्राफ्टिंग पेसा कानून की प्रतिलिपि बांटी गयी। सर्वसम्मति से 31 सदस्यीय टीम बनायी गयी, जो कुड़मी रूढ़ी व्यवस्था बाईसी प्रथा का लिखित रूप राज्यपाल झारखंड एवं पंचायती राज मंत्री दीपिका पांडे सिंह और मुख्यमंत्री झारखंड सरकार के साथ मिलकर मांग पत्र सौंपेंगे।

परिचर्चा में कुड़मी समाज के युवाओं, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से आह्वान किया कि गांव-गांव जाकर पेसा के नफा-नुकसान के बारे में जानकारी दें। परिचर्चा में सखीचंद महतो, सुषमा महतो, सपन कुमार महतो, थानेश्वर महतो, राजेंद्र महतो, संजय लाल महतो, मुरलीधर महतो, जयंती देवी, रघुनाथ महतो, रामपोदो महतो, कुमार ऋषि, सोनालाल महतो, संदीप महतो, अधिवक्ता मिथलेश महतो, रचिया महतो, राजकुमार महतो, रूपलाल महतो, प्रदीप महतो, किरण महतो, सोमा महतो, अनिल महतो, रवंती देवी, रविता देवी, फुल्को देवी, ललित मोहन महतो, हेमलाल महतो, मदन मोहन महतो, सावित्री देवी, सरधु महतो, कपिल देव महतो समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# ऑटो और ई-रिक्शा के लिए रूट निर्धारित होगा, मिलेगी जाम से मुक्ति

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगर निगम क्षेत्र में ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन जल्द ही दुरुस्त किया जायेगा। नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव ने बताया कि ट्रैफिक को-आर्डिनेशन कमेटी की बैठक बुलायी जायेगी, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। वर्तमान में नगर निगम क्षेत्र के प्रमुख मार्गों पर ऑटो और ई-रिक्शा का परिचालन हो रहा है, जिसके कारण कई स्थानों पर जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। अगस्त 2024 में आरटीए द्वारा आटो के लिए 17 रूट निर्धारित किये गये थे, जबकि रांची नगर निगम ने ई-रिक्शा के लिए 113 रूट तय किये थे। पूर्व प्रशासक अमीत कुमार द्वारा घोषित रूटों के खिलाफ झारखंड प्रदेश सीएनजी आटो चालक महासंघ, रांची जिला आटो चालक यूनियन और रांची जिला ई-रिक्शा यूनियन ने तीन दिनों तक चक्का जाम किया था। यूनियन ने मांग की थी कि ऑटो के लिए निर्धारित रूटों पर रोक लगायी जाये और ई-रिक्शा के रूट को रद्द किया जाये।

## सेवा भारती महानगर रांची भाग-4 के श्रावण महोत्सव सह बोल संगम

# उत्कृष्ट प्रतिभागी किये गये पुरस्कृत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सेवा भारती,रांची भाग-4 के अंतर्गत चलने वाले बाल संस्कार केंद्रों के बच्चों का एक दिवसीय श्रावण महोत्सव सह संगम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इसमें बच्चों ने उत्सुकता से भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन दीप मंत्र सरस्वती वंदना के साथ किया गया। इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष चंद्रकांत रायपत महानगर सचिव श्याम टोरका, केके सर, डीएवी स्कूल गांधीनगर एवं भाग-4 के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, सचिव विनय लाल कोषाध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बाल संगम में बच्चों के बीच चित्रकला प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गयी एवं उत्कृष्ट प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। सेवा भारती के श्रावण महोत्सव सह बाल संगम में आये सभी बच्चों को पठन सामग्री भेंट की गयी।



इस अवसर पर मुख्य अतिथि नवीन जायसवाल हटिया विधायक ने कहा कि सेवा भारती के माध्यम से सेवा बस्तियों में संचालित बाल संस्कार केंद्र संस्कार का वातावरण बनाने का अतुलनीय कार्य किया जा रहा है। साथ ही वरिष्ठ अतिथि निर्मल कौर पूर्व आइपीएस कहा कि कार्यों में लगे कार्यकर्ताओं एवं समाज का योगदान सराहनीय है। बच्चों के बाल मन में ही कुशल व्यवहार, संस्कारों का बीजारोपण से कर्तव्यनिष्ठ नागरिक का नवनिर्माण किया जा रहा है।

सेवा भारती, रांची महानगर भाग-4 के सचिव विनय लाल ने कहा कि श्रावण महोत्सव एवं बाल संगम में बस्ती की मस्ती का आनंददायक कार्यक्रम में शामिल बच्चों ने खूब मस्ती की। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों की प्रतिभाओं को निखारने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर सेवा भारती के गुरु शरण प्रसाद, महानगर भाग-4 के अध्यक्ष उमाशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष, सचिव, मुरारी शर्मा, मीडिया प्रभारी सौरभ कुमार, मनोज कुमार एवं माधव नगर, केशव नगर, बिरसा नगर के सभी शिक्षिकाएं एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे कार्यक्रम का संचालन अंजना झा ने किया। श्याम टोरका ने धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 30.0 °c | 24.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.36 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.14 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 21 जुलाई, 2025
www.azadsipahi.in



# पुस्तक विमोचन सह युवा प्रेरणा कार्यक्रम में दो युवा लेखकों की नवीन पुस्तकों का हुआ विमोचन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पुस्तक विमोचन सह युवा प्रेरणा कार्यक्रम में रविवार को दो युवा लेखकों की नवीन पुस्तकों विमोचन हुआ। यह कार्यक्रम गीतांजलि बैंक्विट हॉल चिरौंदी में संपन्न हुआ। इट इज वाट इट इज के लेखक आकाश दीप और इटस् द फलास के लेखक गगन दीप हैं। इन दोनों पुस्तकों का लोकार्पण मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के द्वारा हुआ। आकाश दीप और गगन दीप दोनों वर्तमान में टेक्सास टेक यूनिवर्सिटी अमेरिका में अध्ययनरत हैं। आकाश दीप गणितीय वित्त में पीएचडी शोधार्थी हैं, जबकि गगन दीप गणित में स्नातक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। दोनों भाई सरला बिरला स्कूल के पूर्ववर्ती छात्र हैं। शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ दोनों को दार्शनिक और सृजनात्मक लेखन में गहरी रुचि है और यह पुस्तक-लेखन उसी रचनात्मक जिज्ञासा का परिणाम है। इन्होंने मिल कर दीप एआइ फाइनेंस नामक एक स्टार्टअप की स्थापना की है। इसका उद्देश्य पारदर्शी और विवेचनात्मक एआइ आधारित वित्तीय उपकरणों का विकास करना है। यह किताब बेचैन मन के लिए इस डिजिटल युग में सत्य, बोध, चेतना की पहचान करती है। स्पष्टता, विनम्रता और गहन व्यक्तिगत चिंतन के साथ बौद्धिकता को उजागर करती है। युवा लेखक की लेखनी आज के युवाओं की सोच और सवालों को स्वर देती है। यह रचना सिखाती है कि खामियां होना ठीक है, और वास्तविक होना सुंदर है।







मुख्य अतिथि झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने कहा कि शिक्षा, चिंतन और जीवन-दृष्टि पर आधारित कई महत्वपूर्ण विचार है। एक विशेष क्षण में उन्होंने स्वामी विवेकानंद और रवींद्रनाथ ठाकुर के जीवन से प्रेरक प्रसंग साझा किया। इसने उपस्थित युवाओं और अभिभावकों को गहराई से प्रेरित किया। मंच पर विशिष्ट अतिथियों के रूप में पूर्व आइएस अनिल कुमार सिंह और राजीव रंजन अध्यक्ष झारखंड राज्य गौ सेवा आयोग, डीआइजी चंदन झा, सरला बिरला स्कूल के शिक्षकगण, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारीगण, स्थानीय साहित्यिक और शैक्षणिक समुदाय सहित अन्य मौजूद थे। वैष्णवी, आस्था आवाम, विनोद गोप का आयोजन को सफल बनाने में अहम योगदान रहा।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार के क्षेत्र में आप उन्नति के ओर अग्रसर होंगे। अधूरा कार्य पूरा होगा।

**वृष** रोग-शोक-दुःश्चिंताओं से छुटकारा मिलेगा। जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**मिथुन** गुप्त विरोधियों का षड्यंत्र विफल। माता पिता का सहयोग। प्रभावशाली व्यक्तियों से वांछित सहयोग मिलेगा।

**कर्क** गृहोपयोगी वस्तुओं का संचय करेंगे। भौतिक सुख-सुविधा की प्राप्ति। पारिवारिक वातावरण सुखमय होगा।

**सिंह** नई आशाओं का उदय होगा। धैर्य एवं साहस से सभी कार्य पूरे होंगे। दांपत्य जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा। संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे। प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास। षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है। परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी। उत्साह-उमंग भरा रहेगा। भ्रमण के साधन बनेंगे। नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें। कठिनाइयों पर विजय।

# इडी ने अवैध खनन के मामले में सैफुद्दीन का बयान कोर्ट में सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय ने साहिबगंज में अवैध खनन से जुड़े केस में दायर पांचवीं अभियोजन रिपोर्ट के साथ पुलिस अधिकारी सैफुद्दीन खान का बयान भी अदालत में पेश किया है। सैफुद्दीन वही अधिकारी हैं, जिन्होंने बरहरवा टोल विवाद से जुड़ी प्राथमिकी की जांच करते हुए तत्कालीन ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को महज 24 घंटे के भीतर क्लीन चिट दे दी थी।



सूत्रों के मुताबिक बरहरवा टोल के टेंडर को लेकर साल 2020 में प्राथमिकी संख्या 85/2020 दर्ज की गयी थी। इस केस में आलमगीर आलम, पंकज मिश्रा और अन्य को आरोपी बनाया गया था। जांच की जिम्मेदारी सैफुद्दीन खान को सौंपी गयी थी, जिन्होंने जल्दबाजी में जांच पूरी कर दोनों प्रमुख आरोपियों को दोषमुक्त करार दिया।

साहिबगंज में अवैध खनन की तहकीकात के दौरान इडी ने पाया कि खनिजों की आवाजाही के लिए बरहरवा टोल एक अहम मार्ग है। इसी कारण इडी ने टोल विवाद से जुड़ी प्राथमिकी को भी जांच के दायरे में शामिल किया, क्योंकि खनन से जुड़े लोगों द्वारा इस टोल को नियंत्रित करने की कोशिश की जा रही थी, ताकि अवैध खनिज आसानी से मुख्य सड़कों तक पहुंच सके। इडी की जांच में यह भी सामने आया कि आलमगीर आलम और पंकज मिश्रा को निर्दोष बताने के बाद पुलिस ने इसी प्राथमिकी में अन्य अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था। इस खुलासे के बाद इडी ने जांच से जुड़े पुलिस अफसरों को समन जारी कर पूछताछ शुरू की। हालांकि पुलिस की ओर से इस समन को अदालत में चुनौती दी गयी, यह तर्क देते हुए कि केंद्रीय एजेंसी राज्य पुलिस की जांच में दखल नहीं दे सकती। मगर न्यायालय से पुलिस को राहत नहीं मिली और आदेशानुसार संबंधित अधिकारियों को इडी के समक्ष पेश होना पड़ा।

# रांची एयरपोर्ट की बाउंड्री का 30 मीटर हिस्सा ढहा

**रांची (आजाद सिपाही)।** लगातार भारी बारिश के कारण बिरसा मुंडा हवाई अड्डे के दक्षिणी हिस्से की चारदीवारी का लगभग 30 मीटर हिस्सा रविवार सुबह ढह गया। स्थिति का तुरंत आकलन किया गया और हवाई अड्डे परिसर की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल उपाय किये गये। परिधि सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सीआइएसएफ कर्मियों को तैनात किया गया है और एहतियात के तौर पर प्रभावित हिस्से को अस्थायी रूप से बंद करके बैरिकेडिंग की जा रही है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने कहा कि हमने चारदीवारी को बहाल करने के लिए आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। महत्वपूर्ण बात यह है कि हवाई अड्डे के संचालन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है और सभी सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं। हमारे यात्रियों और सुविधाओं की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है और हम सभी परिस्थितियों में परिचालन उत्कृष्टता बनाये रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### प्रदेश कांग्रेस महासचिव आलोक दुबे ने लगाया आरोप

# बच्चों के आंसुओं पर भी राजनीति कर रही है भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** लातेहार के मिशनरी स्कूल में सामने आये यौन शोषण के मामले पर भाजपा द्वारा राज्य किए जा रहे हमले को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव आलोक कुमार दुबे ने शर्मनाक और दोहरे चरित्र वाली राजनीति करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा झारखंड में बच्चों के साथ हुए अपराध को लेकर जितनी सक्रिय दिख रही है, उतनी ही खामोशी उसने ओड़िशा और राजस्थान में बच्चों और छात्राओं पर हुए अमानवीय अपराधों पर बरती है। यह दर्शाता है कि भाजपा को बच्चों की सुरक्षा या न्याय से नहीं, बल्कि सिर्फ सत्ता की भूख और राजनीतिक लाभ से मतलब है।



आलोक दुबे ने बताया कि ओडिशा के बालासोर में एक बीएड छात्रा ने कॉलेज के विभागाध्यक्ष समीर साहू द्वारा यौन संबंध बनाने के दबाव और बार-बार उत्पीड़न से तंग आकर आत्मदाह कर लिया। छात्रा ने 20 जून को कॉलेज के प्रिंसिपल दिलीप घोष की मौजूदगी में विभागाध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी थी। यह मामला देश भर में सनसनीखेज है, लेकिन भाजपा ने एक शब्द नहीं बोला। न कोई विरोध, न कोई बयान और न ही किसी जांच की मांग। क्या ओड़िशा में एक मासूम छात्रा की ज लकर मौत भाजपा के नैतिकता के पैमाने में नहीं आती? इसी तरह राजस्थान के चित्तौड़गढ़ जिले में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक शंभू लाल धाकड़ पर 50 से ज्यादा नाबालिग छात्राओं के साथ यौन शोषण और अश्लील संदेश भेजने के गंभीर आरोप लगे हैं। बिहार में हाल ही में बाल यौन शोषण के मामलों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। आलोक दुबे ने कहा कि लातेहार की घटना निश्चित ही गंभीर है और राज्य सरकार ने इस पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन भाजपा जिस तरह से इसे राजनीतिक मुद्दा बना रही है, उससे साफ जाहिर होता है कि उसका उद्देश्य न्याय दिलाना नहीं, बल्कि सियासी फायदा उठाना है।

# तिरुपति ज्वैलर्स का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता


**रांची।** रांची का प्रसिद्ध ज्वैलरी शोरूम तिरुपति ज्वेलर्स जो 1993 में परेश मुखर्जी द्वारा स्थापित अपने पुराने शोरूम को मेन रोड से स्थानांतरित करते हुए मेन रोड के भव्य आर ग्रैंड मॉल में रविवार को शुभारंभ किया। आपको बता दें कि रांची में ग्रैंड मॉल बेहद ही खूबसूरत और आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। तिरुपति ज्वैलर्स अपने विशाल आभूषण संग्रह के साथ खूबसूरत डिजाइंस के लिए ग्राहकों के बीच काफी लोकप्रिय है। अपने वर्षों पुराने विश्वास और भरोसे को बरकरार रखते हुए तिरुपति ज्वैलर्स लगातार नयी ऊंचाइयों को छू रहा है। प्रतिष्ठान के संस्थापक परेश मुखर्जी का कहना है कि हमने सिर्फ नयी जगह बदली है, लेकिन हमारे ग्राहकों के दिल में हम वही पुराने भरोसे के साथ रहेंगे। अब हम और भी भव्य और ज्वेलरी के नये - नये कलेक्शन के साथ होंगे जिसमें गोल्ड, डायमंड और सिल्वर के हैवी और लाइट आइटम अपने ग्राहकों को उपलब्ध करायेंगे। शोरूम का सुभारंभ घर के ही सदस्यों द्वारा रिबन कट करके किया गया। इसमें अद्रिश मुखर्जी, ईशिता मुखर्जी, संदीप बैनर्जी, अहानिका मुखर्जी, अविश्का मुखर्जी और घर के सारे सदश्यो के साथ शहर के गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।



# आज स्वामी सदानंद महाराज का जन्मदिवस और गुरु पूर्णिमा महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट के संस्थापक परमहंस डॉ संत शिरोमणि श्रीश्री 108 स्वामी सदानंद महाराज श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम श्री राधा कृष्ण मंदिर पुंदाग रांची में सोमवार को पधार रहे हैं। ट्रस्ट के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल एवं प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि 21 जुलाई को अपराह्न 2.30 बजे से संध्या 5 बजे तक श्री राधा कृष्ण मंदिर में स्वामी सदानंद महाराज का जन्म दिवस एवं गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। इस अवसर पर श्री सद्गुरु महाराज शिष्यों और श्रद्धालुओं को अपनी वाणी से गुरु पूर्णिमा के अवसर पर गुरु पूजन,भजन- सत्संग प्रवचन के माध्यम से अमृत वर्षा का रसपान करायेंगे। कार्यक्रम के समापन पर गुरु महाराज सबों को आशीर्वाद एवं प्रसाद देंगे।



# सेंट माइकल्स पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस डिबेट कंपटीशन हुआ संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को संत माइकल्स पब्लिक स्कूल, पुंदाग में बड़े ही अच्छे ढंग से इंटर हाउस डिबेट कंपटीशन संपन्न हुआ। डिबेट के लिए बच्चों को सोशल मीडिया इनफ्लुएंस के विषय पर अपनी बातें रखने का अवसर दिया गया। यह भी वर्णित हो कि इसके लिए अलग - अलग हाउस से 11-11 छात्रों का दो ग्रुप बनाया गया था, एक ग्रुप को इसके पक्ष तथा दूसरे ग्रुप को इसके विपक्ष में अपने विचार प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया गया। दोनो ही ग्रुप्स ने अपने- अपने विचार अत्यंत प्रभावशाली ढंग से रखा। इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों के अंदर छुपी प्रतिभा को उजागर करना होता हैं। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक राम प्रवेश कुमार भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जिन्होंने छात्रों को उत्साहित करते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण उदाहरण प्रकट किये।




स्कूल के प्रधानाध्यापक मो नेजातुल्लाह, सहायक प्रधानाध्यापिका (मंजू पांडेय) जगन्नाथ मरांडी, कार्यक्रम के संयोजक (चंदन कुमार) इस अवसर पर मौजूद थे। इस पूरे प्रोग्राम को सफल बनाने मे आराध्या कुमारी, प्रिया इंदवार, अमर दीप कुमार, ज्योति सिंह तथा सभी शिक्षकगण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# नागपुरी भाषा परिषद की बैठक में नयी कार्यकारिणी का गठन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नागपुरी भाषा, साहित्य और संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्यरत नागपुरी भाषा परिषद की एक महत्वपूर्ण बैठक रविवार को परिषद के आधिकारिक कार्यालय, शाहदेव नगर, ओटीसी के निकट संपन्न हुई। कार्यक्रम का संचालन डॉ संजय कुमार षाडंगी तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सुखदेव साहू ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से परिषद की नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नागपुरी भाषा परिषद का आम बैठक में कार्यकारिणी के गठन के अतिरिक्त, कई अहम विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। इनमें विद्यालय में चयन की जाने वाली भाषाओं में नागपुरी के पुकारु नाम सदरी को अलग कॉलम दिये जाने के कारण भाषा के चयन में हो रही त्रुटियां, शोध निर्देशन हेतु पीएचडी गाइड की कमी, जनगणना में नागपुरी भाषा संबंधी विसंगतियां तथा केजीसे पीजी तक शिक्षकों का पदसृजन जैसे मुद्दे शामिल थे। इन सभी विषयों पर परिषद द्वारा सारगर्भित संवाद एवं समाधान हेतु रणनीति तय की गयी।



बैठक में परिषद के प्रमोद कुमार राय, हरिनंदन महली, राकेश रमण, डॉ शकुंतला मिश्र, डॉ संजय षाडंगी, डॉ सुखदेव साहू, आशा कुमारी, कृष्ण जीवन पौराणिक, शशिकला पौराणिक, चक्रधर नाथ गोस्वामी, रामदेव बड़ाइक, मीना कुमारी, सीमा कुमारी, दीपक राणा, उर्मिला बड़ाइक, डॉ कॉर्लेनियस मिंज, दिनेश उरांव, अवधेश सिंह, तबरेज मंसूरी, करुणा कुमारी, लखेंद्र साहू, रविंद्र ओहदार, बुद्धेश्वर बड़ाइक, जलेश्वर महतो, सुनीता टोप्पो, उर्मिला बड़ाइक, मीना, नवल किशोर, सीमा कुमारी, मीना कुमारी उपस्थित थे।

नवगठित कार्यकारिणी में संरक्षक पद्मश्री मुकुंद नायक, डॉ कुमारी वासंती, क्षितिश कुमार राय, धनेंद्र प्रवाही, डॉ प्रमोद कुमार राय, मनोहर महंती हैं। अध्यक्ष प्रमोद कुमार राय, उपाध्यक्ष डॉ उमेश नंद तिवारी, हरिनंदन महली, राकेश रमन हैं। महामंत्री डॉ शकुंतला मिश्र, संयुक्त सचिव डॉ संजय षाडंगी, सचिव डॉ सुखदेव साहू, रामदेव बड़ाइक, कोषाध्यक्ष डॉ रामकुमार और मीडिया प्रभारी डॉ कोरनेलियुस मिंज हैं।

इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ कॉर्लेनियस मिंज डॉ सुभाष साहू, डॉ मनोज कच्छप, डॉ संतोष कुमार भगत, रविंद्र ओहदार, बुद्धेश्वर बड़ाइक, डॉ अंजुलता साहू, डॉ सुनीता टोप्पो, डॉ युगेश महतो, मीना कुमारी, जलेश्वर महतो, दीपक राणा, नवल किशोर और तबरेज अंसारी शामिल हैं।

# बीबीए एलएलबी पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स का एंट्रेंस परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय रांची के अंतर्गत इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ लीगल स्टडीज में बीबीए एलएलबी की एंट्रेंस परीक्षा निदेशक डॉ. मयंक मिश्रा के नेतृत्व में सत्र 2025-30 के लिए आयोजित की गयी। परीक्षा बहुत ही शांतिपूर्ण तरीके से छात्र-छात्राओं ने दी प्रश्न पत्र सिलेबस के अंदर ही थे प्रश्न पत्र कुल अंक 100 नंबर का था समय 90 मिनट नेगेटिव मार्किंग नहीं थे परीक्षा समाप्त होने के बाद बच्चों से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि प्रश्नपत्र का लेवल बीबीए एलएलबी पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स के अनुसार ही था यहां की व्यवस्था देखकर बच्चे बहुत खुश नजर आये और सभी ने थैंक यू सर बोल कर निकल गये। एंट्रेंस परीक्षा का परिणाम 22 जुलाई 2025 को वेबसाइट ilsranchi.org पर अपराह्न में देखा जा सकता है। परीक्षाफल प्रकाशन होने के बाद 23 जुलाई से डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन प्रारंभ होगा । इस विभाग में सभी लॉ के सभी फैकल्टी को अपने-अपने क्षेत्र में विशेषज्ञता प्राप्त है। बतातें चले की कुल आवेदन 235 है जिसमें से परीक्षर्थी 185 की परीक्ष में भाग लिये और 60 छात्र अनुपस्थित थे। कुल सीट की संख्या 60 है। रविवार की एंट्रेंस परीक्षा में संपन्न कराने में डॉ मो जाकिर, डॉ अजय राज, डॉ अजीत कुमार सिंह, डॉ अंगिका जायसवाल, डॉ शालिनी साबू, विमल मनोहर कुजूर, सुभांकर कुमार, डॉ प्रिंस कुमार, अनिल कुमार गोस्वामी, मो हुसैन, फुल कुमारी की विशेष भूमिका रही ।


आइएलएस निदेशक डॉ मयंक मिश्रा ने किया औचक निरीक्षण

# चीन की नयी नीति का भारत में असर

दुनियाभर में इलेक्ट्रिक वाहनों (इवी) की मांग लगातार बढ़ रही है, लेकिन चीन के हालिया फैसले ने इस ग्रोथ को बड़ा झटका दिया है। चीन ने इवी बैटरी निर्माण और लिथियम प्रोसेसिंग से जुड़ी अहम तकनीकों के निर्यात पर रोक लगा दी है। इससे भारत समेत उन तमाम देशों में इलेक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन की रफ्तार धीमी पड़ सकती है, जो इस तकनीक के लिए चीन पर निर्भर हैं। चीन के वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी जानकारी के अनुसार, अब इवी बैटरियों से जुड़ी कुछ उन्नत निर्माण तकनीकों को केवल सरकार की अनुमति के बाद ही विदेशों में साझा किया जा सकेगा। यानी कोई भी विदेशी कंपनी या साझेदार इन तकनीकों को सीधे चीन से नहीं खरीद सकेगा। यह फैसला खासतौर पर उन कंपनियों के लिए परेशानी खड़ी कर सकता है जो चीन की तकनीक पर पूरी तरह निर्भर हैं। यह पहली बार नहीं है जब चीन ने तकनीकी एक्सपोर्ट पर सख्ती दिखायी है। इससे पहले भी चीन ने रेयर अर्थ मटेरियल्स और मैग्नेट्स के निर्यात पर पाबंदी लगायी थी, जिनका इस्तेमाल इवी, इलेक्ट्रॉनिक्स और डिफेंस इंडस्ट्री में बड़े पैमाने पर होता है।

**एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन के इस फैसले का सीधा असर अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों पर पड़ेगा। इससे इवी बैटरियों की सप्लाई में कमी आ सकती है, जिससे गाड़ियां बनाना महंगा पड़ेगा और कंपनियों की ग्रोथ की प्लानिंग पर असर पड़ेगा।**

**इवी बैटरियों का सबसे बड़ा निर्माता है चीन :** चीन इलेक्ट्रिक व्हीकल बैटरियों के निर्माण में दुनिया में अग्रणी है। रिसर्च फर्म एसएनइ की रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक बाजार में बिकने वाली इवी बैटरियों में से लगभग 67% चीन की कंपनियां बनाती हैं। इनमें सीएटीएल, बीवाइडी और जीओटीआइओएन जैसी प्रमुख कंपनियां शामिल हैं। सीएटीएल न केवल टेस्ला जैसी कंपनियों को बैटरियां सप्लाई करती है, बल्कि इसके प्लांट जर्मनी, हंगरी और स्पेन जैसे देशों में भी हैं। दूसरी ओर, बीवाइडी ने 2024 में टेस्ला को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की सबसे बड़ी इवी निर्माता कंपनी का स्थान हासिल कर लिया है।

**किस तकनीक पर लगी है रोक :** चीन की ताजा पाबंदी लीथियम आयरन फोस्फेट (एलइपी) बैटरियों की तकनीक पर लागू की गयी है। एलइपी बैटरियां न केवल सस्ती होती हैं, बल्कि जल्दी चार्ज भी होती हैं और उन्हें सुरक्षित भी माना जाता है। 2023 के आंकड़ों के मुताबिक, एलइपी बैटरियों के निर्माण में चीन की हिस्सेदारी 94% और लिथियम प्रोसेसिंग में 70% थी। यह साफ दर्शाता है कि इस क्षेत्र पर चीन का लगभग एकाधिकार है, और अब वह इसे बनाये रखने की रणनीति अपना रहा है। इसका मतलब है कि इस सेक्टर पर चीन का लगभग पूरा कंट्रोल है, और वह इस कंट्रोल को बनाये रखना चाहता है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि चीन के इस फैसले का सीधा असर अमेरिका, यूरोप और भारत जैसे देशों पर पड़ेगा। इससे इवी बैटरियों की सप्लाई में कमी आ सकती है, जिससे गाड़ियां बनाना महंगा पड़ेगा और कंपनियों की ग्रोथ की प्लानिंग पर असर पड़ेगा। भारत जैसे देश, जो इवी टेक्नोलॉजी के लिए चीन पर ज्यादा निर्भर हैं, वहां इस वजह से प्रोडक्शन में देरी और लागत बढ़ने की संभावना है।


अभिमत
आजाद सिपाही

**विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी गुणांक 2011-12 में 28.8 से घटकर 2022-23 में 25.5 हो गया है। गिनी गुणांक में यह गिरावट तब और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब इसकी तुलना विशेष रूप से विश्व असमानता डेटाबेस (डब्ल्यूआइडी) के आय-आधारित अनुमानों के साथ की जाती है। असमानता संबंधी इस डेटाबेस ने 2023 में भारत के गिनी को स्पष्ट रूप से 62 के चिंताजनक स्तर पर रखा था। इस स्पष्ट असंगति को समझने के लिए अंतर्निहित आयामों, डेटा स्रोतों और वैचारिक ढांचे का गहन विश्लेषण जरूरी है।**

# भारत में उपभोग के मामले में घटती असमानता को आखिर क्यों सराहना मिलनी चाहिए!




सौम्य कांति घोष/फाल्गुनी सिन्हा



हाल ही में भारत के उपभोग-आधारित गिनी गुणांक में आयी गिरावट ने एक जबरदस्त चर्चा को जन्म दिया है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी गुणांक 2011-12 में 28.8 से घटकर 2022-23 में 25.5 हो गया है। गिनी गुणांक में यह गिरावट तब और महत्वपूर्ण हो जाती है, जब इसकी तुलना विशेष रूप से विश्व असमानता डेटाबेस (डब्ल्यूआइडी) के आय-आधारित अनुमानों के साथ की जाती है। असमानता संबंधी इस डेटाबेस ने 2023 में भारत के गिनी को स्पष्ट रूप से 62 के चिंताजनक स्तर पर रखा था। इस स्पष्ट असंगति को समझने के लिए अंतर्निहित आयामों, डेटा स्रोतों और वैचारिक ढांचे का गहन विश्लेषण जरूरी है। इसके बाद बात एक ऐसे तार्किक आलोचनात्मक विमर्श की आती है - जो पद्धतिगत असंगतियों को ठोस आर्थिक हकीकतों से अलग करके देखता है तथा असमानता को दूर करने के मौलिक रूप से भिन्न उपायों को एक साथ मिलाने के खतरों पर प्रकाश डालता है।

इस भिन्नता के मूल में एक महत्वपूर्ण वैचारिक अंतर है: उपभोग संबंधी असमानता और आय संबंधी असमानता के बीच का अंतर। विशाल अनौपचारिक श्रमशक्ति, व्यापक पैमाने पर वस्तुओं का लेनदेन करने और तेजी से विस्तारित होती कल्याणकारी संरचना वाले भारत जैसे देश में आय अक्सर अस्थिर होती है और उसके बारे में कम रिपोर्ट की जाती है या उसे व्यापक रूप से दर्ज पाना कठिन होता है। इसके उलट, उपभोग समय के साथ अधिक सुचारू होता जाता है और यह वास्तविक जीवन स्तर को ज्यादा सही तरीके से प्रतिबिंबित करता है। विश्व बैंक का गरीबी एवं असमानता मंच (पीआइपी) राष्ट्रीय संदर्भ के आधार पर प्रयोज्य आय या उपभोग संबंधी व्यय का उपयोग करते हुए इस तर्क को अपनाता है।

**वित्तीय वर्ष 2014 में, कुल आय में शीर्ष एक प्रतिशत का हिस्सा 1.64 प्रतिशत था।**

सबसे पहले, यह बताना उचित होगा कि विश्व बैंक ने अपने विश्व बैंक का असमानता संबंधी नया सूचक शीर्षक वाले शोध-पत्र में उपभोग आधारित गिनी को आय आधारित गिनी और आय आधारित गिनी को उपभोग आधारित गिनी में बदलने का तरीका सुझाया है। विश्व बैंक ने अनुमान लगाया है कि 84 देश-वर्षों में, जहां उपभोग आधारित तथा आय आधारित दोनों गुणांकों के आंकड़े उपलब्ध थे, आय व उपभोग आधारित गिनी गुणांकों का औसत अनुपात 1.13 है। इस औसत अनुपात को भारत के 25.5 के उपभोग-आधारित गिनी गुणांक पर सीधे लागू करने पर लगभग 28.8 की आय आधारित गिनी हासिल होती है।

परिणामस्वरुप, आय-समतुल्य मान्यताओं के तहत भारत अभी भी 12वें स्थान पर है। यह सरल अनुमान पीआइपी डाटाबेस के भीतर कल्याण के विभिन्न प्रकारों की तुलना करने का एक तरीका सुझाता है। इससे एक प्रासंगिक सवाल उठता है: इस तरीके को व्यापक रूप से स्वीकार क्यों नहीं किया गया है? इसका जवाब शायद चुनिंदा रूप से बाहरी अनुमानों पर जोर देने की प्रवृत्ति में निहित है। जब विभिन्न देशों के बीच तुलना के लिए दिए गए सरल अनुमान का उपयोग किया जाता है, तो आय के संदर्भ में मापे जाने पर भी भारत की असमानता संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन की तुलना में काफी कम दिखायी देती है। उपभोग आधारित कल्याण का दृष्टिकोण अपनाने वाले 48 देशों की सूची में, भारत तीसरे स्थान पर है।

पीआइपी डाटाबेस में भारत का 25.5 का उपभोग आधारित गिनी गुणांक भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय है। उदाहरण के लिए, चीन का उपभोग आधारित गिनी उसी डेटाबेस के अनुसार और कल्याण की उसी अवधारणा का उपयोग करते हुए 35.7 है। लगभग 10 अंकों का यह अंतर बेहद उल्लेखनीय है। दूसरा, बड़े पैमाने वाली समाज कल्याण योजनाओं का प्रभाव स्पष्ट रूप से आलोचना से दायरे से गायब क्यों है?

भारत जैसे देश में सब्सिडीयुक्त भोजन, एलपीजी, आवास, ग्रामीण रोजगार, स्वास्थ्य बीमा और प्रत्यक्ष नकद हस्तांतरण जैसे बड़े पैमाने वाले समाज कल्याण कार्यक्रमों ने गरीबों के जीवन स्तर को काफी हद तक बेहतर बनाया है। परिणामस्वरूप, वहां उपभोग निश्चित रूप से आय की तुलना में अधिक होगा और अपेक्षाकृत अधिक समान रूप से वितरित होगा। सार्वजनिक प्रावधान के ये रूप खासतौर पर ग्रामीण और अनौपचारिक क्षेत्रों में कल्याण को बढ़ाते हैं।

वर्ष 2025 के बजटीय अनुमान के अनुसार, विभिन्न लाभार्थी योजनाओं पर केंद्र सरकार का व्यय 7.1 लाख करोड़ रुपये होगा तथा विभिन्न राज्य मिल कर इसमें 7.4 लाख करोड़ रुपये और जोड़ेंगे। इसका कुल योग लगभग 14.5 लाख करोड़ रुपये होगा। पीएलएफएस डेटा के अनुसार, नियमित वेतनभोगी कर्मचारी की औसत मासिक कमाई लगभग 21000 रुपये और स्व-नियोजित व्यक्ति की औसत मासिक कमाई लगभग 14000 रुपये है।

अनियमित मजदूर की प्रतिदिन की औसत कमाई 433 रुपये है। इन अनुमानों का उपयोग करने और चार लोगों के परिवार की निर्भरता को ध्यान में रखने पर, यह प्रति व्यक्ति आय 65000 रुपये की बन जाती है। यह मानते हुए कि कुल लाभार्थी योजनाओं का 80 प्रतिशत हिस्सा नीचे के 50 प्रतिशत लोगों तक पहुंचता है, यह प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष लाभ तमाम गड़बड़ियों और अतिव्यापन (ओवरलैप) के बावजूद प्रति व्यक्ति 15000 रुपये प्रति वर्ष का बनता है। प्रभावी संसाधनों में लगभग 20 प्रतिशत का यह उत्थान उपभोग में बदल जाता है। इस प्रकार इन रूढ़िवादी मान्यताओं के तहत भी, यह प्रभावी असमानता को महत्वपूर्ण रूप से कम करता है। इन उपायों से गरीबी में भी नाटकीय गिरावट आयी है तथा चरम गरीबी की दर 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत रह गयी है। कुल 3.65 अमेरिकी डॉलर प्रतिदिन की निम्न-मध्यम-आय रेखा पर, गरीबी 61.8 प्रतिशत से घट कर 28.1 प्रतिशत हो गयी है। डब्ल्यूआइडी के अनुमानों को बिना सोचे-समझे स्वीकार करने से पहले, क्या हमें यह नहीं जानना चाहिए कि ये अनुमान आखिर क्या माप रहे हैं?

डब्ल्यूआइडी डेटाबेस की बात करें तो, उनकी आय संबंधी मानक अवधारणा है: कर-पूर्व, प्रतिस्थापन-पश्चात राष्ट्रीय आय – यानी करों और हस्तांतरणों से पहले, पेंशन और बेरोजगारी लाभ जैसे सामाजिक बीमा घटकों को छोड़ कर। इसका मतलब है कि वे अधिकांश गैर-अंशदायी कल्याणकारी हस्तांतरणों– जैसे कि भारत का प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी), खाद्य सब्सिडी, एलपीजी से जुड़ी योजनाएं, आयुष्मान भारत, ग्रामीण आवास आदि - को छोड़ देते हैं।

भारत की सामाजिक सुरक्षा प्रणाली अंशदायी बीमा की तुलना में गैर-अंशदायी हस्तांतरणों पर कहीं अधिक निर्भर करती है। इन्हें डब्ल्यूआइडी की आय संबंधी अवधारणा में शामिल नहीं किया जाता, भले ही ये वास्तविक आय और क्रय शक्ति को भौतिक रूप से क्यों न बढ़ाते हों।

जब डब्ल्यूआइडी इन लक्षित योजनाओं के पुनर्वितरणात्मक प्रभाव को अनदेखा करके और राष्ट्रीय आय के शीर्ष पर स्पष्ट संकेंद्रण को बढ़ाकर भारत में असमानता को मापता है, तो इससे एक व्यवस्थित एवं नीचे की ओर जाने वाला पूर्वाग्रह पैदा होता है। इसलिए, डब्ल्यूआइडी के आय की असमानता से जुड़े ढांचे के तहत, हम अनिवार्य रूप से कह रहे हैं कि भारत में उत्थान की प्रमुख योजनाओं का मापी गयी असमानता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

दूसरे, डब्ल्यूआइडी अपने डेटाबेस को संकलित करने के लिए कर संबंधी रिकॉर्ड पर बहुत अधिक निर्भर रहता है। अब यदि हम कर संबंधी रिकॉर्ड को देखें, तो लोगों की कर योग्य आय के आयकर रिटर्न (आइटीआर) संबंधी आंकड़ों का उपयोग करके अनुमान लगाया गया गिनी गुणांक यह दर्शाता है कि व्यक्तिगत आय में असमानता आकलन वर्ष 2015 (वित्तीय वर्ष 2014) से लेकर आकलन वर्ष 2023 (वित्तीय वर्ष 2022) के दौरान 0.472 से घटकर 0.402 हो गयी है।

आकलन वर्ष 2015 (वित्तीय वर्ष 2014) में 4 लाख रुपये से कम आय वर्ग से संबंधित 43.6 प्रतिशत व्यक्तिगत आयकर रिटर्न दाखिल करने वाले लोग निम्नतम आय वर्ग को छोड़ कर ऊपर वाले वर्ग में पहुंच गये।

वित्तीय वर्ष 2014 और वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान आय में हुई असमानता की तुलना से यह पता चलता है कि आय वितरण के वक्र में स्पष्ट रूप से दाईं ओर बदलाव हुआ है, जिसका अर्थ है कि निम्न आय वर्ग के लोग आबादी में अपने हिस्से के अनुरूप अपनी आय बढ़ा रहे हैं।

आकलन वर्ष 2024 का घंटी के आकार का वक्र और भी कुछ कहता है!

वित्तीय वर्ष 2014 में, कुल आय में शीर्ष एक प्रतिशत का हिस्सा 1.64 प्रतिशत था। यह हिस्सा वित्तीय वर्ष 2021 में घटकर 0.77 प्रतिशत रह गया है। इसके अलावा, 1.1 की कर उछाल और कर संग्रह की घटती लागत वास्तव में बेहतर अनुपालन को दर्शाते है। इसलिए, इसे बढ़ती असमानता के रूप में समझने की गलती नहीं करनी चाहिए। यदि भारत के कर संबंधी आधिकारिक आंकड़े बेहतर प्रगति को दर्शाते हैं तथा बड़े पैमाने वाले उपभोग संबंधी सर्वेक्षण असमानता में निरंतर कमी का संकेत देते हैं, तो यह पूछना उचित होगा कि डब्ल्यूआइडी के अनुमान आखिर इतनी अलग कहानी क्यों बताते हैं।

यह तर्क देना कि केवल चुनिंदा रूप से बढ़ाए गए आय संबंधी अनुमानों के आधार पर भारत में असमानता गहराई से पैठी हुई है, बिल्कुल वैसा ही दावा करने जैसा है कि चूंकि राजस्थान में पानी का अभाव है, इसलिए समूचे देश में पानी का संकट है। अभाव की तरह, असमानता में एकरूपता नहीं होती है–यह आयामों, क्षेत्रों और मापन उपकरणों के आधार पर अलग-अलग होती है। लेकिन ऐसी असमानता से व्यापक प्रगति अमान्य नहीं हो जाती। संकीर्ण एवं आंशिक दृष्टिकोण के पक्ष में इन पहलुओं की उपेक्षा करने वाला कोई भी मूल्यांकन उसी प्रगति को खारिज करने का जोखिम मोल लेता है, जिसकी वह आलोचना करना चाहता है।

अब जबकि हम आगे की ओर अग्रसर हैं, दो बातें महत्वपूर्ण हैं। पहली बात, बेहतर रिपोर्टिंग का मतलब बढ़ती असमानता नहीं है–और हमें बेहतर आंकड़ों के प्रभावों पर प्रतिक्रिया करने से बचना चाहिए। दूसरी और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कल्याणकारी अर्थशास्त्र को हमेशा अपने इस मूल प्रश्न पर लौटना चाहिए कि: कौन सी चीज निचले आधे हिस्से के जीवन से जुड़े अनुभवों को बेहतर बनाती है? इस संदर्भ में, पिछले एक दशक की भारत की कहानी शीर्ष पर होने वाले विचलन से कम बल्कि निचले स्तर पर होने वाले अभिसरण – यानी लोगों द्वारा वास्तव में उपयोग किये जाने वाले संसाधनों के मामले में शांत, व्यापक और मापनीय बदलाव से कहीं अधिक जुड़ी है।

**(लेखक : 16वें वित्त आयोग के सदस्य और भारतीय स्टेट बैंक समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार एवं भारतीय स्टेट बैंक के अर्थशास्त्री हैं। ये उनके निजी विचार हैं)**

## कोल्हान की खबरें

# भारत गान महोत्सव 31अक्टूबर से दिल्ली में, टाइटल सांग में लौहनगरी के राहुल सरकार ने अनूप जलोटा के साथ दी प्रस्तुति

अभिजीत अधरजी


**नयी दिल्ली/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** पंडित रविशंकर म्यूजिक फाउंडेशन की ओर से भारत गान महोत्सव 2025 का आयोजन नई दिल्ली में आगामी 31अक्टूबर से 2 नवंबर होना है।तीन दिवसीय भारत गान महोत्सव में फोर्ब्स वर्ल्ड रेकॉर्ड सर्टिफिकेशन सर्विसेज यूके का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहेगा। संगीत उत्सव में देशभर के 14 से 80 वर्ष उम्र के 9001 कलाकार एक साथ एक मंच से लाइफ प्रस्तुति देंगे।महोत्सव के लिए लौहनगरी जमशेदपुर के प्रसिद्ध युवा गायक राहुल सरकार को भजन सम्राट अनूप जलोटा के साथ टाइटल सांग में गाने का मौका मिला। टाइटल सॉन्ग का लांचिंग मुंबई में अनूप जलोटा के घर से किया गया। संगीत प्रोजेक्ट में विश्वविख्यात संगीतज्ञ पंडित विश्व मोहन भट्ट, बाँसुरी सम्राट रौनु मजूमदार और संतूर वादक पंडित तरुण भट्टाचार्य सहित अन्य कई दिग्गज कलाकार भी शामिल रहे।यह अद्वितीय संगीत का आयोजन आगामी 31अक्टूबर से दिल्ली में प्रसारित किया जायेगा। देशभर के संगीत प्रोजेक्ट में शामिल होने वाले कलाकारों के नाम गिनीस बुक में दर्ज की जाएगी। शहर के युवा संगीत कलाकार राहुल सरकार के इस उपलब्धि से स्थानीय परिचित लोगो मे हर्ष का माहौल है।इस संगीत प्रोजेक्ट को देशभर के लिए अब तक का सबसे बड़ा समूह गायन माना जा रहा है। शहर के प्रसिद्ध युवा गायक राहुल ने बताया यह परियोजना भारतीय संगीत की समृद्ध विरासत को समर्पित है। इसका उद्देश्य विश्व पटल पर भारत की सांस्कृतिक विविधता और एकता को दशार्ना है। इसकी रिकॉर्डिंग मुंबई के प्रमुख स्टूडियो में किया गया। श्री सरकार के कहा यह आयोजन देशभर के संगीत प्रेमियों के लिए एक ऐतिहासिक क्षण होगा।



# सरकार की विफलताओं से लोग अनुदान पर निर्भर : चंपाई सोरेन

आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** पूर्वी सिंहभूम जिले के घाटशिला स्थित स्थानीय होटल में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। रविवार को आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व सीएम चंपई सोरेन शामिल हुए। मौके पूर्व सीएम ने कहा झारखंड जैसे समृद्ध राज्य में आज भी सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक विकास नहीं हो पाया। श्री सोरेन ने कहा सरकार की विफलताओं के कारण राज्यवासी अनुदान पर जीवन जीने को मजबूर हैं। इस अवसर पर पूर्व सीएम चम्पई सोरेन के द्वारा छात्रों को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वही पूर्व सीएम ने उपस्तित अभिभावकों को बधाई दी। सम्मान समारोह में अनुमंडल क्षेत्र के कई स्कूलों के छात्र, शिक्षक और अभिभावक मौजूद रहे।



# जमशेदपुर में तीन फ्लाइओवर की स्वीकृति जेवीएम आंदोलन का परिणाम : अभय सिंह

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार द्वारा जमशेदपुर में तीन फ्लाईओवर की स्वीकृति को भाजपा नेता अभय सिंह ने झारखंड विकास मोर्चा के द्वारा बीते 10 वर्ष पूर्व शुरू हुए आंदोलन का प्रतिफल बताया।रविवार को उन्होंने पूर्व के आंदोलन पर कहा 2014–15 में अभय सिंह के नेतृत्व में सड़क हादसों और ट्रैफिक समस्या को लेकर आंदोलन, गिरफ्तारी और हाईकोर्ट में दाखिल रिट के जरिए जनता की आवाज उठायी गयी थी।आंदोलन के दौरान 467 से अधिक कार्यकर्ताओं की गिरफ्तारी, मशाल जुलूस और ऐतिहासिक जमशेदपुर बंद को उन्होंने याद दिलाया। भाजपा नेता अभय सिंह ने कहा उस समय के संघर्ष और जन समर्थन का ही नतीजा है आज शहर को ट्रैफिक जाम से राहत मिलने जा रही है। उन्होंने जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा फ्लाईओवर निर्माण पूरा होने पर शहर के लिए एक बड़ी सौगात होगी।



# रांची के योग विशेषज्ञ जगदीश सिंह, 'झारखंड राज्य योग लवर्स पुरस्कार 2025' से सम्मानित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** 20 जुलाई 2025 को कुसुम कमानी ऑडिटोरियम, बिष्टुपुर, जमशेदपुर में सरकार योग अकादमी द्वारा योग विशेषज्ञ जगदीश सिंह को योग के क्षेत्र में समर्पण और अमूल्य योगदान के सम्मान में 'झारखंड राज्य योग लवर्स पुरस्कार 2025' प्रदान किया गया। ज्ञात हो कि जगदीश सिंह योग के क्षेत्र में लगातार कई वर्षों से काम करते आ रहे है और गांव गांव जाकर योग सिखाने का काम करते है। इन्होंने राची विश्वविद्यालय से योगिक साइंस में एमएससी की डिग्री प्राप्त है। इसके अलावा उन्हे योग के क्षेत्र मे राष्ट्रीय स्तर पर कई सारे पदक और सम्मान प्राप्त है। वर्तमान में जगदीश सिंह, झारखंड सरकार के स्वास्थ्य विभाग मे सीएचसी ओरमांझी मे योग प्रशिक्षक के पद पर कार्यरत है। इसके साथ ही डब्ल्यूएफएफ योगासन झारखंड चैप्टर द्वारा 19 जुलाई को आयोजित योगासन चैंपियनशिप मे जगदीश को मास्टर बी ग्रुप में स्वर्ण पदक प्राप्त हुआ।



# शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए संकल्पबद्ध है आजसू : तिवारी महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहीदों के सपनों को साकार करने के लिए आजसू पार्टी के द्वारा एनएच-33 स्थित चांदनी चौक गुरमा के समीप एकदिवसीय फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को शहीद भेजोहरी महतो और गोमा सिंह की स्मृति में आयोजित प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करना और खेल के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना है।मौके पर मुख्य अतिथि मांडू विधायक तिवारी महतो, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, सम्मानित अतिथियों में हरेलाल महतो और आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह सहित अन्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा संयुक्त रूप से शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। विधायक तिवारी महतो ने कहा शहीदों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आजसू पार्टी सदैव शहीदों के परिवारों के साथ खड़ी रही है। भविष्य में भी उनके सपनों को साकार करने के लिए कार्य करती रहेगी। पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस ने कहा जहां अन्य दल शहीदों का नाम केवल सत्ता के लिए इस्तेमाल करते हैं। वहीं आजसू पार्टी शहीदों को सच्चा सम्मान देती है। इसी सोच के कारण आज भी पार्टी के पास समर्पित कार्यकर्ताओं की लंबी फौज है। जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा आजसू पार्टी शहीदों के बलिदान की सदैव ऋणी रहेगी। उनके सपनों का झारखंड बनाने की दिशा में पार्टी निरंतर प्रयासरत है। वही फुटबॉल प्रतियोगिता में जितने वाले टीम के खिलाड़ियों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर सम्मान बढ़ाया।



# डकैती करने पहुंचे तीन युवकों को ग्रामीणों ने पकड़ा

**राजनगर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित ईचा गांव में बीते देर रात डकैती की नीयत से पहुंचे तीन संदिग्ध युवकों को सतर्क ग्रामीणों ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया।ग्रामीणों की घेराबंदी के दौरान एक युवक के पास से अवैध देशी पिस्टल भी बरामद किया गया। रविवार को ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# इनरव्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस ने श्रावणी उत्सव का आयोजन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इनरव्हील क्लब ऑफ गढ़वा ग्लोरियस की सदस्य रुचि अग्रवाल के आवास पर भव्य श्रावणी उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में महिला सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक मंगलाचरण और श्रावणी गीत से हुई। क्लब की अध्यक्ष दीपाली अग्रवाल ने कहा कि हमारा क्लब समाज सेवा के साथ-साथ सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण में भी निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहा है, और श्रावणी उत्सव इसका सजीव उदाहरण है। क्लब की मुख्य अतिथि महिला विकास समिति की अध्यक्षा वीणा रानी अग्रवाल ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में धार्मिक भावना एकता और परंपरा को जीवित रखने का कार्य करते हैं इस अवसर पर क्लब की सदस्यों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम विभिन्न प्रतियोगिताओं व नृत्य आदि का आयोजन किया गया। भजन और सावन क्वीन प्रतियोगिता आदि विविध कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। जिससे वातावरण भक्तिमय और उल्लास पूर्ण हो गया। क्लब की सांस्कृतिक संयोजिका श्रीमती श्वेता सोनी और कार्यक्रम संयोजिका रुचि अग्रवाल की कुशल संचालन में सभी गतिविधियां सफलतापूर्वक संपन्न हुईं। यह आयोजन न केवल धार्मिक भावना से उत्प्रेरित था, बल्कि सामाजिक समरसता और भारतीय संस्कृति के जीवंत झलक भी प्रस्तुत करता रहा।

# केतार के युवक का गुजरात में पीट-पीट कर निर्मम हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**केतार।** रोजगार नहीं रहने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक संकट गहराते जा रहा है। लोग जीवन यापन के लिए परिवार के एक या दो सदस्य दूसरे प्रदेशों में कमाने के लिए जाते है। अच्छे दिन का सपना दिन रात देखते रहते है। उनकी सीमित कमाई से अपने सहित पूरे परिवार का भरण पोषण होता है। कमाने वाला ही व्यक्ति को दिन दहाड़े स्थानीय लोगों के द्वारा पीट पीट कर जान से मार डालते है। जिस घर में इकलौता कमाऊ व्यक्ति के साथ ऐसा घटना होने के बाद पूरा परिवार पर क्या बीतेगा? इस परिवार का भरण पोषण कौन करेगा। ऐसे ही घटना केतार प्रखंड के एक युवक को बेरहमी से पीट पीट कर जान से मार डाला गया।



मृतक का फाइल फोटो।

**गुजरात के भुज में हुई निर्मम हत्या :** केतार प्रखंड क्षेत्र के पचाडुमर पंचायत अंतर्गत खैरवा गांव निवासी पप्पू चौधरी (उम्र 23 वर्ष) की गुजरात के भुज में पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी गयी। पप्पू चौधरी करीब 5 वर्षों से भुज की एक निजी कंपनी में कार्यरत थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार पप्पू कंपनी में काम करने के दौरान वह बाहर पेशाब करने गये, तभी स्थानीय लोगों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और उन्हें धमकाने लगे। विवाद इतना बढ़ गया कि करीब दस की संख्या में लोग लाठी-डंडे से लैस होकर आये और पप्पू पर हमला बोल दिया। उन्होंने पप्पू को अधमरा होने तक पीटा और मौके से फरार हो गये।

जब कंपनी के ठेकेदार को घटना की जानकारी मिली, तो आनन-फानन में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में ठेकेदार ने किसी तरह एंबुलेंस के माध्यम से शव को उनके पैतृक गांव खैरवा पहुंचाया।जैसे ही शव गांव पहुंचा, पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम पसरा हुआ है।

## गाय चराने गयी महिला की आहर में डूबने से मौत



मृतक महिला की फाइल फोटो बासमती देवी।

हरिहरपुर(आजाद सिपाही)। प्रखंड के हरिहरपुर पंचायत अंतर्गत बतोखुर्द गांव की 62 वर्षीय महिला बासमती देवी की गुरुवार को आहर में डूबने से मौत हो गई। वह अपने मवेशियों को चराने पोखरे के समीप गई थीं, तभी असंतुलित होकर पानी में गिर पड़ीं। हादसे के वक्त मौके पर कोई नहीं था, जिससे उन्हें बचाया नहीं जा सका। बासमती देवी, सरजू साव की पत्नी थीं। घटना की सूचना मिलते ही हरिहरपुर ओपी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम हेतु गढ़वा भेजा। शुक्रवार को श्रीनगर स्थित सोन नदी के तट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस दुखद घटना पर शोक व्यक्त करते हुए कांडी प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश कुमार सहाय ने कहा कि यह बेहद पीड़ादायक घटना है। सरकार की ओर से पीड़ित परिवार को आपदा राहत कोष से सहायता दी जायेगी। जैसे ही आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी होगी, सहायता राशि शीघ्र ही परिजनों को प्रदान की जायेगी।

## एमके इंटरनेशनल स्कूल में सावन उत्सव मनाया गया



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। स्थानीय एमके इंटरनेशनल स्कूल में सावन उत्सव मनाया गया है। जिसमें कक्षा नर्सरी से कक्षा नवी तक के विद्यार्थियों ने भाग लिए। कार्यक्रम में एक से बढ़कर एक प्रस्तुति प्रस्तुत किये गये। सावन उत्सव कार्यक्रम में कक्षा नर्सरी से कक्षा तीसरी तक के विद्यार्थियों ने भगवान शंकर, माता पार्वती का रूप धारण करके प्रस्तुत हुए जो उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में स्कूल के प्रिंसिपल डॉक्टर राय रोज, मैनेजर रविंद्र शर्मा, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर अमृता सिंह, सभी शिक्षकगण तथा ऑफिस स्टाफ उपस्थित थे।

## कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन



गढ़वा (आजाद सिपाही)। लायंस क्लब ऑफ गढ़वा ग्रीन और श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को शालिग्राम अग्रवाल मॉडल स्कूल में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण जांच शिविर का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम के जिला 322A के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन सह लायंस ग्रीन के प्रोजेक्ट चेयरमैन लायन अमित कश्यप ने बताया कि लायंस ग्रीन पिछले 8 वर्ष से कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण हेतु जांच शिविर लगा रहा है अभी लगभग 2000 लोग लाभान्वित हो चुके है। यह कार्य पूर्णतः निःशुल्क किया जाता है। प्रोजेक्ट कोचेयरमैन हर्ष अग्रवाल ने बताया कि इस शिविर में मार्च 2025 में जिन मरीजों के कटे हाथ पैर की नापी ली गयी थी उन 25 मरीजों को बुलाकर उनका कृत्रिम अंग प्रत्यारोपित किया गया, साथ ही 2 मरीजों को व्हीलचेयर और 1 मरीज को ट्राइसाइकिल,10 लोगो को बैशाखी ,12 लोगो को वॉकिंग स्टिक दिया गया। साथ ही नये मरीजों की भी नापी ली गयी, जिनका कृत्रिम अंग अगले जांच शिविर में लगाया जाएगा और जिन्हें ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, वैशाखी की आवश्यकता होगी उन्हें निःशुल्क दिया जायेगा। कार्यक्रम का उद्घाटन लायंस ग्रीन के अध्यक्ष लायन जयशंकर ब्रेजियर, सचिव आशुतोष अग्रवाल, कोषाध्यक्ष लायन नीरज कुमार, लायन डॉ निशांत सिंह, लायन डॉ पतंजलि केशरी ने संयुक्त रूप से किया।

# शिलान्यास के दस माह बाद भी मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना में नहीं लगा काम, आक्रोश

**कीचड़ से जल्द नहीं मिला निजात तो विधायक और सरकार के खिलाफ करेंगे प्रदर्शन : ग्रामीण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेराल।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत मेराल प्रखंड के लोवादाग पंचायत में पीएमजीएस वाई रोड देवी मंडप से भंडार बस्ती होते हुए भंडार स्कूल तक पथ निर्माण कार्य के शिलान्यास हुए दस महीने बीत जाने के बाद भी सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से ग्रामीण आक्रोशित हैं। पथ निर्माण कार्य नहीं होने से कच्ची रास्ता में कीचड़, पानी और गड्ढों में लोगों को



पैदल चलना भी दुश्वार सा हो गया है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। इस संबंध में ग्रामीण विजय यादव, नयन यादव, मुकेश पासवान, धर्मेंद्र गुप्ता, लक्ष्मी यादव, बबलू यादव, पप्पू यादव, अखिलेश यादव, अनिल गुप्ता आदि ने कहा है कि खुंधरा गांव लगभग एक सौ घर का बस्ती है, चुनाव के समय सभी नेता इस सड़क को बनवाने का वादा करते हैं। लोगों ने कहा कि कीचड़ से बचने के लिए हम लोगों को गांव से बाहर अपनी गाड़ी खड़ा कर घर आना पड़ रहा है। लोगों ने कहा कि इस रोड का शिलान्यास विधानसभा चुनाव से पहले गढ़वा के पूर्व विधायक सह मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर द्वारा किया गया था परंतु अभी तक काम नहीं लगा। लोगों ने कहा कि नयी सरकार के गठन के 9 महीना बीत जाने के बाद भी इस योजना का टेंडर डिसाइड नहीं होने से सरकार और विधायक से आम जन नाराज हैं। ग्रामीणों ने स्थानीय विधायक और जिला प्रशासन से सड़क निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की है।

# दखल-कब्जा कराने पहुंचे दंडाधिकारी को साक्ष्य के अभाव में बैरंग वापस लौटना पड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** न्यायालय के आदेशानुसार रविवार को पुलिस बल के साथ द्वितीय पक्ष को घर पर दखल कब्जा कराने पहुंचे दंडाधिकारी को साक्ष्य के अभाव में बैरंग वापस लौटना पड़ा। इस दौरान घर पर कब्जा दिलाने की बात आग की तरह फैल गयी, देखते ही देखते लोगो की हुजूम उमड़ पड़ी। लोगो ने कोर्ट के आदेश पर नियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी से क्रेता द्वारा दूसरे जगह की चौहदी और जमीन के बदले फर्जीवाड़ा तरीके से घर कब्जाने की बात कही तथा दोनों पक्षों से कागजात जांच करने का आग्रह किया। इस पर



दंडाधिकारी ने जमीन बिक्रीनामा का चौहदी स्थल की जांच की जहां कागजात में उक्त जमीन का चौहदी का मिलान हुआ इसके बाद दंडाधिकारी द्वारा इस मामले को न्यायालय को अवगत कराने की बात कहते हुए वापस लौट गए।

**क्या है, मामला :** जानकारी के अनुसार भवनाथपुर सूर्य मंदिर के समीप रहने वाले विजय गुप्ता पिता रामखेलावन साह ने ढ़ेकुलिया रोड स्थित अपनी जमीन को पंडरिया निवासी राजकुमार पांडेय से साढ़े सात डिसमिल जमीन बिक्री किया था, इसके बाद से ही मामला न्यायालय में लंबित होने के बाद कोर्ट ने राजकुमार पांडेय के पक्ष में फैसला दिया जहां 20 जुलाई को कोर्ट के निर्देश पर दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ दखल कब्जा दिलाने पहुंचे थे।

## निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर में 40 मरीजों की हुई जांच, नौ मरीज मिले हृदय रोग से ग्रसित



गढ़वा (आजाद सिपाही)। रविवार को जायंट्स ग्रुप एवं यशोदा अस्पताल दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क हृदय रोग जांच शिविर का आयोजन ग्रुप अध्यक्ष राकेश केशरी की अध्यक्षता में ज्ञान निकेतन स्कूल में किया गया। गढ़वा जिले के साथ साथ निकटवर्ती डाल्टनगंज, रामानुजगंज एवं मझियाओं के लगभग 40 मरीजों की निःशुल्क जांच की गयी। जिसमें 9 मरीजों में विभिन्न हृदय रोगों की पहचान की गयी। कुछ अन्य रोगियों को हार्ट से संबंधित विशिस्ट जांचों की सलाह दी गयी। वरिष्ठ हार्ट सर्जन डॉ विकास केशरी ने बताया कि क्षेत्र के रोगियों में जागरूकता का अत्यधिक अभाव है। डॉ केशरी ने पुनः जिले के गरीब मरीजों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए कहा कि 20 वर्ष की आयु तक के रोगियों को ओपन हार्ट सर्जरी की आवश्यकता पड़ने पर कुछ अन्य संस्थाओं की मदद से आर्थिक सहायता दिलवाने हेतु वह एवं अस्पताल प्रशासन प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन पदाधिकारी नंद कुमार गुप्ता, जायंट्स ग्रुप गढ़वा के अध्यक्ष राकेश केशरी, प्रशासनिक निदेशक मोजीबुद्दीन खान, उपाध्यक्ष चंद्रभूषण सिन्हा, मनोज केशरी सन रेडियो, सुनील अग्रवाल, चंदन कुमार, अजय केशरी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# प्रदूषण कम करने के साथ जलवायु नियंत्रण भी करते हैं पेड़ : राज महेश्वरम

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** एकल अभियान की ओर से चलाये जा रहे पौधारोपण कार्यक्रम अंतर्गत रविवार को अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने जुटी ग्राम स्थित आरपी नर्सिंग कॉलेज के निमार्णाधीन भवन परिसर में सपरिवार पौधरोपण किया। अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की धर्मपत्नी छाया महेश्वरम, सुपुत्र आर्यन राज, पुत्री वोमिंका राज, एकल विद्यालय के गढ़वा अंचल अध्यक्ष डॉक्टर पातंजली केशरी सहित अन्य लोगों ने फलदार और छायादार पौधे लगाये।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान



अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने कहा कि प्रदूषण की समस्या से निजात पाने के लिए पौधारोपण आवश्यक है। पेड़ पौधों से हमें निःशुल्क ऑक्सीजन मिलता है। पौधे हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि फूल फल, औषधि और इमारती लकड़िया भी देते हैं। जलवायु नियंत्रण में भी पेड़ हमें मदद करते हैं। गढ़वा अंचल अध्यक्ष डॉ पातंजली केशरी ने कहा कि पेड़ पौधे हमें भोजन, लकड़ी के अलावा रोजगार के अवसर भी प्रदान करते हैं। पौधारोपण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देता है। मौके पर अभियान के अंचल सचिव अरुण कुमार, अंचल संस्कार शिक्षा सचिव गौतम कुमार, महिला समिति अध्यक्ष नीलू केशरी, सचिव विमला देवी, शिव देवी, रेणु देवी, रेणुका गुप्ता, लक्ष्मी देवी, ओमप्रकाश गुप्ता, संतोष सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# जीएन इंटरनेशनल स्कूल में पौधरोपण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा सहेली के द्वारा जी एन इंटरनेशनल स्कूल नाहर रोड गढ़वा में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर जायंट्स सहेली की फाउंडर अध्यक्ष रश्मि कमलापुरी, पुर्व अध्यक्ष माला केशरी, गायत्री गुप्ता, लता गुप्ता, अनसुईया केशरी, रितु जायसवाल विशेष रूप से उपस्थित थीं। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन सहेली उपाध्यक्ष वन्दना सोनी ने सभी सदस्यों का स्वागत किया एवं पेड़ पौधों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से वक्ताओं द्वारा आम नागरिकों से अपील किया गया कि सभी लोग इस बरसात के मौसम में एक दो पौधा अवश्य लगाएं। गढ़वा एवं




आसपास ड्राई जोन में आता है। यहां वर्षापात काफी कम होती है दिन ब दिन पानी का स्तर काफी नीचे चला जा रहा है। नदी तालाब में असमय पानी सुख जाता है। हाल यह होता है कि मनुष्य से भी बदतर स्थिति पशु पक्षियों की होती है। पानी के अभाव में सबका जीवन दुश्वार हो जाता है। इसका एक ही उपाय है वन क्षेत्र को बढ़ाया जाय। इस अवसर पर सहेली की अध्यक्ष सुनीता केशरी, निवर्तमान अध्यक्ष रंजना जायसवाल, चांदनी केशरी, वर्षा अग्रवाल, मंजू गुप्ता, गुड़िया केशरी, जायंट्स वेलफेयर फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एमपी केशरी पूर्व फेडरेशन पदाधिकारी डॉ आशीष गुप्ता आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## मुखिया ने किया अबुआ आवास का निरीक्षण

रंका (आजाद सिपाही)। रंकाकला पंचायत के मुखिया रंजीत सोनी ने रविवार को पंचायत के विभिन्न वार्डों में निर्माण हो रहे अबुआ आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में मुखिया के साथ रंकाकला पंचायत सहायक अरविंद साव, संदेश कुमार चौबे एवं अमरेंद्र कुमार भी शामिल थे। निरीक्षण के दौरान मुखिया रंजीत सोनी ने वैसे लाभुकों को जिनके खाते में अबुआ आवास योजना की प्रथम किस्त की राशि - 30000 ( तीस हजार) रूपये आ चुके हैं, लेकिन उनके द्वारा अभी तक कार्य आरंभ नहीं किया गया है। वैसे लाभुकों को मुखिया रंजीत सोनी के द्वारा कहा गया कि आप या तो समय सीमा के अंदर कार्य प्रारंभ करें, नहीं तो आपको 12.50 प्रतिशत व्याज के साथ राशि की रिकवरी की जायेगी। वहीं कुछ लाभुकों ने कहा कि आवास निर्माण कार्य आरंभ करने में देरी होने का कारण लगातार हो रही बारिश और बालू का नहीं मिलना भी परेशानी बताया जबकि कुछ लाभुक बाहर कमाने चले गये हैं। निरीक्षण के दौरान मुखिया ने अबुआ आवास के पहली किस्त राशि ले चुके हैं लाभुकों को शीघ्र निर्माण कार्य प्रारंभ करने की हिदायत दी है।



अबुआ आवास निर्माण कार्य प्रारंभ करने के लिए कहते मुखिया रणजीत सोनी और लाभुक।

## झामुमो के नव मनोनीत पदाधिकारियों को किया गया सम्मानित

# पूरी ईमानदारी से निभायें अपनी जिम्मेदारी सफलता कदम चूमेगी : मिथिलेश ठाकुर

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में पार्टी के विभिन्न वर्ग संगठन, मोर्चा के नवमनोनीत पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर पूर्व मंत्री श्री ठाकुर ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा में केंद्रीय अध्यक्ष व कार्यकर्ता एक समान हैं। बस लोगों की जिम्मेवारी भर अलग-अलग होती है। इसलिए पदाधिकारी एवं सभी कार्यकर्ता मिलकर निष्ठापूर्वक इमानदारी से अपनी जिम्मेवारी निभाएं। सफलता



कदम चुमेगी। नवमनोनीत पदाधिकारियों से श्री ठाकुर ने कहा कि सभी लोग यथाशीघ्र अपनी कमिटी में योग्य एवं कर्मठ लोगों को स्थान देते हुए विस्तार करें। संगठन तभी मजबूत होगा जब आपस में एकता एवं पार्टी के प्रति समर्पण होगा। श्री ठाकुर ने कहा कि संगठन सर्वोपरि है। उसके बाद ही कोई मंत्री व विधायक है। पूर्व मंत्री ने कहा कि सभी पदाधिकारी प्रतिदिन अपने क्षेत्र व जनता के लिए समय निकालें। मौके पर शरीफ अंसारी, जवाहर पासवान, चंदन जायसवाल, विश्वनाथ सिंह आदि ने विचार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष शंभु राम ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय समिति सदस्य तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, ताहिर अंसारी, परेश तिवारी, नितेश सिंह, आशीष अग्रवाल, धनंजय तिवारी, फरीद खान, नवीन तिवारी, सलीम जाफर, शंभु राम, मदनी खान, मुजीबुर्र रहमान, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। सम्मानित किये गये पदाधिकारियों में झामुमो युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष श्रवण कुमार सिंह उर्फ छोटू, उपाध्यक्ष धर्मराज पासवान, हरिओम यादव, सचिव मो. अतहर अली, संगठन सचिव अनुज चंद्रवंशी तथा कोषाध्यक्ष मो. सरफराज खान, महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष रेखा चौबे, उपाध्यक्ष चंदा देवी, सचिव दीपमाला कुमारी, कोषाध्यक्ष किरण देवी, छात्र मोर्चा का जिलाध्यक्ष निशांत चतुर्वेदी, उपाध्यक्ष किरण कुमारी, सचिव विकास चंद्रवंशी, संगठन सचिव मो. शमशेर अंसारी, सह सचिव आर्यन सिंह, विक्की, कोषाध्यक्ष सुरज तिवारी, अल्पसंख्यक मोर्चा का जिलाध्यक्ष मोजीबुर्रहमान, उपाध्यक्ष जगदीश टोप्पो, रेयाज खान आदि शामिल हैं।

## अंग वस्त्र देकर थाना प्रभारी को दी गयी विदाई

धुरकी (आजाद सिपाही)। थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के स्थानांतरण होने पर रविवार को कर्पूरी चौक समिप चौपाल में गणमान्य लोगों की मौजूदगी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मौके पर उपेंद्र कुमार को गुलदस्ता भेंट करने के पश्चात अंग वस्त्र देकर ससम्मान पूर्वक विदाई दी गयी। मौके पर मुख्य रूप से विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव व झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ईसराईल खान मौजूद थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि ने कहा कि थाना प्रभारी ने अपने कार्यकाल मे अपराध नियंत्रण के साथ साथ घटित घटनाओं का उदभेदन करने में सफलता पाई और क्षेत्र में शांति व्यवस्था को कायम रखा। उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



## डीएवी शिक्षक सूरज सिंह के पिता का निधन

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। डीएवी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर के शिक्षक एवं सेल से सेवानिवृत्त कर्मचारी सूरज सिंह के 79 वर्षीय पिता विश्वनाथ सिंह का निधन रविवार की सुबह बनारस के एक अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन से पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। बताया जाता है कि विश्वनाथ सिंह अपने सेल आवासीय क्वार्टर में बाथरूम से निकलने के दौरान गिर गये थे, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गये।


Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
J.S.C.A. Stadium Road, Sector.-III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone:0651-2444501,E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

**Tender Notice**

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through from eligible and interested contractors for Constructions of Physics/Chemistry/Biology Lab in Secondary and Higher Secondary Schools in different blocks/district of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 05.08.2025 at 2.00 PM.

The details of tender document can be seen on departmental website **https://jepc.jharkhand.gov.in** only.

**Ref. No.: JEPC/CIV/03/1586/2025/2732**
**Ranchi, Date :- 18.07.2025**

**Sd/-**
**State Project Director**
**Jharkhand Education Project Council**

PR 357712 (Jharkhand Education Project Council)25-26*D

# बुंडू में प्रतिभा सम्मान सामारोह का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बूंडू।** पातर मुंडा समाज के तत्वाधान में अरुणालय बैंकवेट हॉल बुंडू में रविवार को प्रतिभा सम्मान सामारोह संपन्न हुआ। सम्मान समारोह में झारखंड पातर मुंडा समाज के मैट्रिक इंटर परीक्षा में उत्कृष्ट अंक के साथ उत्तीर्ण विद्यार्थियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन से किया गया। मैट्रिक में सर्वोच्च स्थान प्रथम, प्रार्थना कुमारी, द्वितीय संगीता कुमारी, तृतीय स्वाती सुमन मुंडा, एधिका कुमारी और इंटरमीडिएट में प्रथम बेबी कुमारी, द्वितीय निशा कुमारी, तृतीय लक्ष्मी डुमारी को पुरस्कृत किया गया।

# राताई गांव में डायरिया का प्रकोप, दो दर्जन लोग संक्रमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र में डायरिया का संक्रमण लगातार फैलता जा रहा है। चुनीडीह, डूंगरीडीह, रांगाडीह और बड़ा आमडा गांव के बाद अब राताई गांव भी इसकी चपेट में आ गया है। यहां पिछले दो दिनों में डायरिया के चलते लगभग दो दर्जन लोग बीमार पड़ गये हैं। बीमारी की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम राताई गांव पहुंची और पीड़ितों का इलाज शुरू किया। टीम ने



प्राथमिक उपचार के साथ आवश्यक दवाएं भी उपलब्ध करायी। साथ ही गांव के कुओं व जलस्रोतों में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कर संक्रमण को फैलने से रोकने का प्रयास किया गया। ईचागढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. जगन्नाथ हेंब्रम ने बताया कि गांव की स्थिति वर्तमान में नियंत्रण में है और किसी तरह की घबराहट की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से लोगों को साफ-सफाई और खानपान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये हैं।

# नदी में डूबने से एक की मौत



**विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं, उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तपकारा थाना क्षेत्र की बुदुनदाय नदी में डूबने से शनिवार को जॉन टोपनो (52 वर्ष) की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार लतौली गांव निवासी जॉन टोपनो शनिवार की शाम को नदी की ओर गया था और तेज धार में बह गया। कुछ लोगों की नजर उस पर पड़ी और उसे निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव का रविवार को सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिवारजनों को सौंप दिया। घटना की जानकारी मिलने पर तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया रविवार को सुबी लतौली गांव पहुंचे, और जॉन के परिवार वालों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने पीड़ित परिवार को खाद्य सामग्री भी उपलब्ध करायी। अधिकारियों से बात कर पीड़ित परिवार को अबिलंब मुआवजा देने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया। विधायक ने कहा कि दुःख की इस घड़ी में हम पीड़ित परिवार के साथ हैं। उन्हें किसी तरह की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। मौके पर मुखिया प्रदीप गुड़िया भी मौजूद थे।

# डकरा में प्रखंड स्तरीय बालिका खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** गणेश स्पोर्टिंग क्लब के द्वारा डकरा स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कांके, बुढ़मू और खलारी प्रखंड के 100 से अधिक महिला खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता मे दौड़, गोला फेक , ऊंची कूद, लंबी कूद में प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। 1600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान सुमन कुमारी, दूसरा स्थान रजनी कुमारी और तीसरा स्थान संगीता कुमारी ने प्राप्त किया। गोला फेक सीनियर महिला ग्रुप में प्रथम स्थान बबीता कुमारी, द्वितीय स्थान रानी कुमारी, तीसरा स्थान पूनम कुमारी ने प्राप्त किया। गोला फेक जूनियर महिला ग्रुप में प्रथम स्थान अंजली कुमारी, दूसरा स्थान भारती कुमारी और तीसरा स्थान वर्षा कुमारी ने प्राप्त किया। सभी विजेता प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खलारी डीएसपी राम नारायण चौधरी ने गणेश स्पोर्टिंग क्लब और उनके द्वारा बालिकाओं को दिए जा रहे निशुल्क प्रशिक्षण की प्रशंसा की। इस मौके पर प्री लेवल कोच किरण कुमारी, झारखंड पब्लिक स्कूल मोहन नगर डकरा के निर्देशक अभिषेक चौहान, ओम प्रकाश शर्मा, दुर्गा वाहिनी संयोजिका सुनीता महतो, निरा देवी, बीना देवी, सोनी देवी उपस्थित थे।

# जेआइआइटी एकेडमी कंप्यूटर सेंटर में प्रमाण-पत्र वितरण समारोह



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा रोड खूंटी टोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कम्प्यूटर संन्टर में रविवार कों 12 माह का एडवांस्ड कम्प्यूटर कोर्स, छह माह का डिप्लोमा कंप्यूटर कोर्स एवं अन्य कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों के बीच प्रमाण-पत्र वितरण समारोह आयोजित किया गया। मौके पर 70 विद्यार्थियों के बीच कंप्यूटर प्रमाण-पत्र का वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र के साथ उत्कृष्टता पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इनमें एजेंल अंजलि चोंड़े को प्रथम, जोसेफ तोपनो को द्वितीय एवं प्रीति कुमारी को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। निदेशिका बुलबुल आईच ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनके मनोबल को बढ़ाते हुए सबको कम्प्यूटर के महत्व के बारे में समझाया। केंद्र निदेशक बिरेंद्र नाग ने बताया कि अगले कोर्स जैसे एडीसीए, डीटीपी, टैली, डिजीटल मार्केटिंग, टाइपिंग और अन्य कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए कम फीस में कोर्स कराया जायेगा। मौके पर सहायक शिक्षिका मोनी रानी, रोजलिन, दिव्या, अभिनव, पूर्वी, गणेश आदि उपस्थित थे।

## लपरा विकासनगर में समरसेबल खराब, ग्रामीण परेशान



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** लपरा पंचायत के विकासनगर में तीन माह से समरसेबल खराब हो गया है। जिसके कारण ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक को जानकारी दिया। जिसके बाद मोनू रजक रविवार को विकासनगर जाकर ग्रामीणों से समस्या की जानकारी ली। साथ ही समस्या के समाधान के लिए भी भरोसा दिया है। ग्रामीणों ने बताया कि विकासनगर में 7.5 एचपी का समरसेबल मशीन लगाया गया था, इससे ग्रामीणों को पंप के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जाता था। लेकिन तीन महीने से समरसेबल खराब हो जाने से 80 -90 घरों के ग्रामीणों को पानी के लिए काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने विधायक सुरेश बैठा से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द नया समरसेबल मशीन लगवाया जाय, ताकि पानी की समस्या दूर हो सके।

## जेएलकेएम ने मुरहू प्रखंड में चलाया सदस्यता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को मुरहू प्रखंड के कोडाकेल में विशेष सदस्यता अभियान चलाया गया। अभियान में कई गांवों के ग्रामीणों ने सक्रिय भागीदारी निभाई और बड़ी संख्या में लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर जिला अध्यक्ष कुमार ब्रज किशोर, जिला संयोजक सह मीडिया प्रभारी मुन्ना कुमार, महासचिव विक्रम महतो, महामंत्री विश्वकर्मा उरांव, उपाध्यक्ष बजरंग साहू, प्रखंड अध्यक्ष (एसटी मोर्चा) सुरेश टोपनो, एसटी. महिला मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष रीना लकड़ा, बिरेंद्र लुगुन, विजय नायक, राजू महतो, भूपेंद्र पांडेय, विकास पांडेय आदि शामिल थे। पार्टी के इस सदस्यता अभियान का उद्देश्य आम लोगों को पार्टी की विचारधारा से जोड़ना और संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाना है।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के 25 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पिपरवार कार्यकर्ता रविवार को सिमरिया के डाक बंगला के तेज नारायण यादव भवन में आयोजित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला चतरा के छठा सम्मेलन मे शामिल हुए। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के झारखंड राज्य सचिव महेंद्र पाठक उपस्थित थे। सम्मेलन में पूर्व जिला मंत्री बनवारी साहू के द्वारा तीन साल का कार्य रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया, जिसे चर्चा के बाद पास किया गया। सम्मेलन में 25 सदस्यीय जिला कमेटी का गठन किया गया, जिसमें नये जिला मंत्री गयानाथ पांडे, सहायक जिला मंत्री पिपरवार के मोहम्मद रहमतुल्लाह, डोमेन भुइयां एवं कोषाध्यक्ष नर्वदेश्वर सिंह को बनाया गया। वहीं जिला कमेटी के सदस्य में पिपरवार के अरविंद शर्मा, सेवक गंझु, रामनाथ महतो, विष्णु प्रसाद, जवाहर विश्वकर्मा, मंगरी देवी, अर्जुन कुमार, सफीक मियां, चिंतामणि शाह, मदन दास, राजेश दास, दिनेश्वर प्रसाद साहू, विष्णु प्रसाद को शामिल किया गया है। इस जिला सम्मेलन में पिपरवार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी शाखा की ओर से अरविंद शर्मा, रहमतुल्ला, सेवक गंझू, रामनाथ महतो, राजकुमार, बंटी मोदी ने बतौर प्रतिनिधि हिस्सा लिया। सम्मेलन में कई प्रस्ताव पास किये गये, जिसमें चतरा जिला के हर प्रखंड में सरकार से कोल्ड स्टोरेज खोलने की मांग की गयी।

# स्वास्थ्य शिविर लगा



आजाद सिपाही संवाददाता

**मैकलुस्कीगंज।** कॉन्स्टेंट लीभन्स अस्पताल मांडर के तत्वावधान में रविवार को मैक्लुस्कीगंज स्थित सेवा मार्ग मध्य विद्यालय में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में क्षेत्र के लगभग 200 ग्रामीणो ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस स्वास्थ्य शिविर में सामान्य चिकित्सा, स्त्री रोग, शिशु रोग, शल्य चिकित्सा और दंत चिकित्सा की सुविधायें उपलब्ध करायी गईं। मरीजों की जांच और इलाज के लिए कॉन्स्टेंट लीभन्स अस्पताल की विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणो की जांच की। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अनुप कुमार, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका, सामान्य चिकित्सक डॉ. लार्डविन और डॉ. सरस्वती तथा दंत चिकित्सक डॉ. जानवी ने मरीजों की स्वास्थ्य जाँच की और उचित परामर्श दिया। चिकित्सा प्रभारी डॉ लार्डविन ने बताया कि ग्रामीण और सुदूर क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने के उद्देश्य से ऐसे शिविरों का आयोजन किया जाता है ताकि लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके और समय रहते बीमारियों का इलाज सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने बताया अधिक जानकारी या चिकित्सा सहायता हेतु कॉन्स्टेंट लीवन्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, मांडर, रांची के हेल्पलाइन नंबर 8877553311 पर संपर्क किया जा सकता है।

## मिलन चौक कांवरिया संघ जलाभिषेक के लिए वाराणसी रवाना



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सितु मिलन चौक व्यावसायिक कांवरिया संघ ने हर साल की तरह इस बार अपने क्षेत्र के कुशल मंगल कामनाएं पूर्ण हेतु जलाभिषेक के लिए काशी विश्वनाथ बनारस के लिए निकल चुके हैं और वहीं से प्रयागराज त्रिवेणी संगम में डुबकी लगा के वहां से सीधे चित्रकूट पहुंचेंगे, जहां भगवान रामचंद्र अपनी धर्मपत्नी सिताजी एवं भाई लक्ष्मण के साथ साढ़े ग्यारह साल तक वनवास में थे, वहीं दर्शन करेंगे। कांवरिया संघ के संचालक दिलीप कुमार दास, महेश्वर गोप, राधाकृष्ण साव, योगेंद्र नाथ तिवारी, शिवेश्वर महतो, बुधन लाल हजाम, सुबल दास, उमाचरण दास, बनबिहारी गोप, मलिन चंद महतो, शशधर गोप, कार्तिक गोप, दिनेश चंद्र महतो, निर्मल महतो, सत्यनारायण प्रमाणिक, दोलू गोप, बांकाराम, सुदर्शना, मनोज आदि लोग शामिल है।

## 60 कांवरियों का जत्था देवघर रवाना

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी जिला कांवरिया संघ के बैनर तले खूंटी के 60 कांवरियों का जत्था रविवार को देवघर के लिए रवाना हुआ। जयप्रकाश भाला और विहिप जिलाध्यक्ष विनोद जायसवाल के नेतृत्व में बाबा धाम रवाना हुए कांवरियों के जत्थे को नेताजी चौक स्थित देवी मंडप के पास लोगों द्वारा मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए रवाना किया गया। मौके पर विहिप के जिला उपाध्यक्ष विकास मिश्रा, बजरंग दल संयोजक मुकेश जायसवाल, विहिप के जिला सहमंत्री एमपी सिंह, लव चौधरी, संजीव चौरसिया सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कांवरियों के इस दल में आरएसएस के सुनील साहू, बजरंग बाहेती, राजेश्वर गुप्ता, सुरजू साहू, दिलीप जायसवाल, विहिप के एमपी सिंह, प्रवीण जायसवाल, विक्की गुप्ता समेत अन्य कांवरिए शामिल हैं। कांवरियों के जत्थे का नेतृत्व कर रहे जयप्रकाश भाला ने बताया कि एक बस और तीन छोटे वाहन में खूंटी के 60 कांवरिया सर्वप्रथम सुल्तानगंज जाएंगे और वहां से उत्तरवहिनी गंगा का पवित्र जल लेकर पैदल देवघर पहुंचेंगे। वहां पूजाकृअर्चना और जलाभिषेक के बाद सभी कांवरिया वासुकीनाथ जायेंगे। बाद में कांवरियों का जत्था बंगाल के तारापीठ होते हुए वापस खूंटी लौटेंगे।

# जेल अदालत में बाइक चोरी के आरोपी को किया गया रिहा




**डालसा सचिव ने बताया कि जेल अदालत के दौरान पुरुष और महिला विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषिकेश कुमार के निर्देश पर खूंटी उपकारा में रविवार को जेल अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें तोरपा थाने में वर्ष 2019 में दर्ज बाइक चोरी मामले के आरोपी जितेंद्र ठाकुर को रिहा कर दिया गया। उक्त चोरी के मामले में पुलिस द्वारा बाइक भी बरामद कर ली गई थी। आरोपी जितेंद्र ठाकुर अगस्त 2024 से खूंटी उपकारा में बंद था। यह जानकारी देते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने बताया कि जेल अदालत के दौरान जब यह मामला सामने आया, तो न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम अमित आकाश सिन्हा द्वारा की जा रही सुनवाई के दौरान जितेंद्र ने अपना दोष स्वीकार किया और तत्काल बाद उसके रिहाई का आदेश दे दिया गया और वह कुछ ही देर के बाद जेल से बाहर आ गया। डालसा सचिव ने बताया कि जेल अदालत के दौरान पुरूष और महिला विचाराधीन बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें बंदियों की नियमित स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यक दवा और स्वास्थ्य संबंधी सुझाव दिये गये। जेल अदालत के मौके पर जेल अधीक्षक अनुराधा कुमारी भी मौजूद थीं। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

# माता-पिता, सास-ससुर और बड़े-बुजुर्गों का सम्मान भक्ति का पहला चरण है: स्वामी गंगाधर

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** महर्षि में हीं आश्रम मलियादा और शबरी कुटिया शांतिपुरी मुरहू में सावन के महीने में संतों का विशेष सत्संग चल रहा है। रविवार को मलियादा आश्रम में ऋषिकेश आश्रम के स्वामी गंगाधर जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि माता-पिता, सास-ससुर और बड़े -बुजुर्गो का सम्मान करना भक्ति का पहला चरण है। भगवान श्रीराम अपने सभी श्रेष्ठ जनों का सम्मान करते थे। उन्होंने कहा कि वेद भगवान कहते हैं कि ईश्वर प्रसवकर्ता है, जिनको भूल जाने से पाप लगता है। ईश्वर भक्ति करने से बुद्धि उत्तम हो जाती है, तृष्णा की भूख मिटती है।



उन्होंने कहा कि जहां सुमति होती है, वहां अनेक संपत्ति होगी। सद्गुरु महर्षि में हीं परमहंस जी महाराज के उद्धरण में एक कहानी में उन्होंने कहा कि एक परिवार में दो पुत्रों के साथ पिता जंगल में भटक गये। उन्हें बड़ी जोर की भूख लगी। खाने को कुछ नहीं था। फिर भी पिता ने एक पुत्र को लकड़ी लेने भेज दिया, एक को पानी लाने भेज दिया, और खुद रस्सी बनाने लगे। उसी पेड़ पर एक प्रेत रहता था, उससे रहा नहीं गया। वह नीचे आकर पिता से कहा कि रस्सी क्यों बना रहे हैं। पिता ने कहा कि तुम्हें बांधने के लिए। प्रेत दोनों पुत्रों का पिता के प्रति सम्मान और एकता देखकर डर गया। उसने रसोई के लिए सारा प्रबंध किया। साथ ही उन्हें एक खजाने का राज बताया, जिसे लेकर पिता-पुत्र घर को लौट गये। स्वामी डॉ निर्मलानंद जी महाराज ने भी विशेष सत्संग में कहा कि गुरु जीवन के सारे दोष का त्याग करा देते हैं और धार्मिक अध्यात्मिक ज्ञान से भर देते है। स्वामी लक्ष्मण जी महाराज और स्वामी वैष्णवानंदजी महाराज ने ईश्वर भक्ति और गुरु भक्ति को जीवन में अनिवार्य बताया। लोदरो बाबा, मुरलीधर बाबा, दिगंबर बाबा ने भी भक्ति मार्ग को ही मनुष्य जीवन की सार्थकता बताई। मौके पर डॉ डीएन तिवारी, डॉ संजय कुमार, रामहरि साव, मुचीराय मुंडा, मंगल मुंडा, सुरेश पंडित, चमरा मुंडा, सुबोध कुमार, हरिद्वार ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर खूंटी में निकलेगी नगर संकीर्तन यात्रा

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ इस्कॉन अनुमोदित श्री श्री हरे कृष्ण नामहट खूंटी के तत्वावधान में सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें केंद्र संचालक शुकामृत दास की अध्यक्षता में आगामी भाद्र मास अष्टमी तिथि 16 अगस्त 2025 जन्माष्टमी महोत्सव नगर भवन खूंटी में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा और उपायुक्त आर रॉनीटा और अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी विशिष्टि अतिथि के तौर पर उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नगर संकीर्तन, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव में गुजरात से आये राम गिरधारी प्रभु की भागवत कथा प्रातः काल मंगल आरती, दर्शन आरती, गुरु पूजा, हरि कीर्तन, नाट्य प्रस्तुति, प्रोजेक्टर चलचित्र, नृत्य कीर्तन, 108 भोग अर्पण, महा आरती और महाप्रसाद वितरण किया जायेगा।

# डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में अंतरसदनीय नृत्य प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में सहगामी क्रियाकलाप के अंतर्गत अंतर्सदनीय नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में चारों सदनों के छात्र छात्राओं ने लोक नृत्य व देशभक्ति नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति दीं, जिनमें विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक और देशप्रेम की भावना नजर आयी। प्रत्येक सदन के बच्चों ने अलग-अलग समूहों में दो-दो नृत्य प्रस्तुत किया। लोक नृत्य के माध्यम से बच्चों ने अलग-अलग प्रांतों की कला, परंपरा व संस्कृति को मंच पर जीवंत किया। वहीं देशभक्ति नृत्य ने उपस्थित शिक्षकों, निर्णायकों और विद्यार्थियों को देशप्रेम के रंग




से सराबोर कर दिया। देशभक्ति नृत्य प्रतियोगिता में श्रद्धानंद हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर विवेकानंद हाउस तथा तृतीय स्थान पर हंसराज हाउस रहा। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका आरआर दत्ता, एस डे एवं सुबी मेम ने निभाया। मंच संचालन कक्षा नवम की छात्रा अर्पिता कुमारी ने किया। स्कूल के वरीय शिक्षक एके लाल ने बच्चों की नृत्य प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिता से बच्चों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में सीसीए इंचार्ज एसके पांडेय एवं विभिन्न सदनों के शिक्षक शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।कार्यक्रम के दौरान स्कूल के सभी शिक्षक शिक्षिका और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विस्थापित हक-अधिकार के लिए मानसून सत्र में करेंगे विधानसभा का घेराव: पंकज

## सभी सरकारी-गैरसरकारी संस्थानों की करेंगे जोरदार घेराबंदी : कलाम

- 25 जुलाई को बैठक कर आंदोलन की अगली रणनीति की घोषणा का निर्णय

आजाद सिपाही संवाददाता



हटिया विस्थापित परिवार समिति की बैठक में उपस्थित लोग।

**पिस्कानगड़ी।** हटिया विस्थापित परिवार समिति की बैठक रविवार को हुई। जिसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने की। इसमें सर्वसम्मति से निर्णय अपने अधिकार और अस्तित्व की रक्षा के लिए आंदोलन तेज करने का निर्णय लिया गया। वक्ताओं ने कहा कि विस्थापित अब कोर कैपिटल क्षेत्र में स्थापित सभी सरकारी, गैर सरकारी संस्थान में क्रमवार आंदोलन करेंगे। इस क्रम में मॉनसून सत्र के दौरान हजारों विस्थापित विधानसभा का घेराव करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी गांवों में बैठक की जायेगी। अगली बैठक नयासराय मुड़मा मैदान में 25 जुलाई को होगी। जिसमें आने वाले समय में आंदोलनों की रूप रेखा तय कर भावी कार्यक्रम की तिथि की घोषणा की जाएगी। अपने संबोधन में समिति के अध्यक्ष पंकज शाहदेव ने कहा कि बिना आंदोलन के कुछ नहीं मिलता है। इसलिए हमें एकजुट होकर अपने लक्ष्य को पाना है तो संघर्ष करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। समिति आने वाले समय में सभी की सहमती से जो भी कार्यक्रम तय करेगी उस निर्णय में हम सभी को तन, मन, धन से महत्वपूर्ण योगदान देना। सभी लोगों को घर-घर जाकर जागरूक करना होगा। विधानसभा घेराव को सफल बनाना होगा, क्योंकि यह विस्थापितों का भविष्य तय करेगी। वहीं, संगठन के महासचिव सह झामुमो नेता कलाम आजाद ने कहा कि हमें सिर्फ विधानसभा घेराव तक ही सीमित नहीं रखना है, बल्कि विधानसभा घेराव के तत्काल बाद इस क्षेत्र में स्थापित आईआईएम, गेल इंडिया सहित सभी सरकारी गैर सरकारी संस्थान में भी रोजगार को लेकर जोरदार घेराबंदी करनी होगी। हर हाल में सभी संस्थान को यहां के बेरोजगार विस्थापितों को नौकरी देना होगा। इस मौके पर सचिव महावीर मुंडा ने कहा कि जब तक हम अपना अधिकार प्राप्त नहीं कर लेते चैन से नहीं बैठेंगे। बैठक को तरुण शाहदेव, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, कालीचरण लोहार, बीजू महतो, विनोद सिंह, मनोज पाठक, रोहित पांडे, शिव कुमार सिंह, प्रसन्न पांडे, बुधराज सिंह, राजेश्वर यादव, जयप्रकाश साहू, किशोर नाथ शाहदेव, अनिल महतो और मनोज बैठा ने भी संबोधित किया। इसके अलावा रैयतों की जमीन को एचइसी के नाम पर दाखिल खारिज कराने के प्रयास का विरोध करने वाले खिजरी विधायक राजेश कच्छप का समिति ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर धीरज मेहता, धीरंजय सहदेव, महावीर नायक, विनोद लोहार, अर्जुन महतो, विशाल गुप्ता, मठन लोहार, पारस शाहदेव, नीरज लोहार, सुशांत शाहदेव, संजय लोहार, अजित शाहदेव, ऋषि सिंह देव, निशांत सिंह देव, रामेश्वर सिंह, शंकर लोहार, विजय शाहदेव, फैसल आजाद, रवि लोहार, सुमित कुमार, वसीम अहमद, मृत्युंजय लोहार, समोज लोहार आदि उपस्थित रहे।

# गुरु न केवल अन्नदाता, बल्कि चरित्र निर्माता और समाज के मौलिक स्तंभ भी होते हैं : सुशील अंकन

## संस्कार भारती ने किया 'सम्मान आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर संस्कार भारती रांची महानगर की ओर से रविवार को 'सम्मान आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समाज के दो विशिष्ट गुरुजन माया वर्मा को संगीत, लोकगीत और शिक्षा के क्षेत्र में उनके वर्षों के अथक योगदान एवं पद्मश्री मुकुंद नायक को झारखंड के लोक नृत्य एवं लोक गायन के संवाहक के रूप में दीर्घ साधना और विद्यार्थियों के जीवन में किए गए अमूल्य योगदान के लिए उनके आवास पर जाकर सम्मानित किया गया। इसका उद्देश्य गुरुओं के प्रति श्रद्धा प्रकट करने की परंपरा को केवल मंच तक सीमित न रखकर, उसे जीवन के प्रत्येक क्षण और स्थान तक विस्तारित करना। इसी भावना से प्रेरित होकर संस्कार भारती रांची महानगर ने दोनों गुरुओं के निवास पर जाकर उन्हें अंगवस्त्र, पुष्पगुच्छ, श्रीफल एवं फलों से सम्मानित किया। सम्मानित करने वालों में संस्कार भारती प्रांत के अध्यक्ष प्रो सुशील अंकन, रांची महानगर के अध्यक्ष रामानुज पाठक, उपाध्यक्ष आशुतोष प्रसाद, महामंत्री शशिकला पौराणिक, कोषाध्यक्ष अनूप कुमार मजूमदार, साहित्य विधा संयोजक सुरिंदर कौर नीलम, मंचीय कला संयोजक अवनींद्र सिंह, सदस्य रजनी शर्मा, चंदा, निर्मला सिंह आदि शामिल थे। इस अवसर पर संस्कार भारती रांची महानगर के अध्यक्ष रामानुज पाठक ने कहा कि हमारे गुरु मंदिरों से नहीं, संस्कारों से बनते हैं। यह प्रयास उन सभी गुरुजन को उनके ही घर पर जाकर ससम्मान नमन करने का था, जिन्होंने हमें शब्द, सुर दिए और जीवन की राह दिखाई। वहीं, दोनों गुरुओं ने संस्था को हृदय से आशीर्वाद दिया। कहा कि यह पहल केवल सम्मान नहीं, बल्कि एक भावनात्मक स्पर्श है, जो जीवन भर स्मरणीय रहेगा। वहीं, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष सुशील अंकन ने कहा कि गुरु न केवल अन्नदाता हैं, बल्कि वे चरित्र निर्माता और समाज के मौलिक स्तंभ भी हैं। इस प्रकार के आयोजन से युवा पीढ़ी में गुरुजनों के प्रति सम्मान एवं प्रेरणा का संचार होता है। रांची महानगर उपाध्यक्ष आशुतोष प्रसाद ने कहा कि गुरु वह दीप है, जो अपने ताप से स्वयं जलता है और दूसरों के जीवन में प्रकाश भरता है। गुरु वह वटवृक्ष है, जिसकी छाया में ज्ञान, संस्कार और जीवन के सार की निर्झरिणी बहती है। गुरु केवल एक शिक्षक नहीं, एक प्रेरक, एक निर्माता और एक सही मार्गदर्शक होता है। महामंत्री शशिकला पौराणिक ने बताया कि संस्था की ओर से 'सम्मान आपके द्वार' पर एक स्थायी परंपरा के रूप में हर वर्ष विभिन्न क्षेत्रों के गुरुओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अवसर पर पद्मश्री मुकुंद नायक एवं माया वर्मा के साथ अवनींद्र सिंह ने प्रेरणास्पद लोक गीतों की प्रस्तुति से सब का मन मोहा।

## विवाहित युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के टेंगरिया गांव में रविवार को अपराह्न तीन बजे विवाहित युवक रोशन किस्पोट्टा (37) ने अपने घर में ही घरेलू विवाद के कारण दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस बाबत बेड़ो थाना में एक मामला दर्ज किया गया है। इधर, घटना की सूचना मिलने पर एसआई नंदू पैरा दलबल के साथ मौके पर पहुंच गये। पुलिस ने शव बरामद कर लिया। थाना प्रभारी देवप्रताप प्रधान ने बताया कि मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए सोमवार को रिम्स अस्पताल भेजा जाएगा। मृतक अपने पीछे पत्नी मोनिका किस्पोट्टा एक पुत्री और एक पुत्र छोड़ गया है।

## जेल अदालत का सफल आयोजन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से रविवार को बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विजय कुमार यादव, रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, रांची, एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, एलएडीसी डिप्टी, राजेश कुमार सिन्हा, कारापाल, काराकर्मी, न्यायालयकर्मी एवं बंदी उपस्थित थे। विभिन्न न्यायालयों में लंबित वाद निष्पादन के निमित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में संसीमित सात बंदियों का आवेदन जेल अदालत के लिए समर्पित किया गया था। तीन बंदियों को जेल अदालत का लाभ देते हुए कारा मुक्त किया गया, जिनमें जेया फतहा, बंटी सिंह एवं अरमान अख्तर शामिल हैं। जेल अदालत-सह-विधिक जागरूकता शिविर में बंदियो को लीगल एड क्लिनिक के बारे में जानकारी मुख्य एलएडीसी एवं डिप्टी एलएडीसी रांची की ओर से दिया गया।

## 10 अगस्त को श्रावणी मेला के आयोजन को लेकर उलातू महाकालेश्वर धाम में बैठक



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** उलातु महाकालेश्वर धाम में चल रहे एक महीने के श्रावणी मेला का समापन भव्य तरीके से करने को लेकर समिति की बैठक रविवार को मंदिर परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्ष सोनाराम मुण्डा ने की। बैठक में चल रहे श्रावणी मेला कि विधि व्यवस्था को चाक चौबंद करने पर विचार किया गया। मेला का समापन 10 अगस्त श्रावण पूर्णिया के दिन होना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम नागपुरी आर्केस्ट्रा का भी आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके सफल आयोजन के लिए अलग-अलग टीम बनाकर जिम्मेदारी सौंपी गयी है। बैठक का संचालन समिति के मुख्य संरक्षक अमरनाथ चौधरी ने किया। इस मौके पर मानकी राजेंद्र साही, भाजपा नेता सुरेश महतो, दिलीप मेहता, सत्यनारायण तिवारी, दीपक बडाईक, छेदी महतो, उमाशंकर साहू, रोहित महतो, अलखनाथ महतो, सुनील कुमार, रितेश मुण्डा, कुलदीप मुण्डा, झरी मुण्डा, सुरेश मेहता, टिगु पहान, महेंद्र मुण्डा, अरूण मण्डल, मुकेश मुण्डा, चामु मुण्डा, अंशी मुण्डा, सरजू उरांव, तरूण कुमार, ओमप्रकाश चंद्रवंशी, अजित कुमार, राजकिशोर मुण्डा और दिलेश्वर मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## अवैध शराब भट्ठियों में छापामारी, महुआ जावा-शराब नष्ट की

**इटकी (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने शनिवार की रात सात बजे अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी अभियान चलाकर भट्टियों में 50 किलो से अधिक महुआ जवा और कई हैलन शराब को नष्ट कर दिया। साथ ही शराब बनाने वाले वर्तन सहित अन्य सामग्रियों को जब्त कर लिया। हालांकि पुलिस की आने की सूचना पाकर अवैध शराब बनाने वाले भाग निकलें। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि अवैध शराब के विरुद्ध इटकी के आनंदपुर, सियार टोली और कुर्गी गांव में छापामारी की गई। इन गांवों में भट्ठियों पर अवैध शराब बनाने की सूचना पुलिस को पहले से थी। छापामारी में थाना प्रभारी मनीष कुमार, एएसआई विविक दुबे, एसआई बालकिशोर हेम्ब्रोम सहित शस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बाइक शोरूम में चोरी, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के साक्षी ऑटोमोबाइल चंदवे बजाज बाइक शोरूम में शनिवार की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। दुकान के संचालक दीपक कुमार चौरसिया ने बताया कि चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर अंदर प्रवेश किया, लेकिन उन्हें कोई मूल्यवान वस्तु या रुपया नहीं मिला। चोरों को केवल छोटे-मोटे टूल्स और चार्जर ही हाथ लगे, जिसे वे लेकर फरार हो गए। वहीं, नई गाड़ी ले जाने में चोर नाकाम रहे, जिस कारण दुकान के मालिक को ज्यादा नुकसान नहीं हुआ। चोरी का वारदात दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज में चोरों की हरकतें साफ दिखाई दे रही है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि पिठोरिया पुलिस सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों को पकड़ने में कामयाब होगी।गौरतलब है कि पिठोरिया थाना क्षेत्र में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही और पुलिस प्रशासन को चोरों को पकड़ने में असफल रही है। इससे चोरों का मनोबल बढ़ता जा रहा और वे चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# वांक्षित अपराधी महिला साथी के साथ गिरफ्तार, हथियार और कारतूस बरामद

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग-39 के सोंस गांव में गुप्त सूचना के आधार पर रविवार की शाम चार बजे छापामारी कर सोनू नामक अपराधी के साथ ही एक महिला को भी गिरफ्तार किया है। उनके पास से हथियार और कारतूस बरामद किया गया है। जानकारी के मुताबिक पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सोंस के वॉशिंग सेंटर में एक कार धुलवाने के लिए गढ़वा निवासी सोनू नामक युवक एक महिला के साथ रुका है। इसके बाद पुलिस तुरंग हरकत में आयी और वाशिंग सेंटर पहुंचकर सोनू को पकड़ लिया। उसके गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से एक पिस्टल और आठ राउंड कारतूस बरामद किया गया। पुलिस ने सोनू और महिला साथी को पकड़ कर थाने ले गयी। दोनों गढ़वा जिले के रहने वाले हैं। थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गिरफ्तार सोनू का पहले से आपराधिक रिकार्ड रहा है। उसके खिलाफ विभिन्न थानों में कई एफआईआर भी दर्ज है।

## पुष्पा रानी शाही मुंडा पंचतत्व में विलिन



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही )।** बिहार विधानसभा परिषद में एमएलसी रहे स्व छत्रपति शाही मुण्डा की पत्नी पुष्पा रानी शाही मुण्डा (80) का शनिवार को निधन हो गया था।उनका अंतिम संस्कार रविवार को नवागढ स्थित शमशान घाट लोधाबेड़ा में किया गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गयी हैं। उनके कनिष्ठ पूत्र सत्यप्रकाश शाही मुण्डा ने मुखाग्नि दी। पूर्व मंत्री गीताश्री उराँव, देवकुमार धान, पूर्व विधायक रामकुमार पहान, जैलेंद्र कुमर, देवेंद्रनाथ महतो, संजय तिर्की, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, उप प्रमुख जयपाल हजाम आदि ने शोक प्रकट किया है।

## जब तक सदान को सही अधिकार नहीं मिल जाता, लड़ाई जारी रहेगी : अरुण

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सदान विकास परिषद केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को नगड़ी स्थित मनोकामना नगर के ममता होटल में हुई। जिसमें वरीय सदस्यों के अलावा रांची जिले के विभिन्न प्रखंडों सहित विभिन्न पंचायतों के दर्जनों गांव के लोग उपस्थित थे। बैठक में परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण कश्यप, प्रधान महासचिव विजय महतो, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ आरपी सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रेम सागर केसरी, ललित मिश्रा मंटू आदि शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में कहा कि झारखंड में सदान वर्ग के लोगों को हमेशा छला गया है। प्रदेश की सभी राजनीति पार्टियों ने सिर्फ अपना हित साधने के लिए इसका उपयोग किया है। इस मौके पर सदान विकास परिषद के वरीय पदाधिकारी ने कहा कि परिषद वर्ष 1987 से सदानो के मौलिक अधिकार को लेकर आंदोलन कर रही है झारखंड में 13 जिलों को अनुसूचित क्षेत्र घोषित किया गया है और झारखंड राज्य को छठी अनुसूची में शामिल कर आदिवासी राज्य बनाने कि साजिश की जारी है जिसका परिषद विरोध करता है। जब तक सदान को उसका सही अधिकार नहीं मिल जाता तब तक लड़ाई जारी रहेगी। वहीं, परिषद के प्रधान महासचिव विजय महतो ने कहा कि सदान विकास परिषद झारखंड में पेसा कानून बिल्कुल लागू नहीं होना देगा। कहा कि झारखंड के आंदोलन में सदान वर्ग का भी काफी महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन सरकार की दोहरी नीति के कारण राज्य के सदान शहीदों को मान सम्मान नहीं मिला। मौके पर परिषद के प्रधान महासचिव विजय महतो, डॉ सत्य प्रकाश मिश्रा, डॉ आरपी सिंह, उपेंद्र सिंह, प्रेम सागर केसरी, ललित मिश्रा मंटू, नवल किशोर आदि मौजूद रहे।

## सचिन नायक बने पशुपालन एवं भूमि संरक्षण विभाग के विधायक प्रतिनिधि



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)** खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने प्रखंड के चिलदाग गांव निवासी सचिन नायक को जिला कृषि, मत्स्य, पशुपालन एवं भूमि संरक्षण विभाग रांची का विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। विधायक ने मनोनयन संबंधी पत्र सौंपते हुए सचिन नायक को निर्देश दिया है कि वे जन समस्याओं एवं विकास कार्यों के संबंध में स्थानीय सरकारी एवं गैर सरकारी पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर जनहित से जुड़े कार्यों का निष्पादन एवं समस्याओं का समाधान करना सुनिश्चित करेंगे।उधर, विधायक प्रतिनिधि बनाए जाने पर दीपा उरांव, जयपाल हजाम, शिवदास गोस्वामी, श्रवण मुंडा, राजेंद्र मुंडा, एतवा उरांव, साकिर अंसारी, रज्जाक अंसारी, सफीक अंसारी आदि ने बधाई दी है।

## डीएवी स्पोर्ट्स कलस्टर का समापन विजेताओं को किया गया सम्मानित




**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** कांके स्थित नीरजा सहाय डीएवी में चल रहे दो दिवसीय डीएवी स्पोर्ट्स क्लस्टर स्तर का रविवार को समापन हो गया। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में 10 विद्यालयों के करीब 594 खिलाड़ियों ने भाग। प्राचार्या किरण यादव ने विजयी खिलाड़ियों को जोनल स्तर पर खेलने की शुभकामनाएं दीं। **प्रतियोगिताओं के परिणाम :** हैंडबॉल अंडर-14 (लड़कों) डीएवी बरियातू प्रथम, द्वितीय डीएवी कपिल देव, अंडर 14 (लड़कियों) प्रथम डीएवी बरियातू, द्वितीय डीएवी कपिल देव और तृतीय डीएवी टीसीआई गोविंदपुर, अंडर 17 (लड़कों) में प्रथम डीएवी पुंदाग, द्वितीय डीएवीटीसीआई गोविंदपुर, अंडर-17 (लड़कियों) में प्रथम डीएवी पुंदाग, द्वितीय डीएवी बरियातू, अंडर 19 (लड़कों) में प्रथम डीएवी बरियातू, द्वितीय नीरजा सहाय डीएवी, अंडर 19 (लड़कियों) में प्रथम नीरजा सहाय डीएवी रहे। इसके अलावा खो-खो अंडर-14 (लड़कों) में प्रथम डीएवी गांधीनगर, द्वितीय डीएवी कपिलदेव, तृतीय डीएवी आनंदस्वामी। अंडर 14 (लड़कियों) में प्रथम डीएवी बरियातू, द्वितीय डीएवी कपिल देव, तृतीय डीएवीटीसीआई गोविंदपुर, अंडर 17 (लड़कों) में प्रथम डीएवी गांधीनगर, द्वितीय डीएवी कपिलदेव, तृतीय डीएवी बरियातू, अंडर 17 (लड़कियों) में प्रथम नीरजा सहाय डीएवी, द्वितीय डीएवी कपिल देव, तृतीय डीएवी गांधीनगर, अंडर 19 (लड़कों) में प्रथम नीरजा सहाय डीएवी, द्वितीय डीएवी बचरा, तृतीय डीएवी टंडवा, अंडर 19 (लड़कियों) में प्रथम डीएवी आनंदस्वामी, द्वितीय डीएवी टंडवा, तृतीय नीरजा सहाय डीएवी। वॉलीबाल अंडर 14 (लड़कों) में प्रथम नीरजा सहाय डीएवी, अंडर 17 (लड़कों) में प्रथम डीएवी कपिल देव, द्वितीय नीरजा सहाय डीएवी, अंडर 17(लड़कियों) प्रथम नीरजा सहाय डीएवी, द्वितीय डीएवीटीसीआई गोविंदपुर, अंडर - 19 (लड़कों) में प्रथम डीएवीटीसीआई गोविंदपुर, द्वितीय नीरजा सहाय डीएवी, तृतीय डीएवी गांधीनगर और अंडर 19 (लड़कियों) में प्रथम नीरजा सहाय डीएवी रहा।

## सस्टेनेबल एग्री-बिजनेस की दिशा में उषा मार्टिन की पहल

# 70 एकड़ में बढ़ी ड्रीप इरिगेशन से सिंचाई की सुविधा

आजाद सिपाही संवाददाता



**अनगड़ा।** उषा मार्टिन फॉउंडेशन ने सस्टेनेबल एग्री-बिजनेस की दिशा में पहल की है। गांवों में ग्रामीणों के बीच वृक्षारोपण की संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। पौधारोपण से आमदनी के लिए प्रगतिशील किसानों के माध्यम से नर्सरी का निर्माण किया गया है। किसान गांव के स्तर पर अपने खेतीबारी में आत्मनिर्भर हो, इसके लिए कंपनी के माध्यम से मासू, अनगड़ा और सिलवई में पॉलीनेट स्थापित किया गया। इस पॉलिनेट के माध्यम से पिछले सीजन में स्ट्रोबेरी की खेती कर प्रत्येक किसानों ने औसतन दो लाख से तीन लाख तक की आमदनी की है। स्ट्रोबेरी का प्लांट अगले मौसम खरीदना नहीं पड़े। इसके लिए कंपनी के सहयोग से तीन गांवों महिलौंग, बेडवारी और अनगड़ा में किसान के पॉलीहाउस में नर्सरी बनाया गया है। इससे इस साल 20 हजार स्ट्रोबेरी और सहजन का प्लांट तैयार किया गया है, जो इसकी खेती में उपयोग होगा। इससे किसानों को बाहर से प्लांट खरीदना नहीं पड़ेगा। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि सस्टेनबल एग्री-बिजनेस के लिए किसानों को मल्टीक्रॉप्स से जोड़ा गया है। विकास में वृक्षों के महत्व पर जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां हर घर एक पेड़ के अभियान की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर गांव की ही प्रगतिशील किसान टिकाऊ विकास के लिए फॉउंडेशन की ओर से पहले चरण में 100 किसानों के मृदा की जांच हुई है। अभी 50 और किसानों की मृदा जांच करायी गयी है। इसके अलावा अभी तक 70 किसानों के जमीन को ड्रीप इरिगेशन लगाया गया है जिससे 70 एकड़ जमीन पर सिंचाई हो सकेगी। सरकारी सहयोग से इन किसानों के खेतों में ड्रीप इरिगेशन की पूरी सुविधा मुहैया करायी गयी, जिसके अनुदान की राशि कंपनी द्वारा उपलब्ध करायी गयी। इसके बाद किसानों को शब्जी, नकदी फसल एवं मोटे अनाज की खेती के लिए चरणबद्ध तरीकें से प्रशिक्षण मुहैया कराया गया। यह प्रशिक्षण रामकृष्ण मिशन एवं अन्य संस्थाओं के सहयोग से गांव स्तर पर संपन्न हुआ। किसानों को नकदी फसल के साथ अब फलदार एवं जंगली वृक्षों की उपयोगिता के बारे में जागरूक किया गया है। अनगड़ा के दिनेश महतो ने आधा एकड़ जमीन में आम का पेड़ लगाया है। इसके अलावा टांड जमीन पर मडुवा की खेती को बढ़ाया जा रहा है। 40 किसानों को नकदी फसलों स्ट्रोबेरी, तरबूज, खरबूज एवं अन्य नकदी फसल के लिए बीज मुहैया कराया गया। इसके अलावा 18 गांवों के 400 से अधिक किसानों को गरमा एवं शब्जी के बीज मुहैया कराए गए हैं।

### किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण : मेवालाल महतो

उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से किसानों को जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण शिविर में 18 गांवों 25 से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल हुए। उक्त जानकारी एग्री बिजनेस के कोडिनेटर मेवालाल महतो ने दी। उन्होंने बताया कि अगले चरण में चयनित किसानों के साथ जैविक खेती की जायेगी। इसके लिए झारखंड के पहले जैविक गांव धुरलेटा के गुड प्रैक्टिस को भी किसानों को बताया गया है।

## आदिवासी दिवस मनाने को लेकर बेड़ो में बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान स्थित रंग मंच में रविवार को बैठक हुई, जिसमें नौ अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस मनाने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक की अध्यक्षता 21 पड़हा ईंटा कोटवार सोमरा उरांव ने की। इस अवसर पर केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष सह सांसद प्रतिनिधि जुगेश उरांव ने कहा कि इस वर्ष विश्व आदिवासी दिवस बेड़ो में पूरे उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह पर्व आदिवासी समाज की सांस्कृतिक विरासत, परंपराओं एवं अस्मिता का प्रतीक है। यह हमारी पूर्वजों की धरोहर है। उन्होंने कहा कि इसका मूल उद्देश्य समाजिक समरसता, भाईचारा, एकता, सद्भावना और समग्र विकास है। उन्होंने कहा कि इसमें युवा पीढ़ी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने से ही इसके महत्व को अवगत कराकर ही इसे जीवंत रखा जा सकता है। बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष पड़हा संचालन समिति ट्रस्ट की अगुवाई में विश्व आदिवासी दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही निवेदक में संयुक्त पड़हा को रखने का प्रस्ताव पारित किया गया। अगली बैठक बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान में 24 जुलाई को होगा। बैठक में ग्राम प्रधान राम प्रसाद लोहरा 12 पड़हा बैरटोली के चंपा केरकेट्टा एवं निर्मल बारला 10 पड़हा अध्यक्ष सुबोध कुमार लकड़ा, 12 पड़हा सुशांति भगत, प्रभात टोप्पो, सुका उरांव, बारीडीह सुका उरांव 9 एवं 12 पड़हा करमा उरांव, 5 पड़हा सुखदेव उरांव, 21 पड़हा लगना उरांव, इंद्रजीत उरांव 24 पड़हा भौआ उरांव 10 पड़हा सूरज उरांव सहित कई लोग मौजूद थे।

# सुखदेव भगत बने राज्य के मीडिया और सोशल मीडिया ऑब्जर्वर



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** स्थानीय सांसद सुखदेव भगत को कांग्रेस ने झारखंड राज्य का मीडिया और सोशल मीडिया ऑब्जर्वर नियुक्त किया है। एआइसीसी ने उन्हें यह नयी जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पत्र जारी कर इसकी जानकारी दी है। सांसद भगत अब झारखंड में मीडिया और सोशल मीडिया विभागों को मजबूत करने का काम करेंगे। वे इन विभागों को दिशा देंगे।कांग्रेस की उपस्थिति को मीडिया और सोशल मीडिया में बढ़ाने की जिम्मेदारी भी उन्हें दी गयी है। पार्टी की छवि को जनता के बीच मजबूत करने का प्रयास किया जायेगा। इधर सांसद सुखदेव भगत को राज्य का मीडिया और सोशल मीडिया ऑब्जर्वर नियुक्त किये जाने पर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनील तिग्गा,जिला महासचिव फिरोज आलम, जिला सचिव तरुण गोप, मीडिया चेयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर, सैय्यद खालिद, अकील रहमान, रमेश कुमार चीनी, आशिक अंसारी, आजाद अंसारी, मो शादाब, मो मीरा आदि ने बधाई दी है। चैयरमैन सह प्रवक्ता आरिफ हुसैन अख्तर ने कहा कि सांसद सुखदेव भगत कुशल नेतृत्व व क्षमता के धनी व्यक्ति है। निश्चित रूप से उनके नेतृत्व में पार्टी के मीडिया और सोशल मीडिया का विभाग आने वाले दिनों में और परिपक्व होकर उभरेगा।

# सब्जी विक्रेताओं के आत्मदाह की धमकी का नहीं हुआ प्रशासन पर कोई असर



आत्मदाह की तैयारियों में जुटी है सब्जी विक्रेता महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जशपुर रोड से सब्जी दुकानों को हटाने के बाद दुकानदारों ने आत्मदाह की चेतावनी दी है। दुकानदारों ने प्रशासन से कहा है कि या तो उन्हें 20 से 25 हजार रुपये की नौकरी दी जाये या फिर जशपुर रोड में 10-10 फीट पर दुकान लगाने की अनुमति दी जाये।

आत्मदाह को लेकर सब्जी विक्रेताओं ने डीसी, एसडीओ, सीएस और थाना प्रभारी को लिखित ज्ञापन भी सौंपा है। इसमें कहा गया कि सभी विक्रेताओं ने नगर परिषद से 10 से 50 हजार रुपये तक का लोन लिया है। प्रशासन ने जिस स्थल पर सब्जी बिक्री होती थी। वहां जानबूझकर जेसीबी से खुदाई करवा दी। ताकि गरीब दुकान नही लगा सकें। इसके बाद से विक्रेता भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। दुकानदारों ने कहा कि वे लोन नहीं चुका पा रहे हैं। जीविकोपार्जन भी मुश्किल हो गया है। हनुमान मंदिर टंगरा में बने शेड में बिक्री नहीं हो पाती थी। इसलिए सड़क किनारे सब्जी बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि अगर 19 जुलाई तक प्रशासन ने कोई निर्णय नहीं लिया। तो 21 जुलाई को सभी विक्रेता समहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय के सामने आत्मदाह करेंगे। इसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी। अब 19 जुलाई बीत चुका है। ऐसे में सब्जी दुकानदार आत्मदाह की तैयारी को पूरी कर चुके है। ज्ञापन देने वालों में देवकी देवी, गायत्री, गुलाफो देवी, उपेंद्र कुमार महतो, पूनम देवी बी, आभा रानी, मीना देवी, सीता देवी, पूनम देवी, कलावती देवी, विमला देवी, किशोर साहू, माया कुजूर, संगीता देवी, वीणा देवी, संध्या देवी, केशो देवी ने कहा कि उनकी मांगों को लेकर जिला प्रशासन को दिया गया चेतावनी का समय बीत चुका है। जिला प्रशासन उनकी मांगों को अनसुना कर रही है। उन्हें गरीबो पर तरस नहीं आ रहा है। इसलिए पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत 21 जुलाई को आत्मदाह किया जायेगा। प्रशासन गिरफ्तार करेगा तो गिरफ्तारी भी देंगे।

## भिखमपुर पारिश मैदान में फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन



**जारी (आजाद सिपाही)।** भिखमपुर पारिश मैदान में काथलिक सभा समिति द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल 60 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुकाबला जारी बनाम घटमाटोली के बीच खेला गया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि भीखमपुर पारिश के फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार रहे। उन्होंने फीता काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इसके पश्चात फादर प्रेम इन्दवार, भालेन मिंज और कुलदीप मिंज ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए फादर प्रेम प्रकाश इन्दवार ने कहा,खेल को खेल भावना से खेलें और अपनी प्रतिभा का श्रेष्ठ प्रदर्शन करें। इस तरह के आयोजनों से युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। समिति के सदस्य अर्जुन निरंजन लकड़ा ने बताया कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 4 अगस्त 2025 को खेला जायेगा। फाइनल के अवसर पर एक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा, जिसमें स्थानीय कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे।

## इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग, दो छात्रों का चयन





**बसिया (आजाद सिपाही)।** एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया के कक्षा 11वीं (विज्ञान) के दो छात्रों, अलोक टोप्पो तथा दिनेश उरांव का चयन राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति, जनजातीय कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग प्राप्त करने के लिए हुआ है। ज्ञात हो की दक्षणा फाउंडेशन पुणे ने परीक्षा ली थी जिसके परीक्षा परिणाम के आधार पर राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति ने दो सेंटर आफ एक्सीलेंस बनाकर एक-एक केंद्र में 20 छात्रों को इंजीनियरिंग और 20 छात्रों के लिए मेडिकल के कोचिंग की व्यवस्था की है। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया से आलोक टोप्पो 89.20 प्रतिशत तथा दिनेश उरांव 91.80 प्रतिशत अंक के साथ उत्तीर्णता हासिल करने वाले छात्र रहे हैं। विद्यालय स्तर पर दिनेश उरांव स्कूल टॉपर तथा अलोक टोप्पो सेकेंड स्कूल टॉपर रहे हैं। दोनों का चयन चनकापुर, महाराष्ट्र के सेंटर आफ एक्सीलेंस में इंजीनियरिंग की मुफ्त कोचिंग के लिए हुआ है। आलोक टोप्पो चनकापुर के सेंटर आफ एक्सीलेंस में दो वर्षों के लिए इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए नामांकित हो चुके हैं। इसी बीच एक दूसरे छात्र दिनेश उरांव का भी चयन इसी केंद्र के लिए हुआ है। दिनेश उरांव भी चनकापुर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में पहुंच चुके हैं। इस तरह एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय बसिया की कक्षा ग्यारहवीं के दो-दो छात्र दो वर्षों के लिए इंजीनियरिंग की कोचिंग प्राप्त करेंगे। विद्यालय के दो दो छात्रों का चयन इंजीनियरिंग की कोचिंग के लिए होने से विद्यालय में हर्ष का माहौल है। प्राचार्य संजय कुमार सिंह, गुमला विभाग निरीक्षक अखिलेश कुमार तथा विद्या विकास समिति, झारखंड के प्रदेश सचिव नकुल कुमार शर्मा ने बधाई देते हुए दोनों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# ग्रामीणों ने सड़क नहीं बनने पर गुमला-लोहरदगा मुख्य पथ जाम करने की दी चेतावनी



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के नाथपुर गांव के लोगों का संपर्क घाघरा प्रखंड मुख्यालय से सड़क नहीं होने के कारण टूट गया है। कई लोगों को 15 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय पहुंचने को मजबूर है। घाघरा प्रखंड से लगभग 8 किलोमीटर दूर नाथपुर गांव के लोग बरसात के दिनों में काफी परेशानी का सामना करते है। चूंकी से नाथपुर जाने का सड़क लगभग 3 किलोमीटर में बरसात के दिनों में बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते है। जिससे लोगों को वाहन से आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। शनिवार को ग्रामीणों ने उपायुक्त, विधायक व सांसद से उक्त सड़क को बनवाने का मांग किया है। ग्रामीण रामचंद्र गोप ने बताया कि हमारे गांव में लोगों के पास चार चक्का वाहन की सुविधा है पर अपने वाहन से गांव आना-जाना नहीं कर सकते है सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गये है। ज्यादा परेशानी तब होती है जब गांव के लोग बीमार होते हैं और उन्हें अस्पताल पहुंचाना होता है। तब गांव तक एंबुलेंस नहीं आती रोगी को चूंटरी गांव तक लाना पड़ता है। बताया कि कई बार उपायुक्त और प्रखंड प्रशासन से सड़क बनाने का आग्रह किया गया पर अब तक किसी भी तरह की पहल नहीं हुई। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि यदि जल्द सड़क बनने पर प्रशासन के द्वारा पहल नहीं किया गया तो गुमला लोहरदगा मुख्य पथ को गम्हरिया के समीप जाम कर दिया जायेगा और इसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी क्योंकि प्रशासन पूरी तरह से हमें अनदेखी कर रही है। यहां बता दे की चूंदरी तक पहुंचने के लिए कालीकरण रोड है जिसके बाद नाथपुर जाने का सड़क पूरी तरह से जर्जर है। बरसात के दिनों में लोगों का आवागमन बंद रहता है। इस मौके पर मुख्य रूप से रामचंद्र गोप, कामेश प्रजापति, सुनील जायसवाल, अजय लोहरा, विनोद उरांव, जलेश्वर उरांव, सुखनाथ उरांव, कलवारी उरांव, सुशील उरांव, लालदेव यादव, अशोक प्रजापति, दुर्गा उरांव, मगन लोहरा, जोगी उरांव, बुद्धेश्वर जायसवाल, बिंदेश्वर उरांव, सुबोध जायसवाल, विजय यादव सहित कई लोग मौजूद थे।

# गुमला को रेलवे से जोड़ने के लिए रमेश कुमार चीनी ने क्षेत्रीय अधिवेशन में रखी मांग



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** साहिबगंज में फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का क्षेत्रीय अधिवेशन संपन्न हुआ। जिसमें झारखंड चैंबर के लोगों के साथ दक्षिणी छोटानागपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी शामिल हुए और व्यापारियों और जनहित की समस्याओं को अपने संबोधन के दौरान उचित पटल पर रखा और इसके निदान की मांग की। एफजेसीसीआइ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार चीनी ने गुमला की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि गुमला जिला के व्यापारी हित में वर्षो पुरानी मांग रेलवे लाइन की भाजपा सांसद सुदर्शन भगत के द्वारा बार-बार आश्वासन के बाद भी आज तक पूरी नहीं हुई। आजतक गुमला रेलवे लाईन से नहीं जुड सका है। लोहरदगा में एवं सिमडेगा जिला के बानो में पहले से रेलवे लाईन उपलब्ध है। लोहरदगा से बानो भाया गुमला मात्र 70-80 किलोमीटर रेलवे ट्रैक बना कर जोड़ देने से गुमला-लोहरदगा-सिमडेगा के व्यापारी के साथ-साथ आम जनता को काफी लाभ होगा। इस संबंध में उन्होंने अध्यक्ष को अपने स्तर से पहल करने का आग्रह किया है। दूसरी समस्या बताते हुए कहा कि इन दिनो गुमला में टोल टैक्स का विवाद गहरा गया है। सभी परिवहन व्यापारी तथा आम जनता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन दिनों गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा तथा खूंटी में हत्या एवं चोरी की घटना काफी बढ़ गई है। जो सभी व्यापारी के लिए चिंता की बात है। गुमला शहरी क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगा है जिसका बिल कई महिनों से व्यापारी एवं आम जनता को नहीं मिल पा रहा है, जो की बहुत ही गंभीर बात है। इन समस्याओं बताते हुए उन्होंने अध्यक्ष से समाधान का आग्रह किया।

## कोयनारा टोंगरी टोली में आंगनबाड़ी केंद्र खुला



**गुमला (आजाद सिपाही)।** ग्राम कोयनारा टोंगरी टोली में नए आंगनबाड़ी भवन का उद्घाटन हुआ। मुखिया सत्यावती देवी और आंगनबाड़ी सेविका फुलकेरिया डुंगडुंग ने फीता काटकर भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद सभी बच्चों और ग्रामीणों को केंद्र में प्रवेश कराया गया। मौके पर संवेदक अशोक साहू ने बच्चों और ग्रामीणों के बीच लड्डू और मिठाई बांटी इससे पहले आंगनबाड़ी केंद्र किराए के मकान में चल रहा था। बच्चों को वहीं पढ़ाया जाता था। अब नया भवन बन जाने से ग्रामीणों में खुशी है। सभी ने मुखिया सत्यावती देवी को धन्यवाद दिया। उनके प्रयास से पंचायत के दो गांवों में आंगनबाड़ी भवन बन पाया है। एक भवन कोयनारा में और दूसरा कोयनारा टोंगरी टोली में बना है मुखिया सत्यावती देवी ने कहा कि पूरे पंचायत को विकास की ओर ले जाना है। कुछ दिनों में पंचायत में चार जगहों पर प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत सड़कें बनेंगी। स्वीकृति मिल चुकी है। अब कार्य शुरू होने की देर है। उद्घाटन कार्यक्रम में समाजसेवी बसंत कुमार लोहरा, वार्ड सदस्य पति श्याम सुंदर शुक्ला, स्वास्थ्य सहिया बिंदु देवी, ग्रामीण शंकर इंदवार, रवि साहू, माइकल इंदवार, तबीयत खड़िया, जॉन खड़िया, जॉन बिलुंग, रॉबर्ट कुल्लू, हेलेना बेक, सबीना कुल्लू, बीबीयाना खड़िइयन, बीना खड़िइयन, चंद्र देवी, महादेव उरांव मौजूद थे।

# धरधरी नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** गुरदरी थाना क्षेत्र के रामझरिया पाठ निवासी 51 वर्षीय झागर असुर की शनिवार शाम धरधरी नदी में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पत्नी बुधनी देवी ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह मेरे पति गांव से थोड़ी दूर अपने खेत पर हल चलाने गए थे दोपहर में खाना लेकर मै भी गई जिसके बाद लगभग दो से 2:30 बजे के आसपास मेरे पति ने मुझसे कहा कि तुम घर जाओ मै नदी जाकर बैल को धो लूंगा और खुद भी नहा कर घर आऊंगा। जिसके बाद वे बैल लेकर धरधरी नदी की ओर गए और मैं घर चली आई शाम तक जब वह घर नहीं आये तो मैं नदी की ओर देखने गयी तो बैल खुले में चर रहे थे और मेरे पति का कुछ कपड़ा नदी के पास पड़ा हुआ था और उनका कुछ भी पता नहीं चल रहा था जिसकी सूचना मै गांव के लोगों को दी जिसके बाद गांव वाले पहुंचे और नदी में खोजबीन शुरू की जहां देर शाम नदी के गहरे पानी में मेरे पति का शव मिला। इधर गांव के लोगों ने मामले की सूचना गुरदरी पुलिस को दी जिसके उपरांत पुलिस मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा करने के बाद रविवार सुबह पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया।

## प्रेमिका की धमकी देने के बाद युवक ने कीटनाशक खाया

**गुमला (आजाद सिपाही)।** बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा गांव निवासी 18 वर्षीय प्रकाश तिर्की ने रविवार की शाम 6 बजे चूहे मारने वाला कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। आवेश में आकर उसने कीटनाशक खा लिया इसके बाद खुद चेटर से पैदल चलकर सदर अस्पताल पहुंचा और अपना इलाज कराया। घटना की जानकारी पर उसकी मां सदर अस्पताल पहुंची। युवक शहर से सटे चेटर में भाड़े के मकान में रहता है। वही पालकोट थाना क्षेत्र के ढोलवीर गांव की एक युवती से उसका प्रेम प्रसंग चल रहा था। तीन-चार माह पूर्व युवती उसके घर में आकर साथ में रहने लगी। इधर युवती का एक दूसरे युवक से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया और वह प्रकाश को छोड़कर चली गयी।

# झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने 31 को धरना प्रदर्शन का किया ऐलान



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले की चिकित्सा व्यवस्था को लेकर झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन ने 31 जुलाई को सदर अस्पताल के सामने विराट धरना-प्रदर्शन का ऐलान किया है। यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष देवकी देवी ने आम जनता से बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। गुमला जिले में कुल 12 प्रखंड हैं। पूरे जिले के मरीजों के इलाज के लिए एकमात्र सदर अस्पताल है। यहां सिर्फ 100 बेड हैं, जबकि आबादी के अनुसार 300 से 400 बेड की जरूरत है। अस्पताल में वार्ड और डॉक्टरों की संख्या भी बहुत कम है। जरूरी मेडिकल स्टाफ की भारी कमी है। जांच की सभी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। मरीजों को जरूरी दवाएं भी नहीं मिल पातीं। इलाज और दवा की कमी से आए दिन मरीजों की मौत हो जाती है।एसोसिएशन का कहना है कि वे एक साल से लगातार इस मुद्दे पर आवाज उठा रहे हैं। कुछ सुधार हुए हैं, लेकिन पूरी व्यवस्था में बदलाव के लिए, जिले के सभी नागरिकों को सड़क पर उतरना होगा। गुमला आदिवासी बहुल जिला है। यहां रोजगार की कोई व्यवस्था नहीं है। बड़ी आबादी दूसरे राज्यों में काम की तलाश में जाती है। वहां उन्हें अपमान सहना पड़ता है। कई बार महिलाओं की अस्मिता भी खतरे में पड़ जाती है। एसोसिएशन ने अस्पताल की व्यवस्था सुधारने के लिए 8 प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें सभी तरह के विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति, रात में डॉक्टर की उपलब्धता, जांच मशीन और टेक्नीशियन की व्यवस्था, बेड की संख्या 400 तक बढ़ाना, वार्ड की संख्या 100 करना, सभी जरूरी दवाएं मुफ्त देना और 24 घंटे दवा काउंटर चालू रखना शामिल है।

## खुलेआम अवैध खनन रोकने को लेकर झानद करेगा उपायुक्त से मुलाकात

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल व बॉक्साइट माइन्स रैयत मजदूर समिति के पदाधिकारी जिले में खुलेआम हो रही बॉक्साइट पत्थर व बालू की बड़े पैमाने पर अवैध खनन व तस्करी पर रोक लगाने व कार्रवाई की मांग को लेकर 21 जुलाई को गुमला उपायुक्त से मुलाकात करेंगे। विदित हो कि बीते एक सप्ताह पहले जिला मुख्यालय में बॉक्साइट माइंस रैयत मजदूर समिति के पदाधिकारी और सदस्यों द्वारा सांकेतिक धरना कार्यक्रम आयोजित की गयी थी और उपायुक्त को पांच सूत्रीय मांग-पत्र इस मामले में कार्रवाई के लिए सौंपी गयी थी। उपायुक्त से मुलाकात नहीं होने के कारण वार्ता नहीं हो सकी थी। वहीं दी गयी मांग-पत्र पर बातचीत करने के लिए 21 जुलाई को प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त से मिल रहे हैं। मालूम हो कि एनजीटी के रोक के बावजूद खनन विभाग के लापरवाही के कारण बालू का भी उठाव बड़ी जोर शोर से जारी है। कहने के लिए तो अवैध खनन पर स्पेशल टास्क फोर्स कार्रवाई कर रही है लेकिन अवैध खनन व तस्करी में लगे हुए लोग स्पेशल टास्क फोर्स से भी अधिक तेज गति से अवैध धंधा में लगे हुए हैं जो जिला प्रशासन की कार्रवाई पर कई सवाल खड़े करते हैं।

## स्पोर्ट्स



खिलाड़ियों ने कहा कि इस बार फिर पूर्व की भांति हमारा झारखंड टीम स्वर्ण लेकर अपना राज्य लौटेंगे।

# नेशनल पारा थ्रो बॉल चैंपियनशिप की टीम घोषित



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रविवार को बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम मोराबादी रांची के कबड्डी इंडोर स्टेडियम में राज्य स्तरीय यानी झारखंड टीम के लिए चयन शिविर का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में दोनों ही वर्ग (पुरुष एवं महिला) के विभिन्न खिलाड़ियों ने भाग लिया और बतौर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुजाता कच्छप मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी में खिलाड़ियों का चयन किया गया। जिसमें पुरुष वर्ग में सनोज महतो (कप्तान), मुकेश कंचन, पवन लकड़ा, मुकेश कुमार, भोला लकड़ा, चंदन लोहरा, विपिन कुमार, कमलेश उरांव, राकेश रंजन, प्रमोद कुमार, जेम्स लकड़ा, परशेंद इंद, राजू महतो, राजेश मेहता।

महिला वर्ग में महिमा उरांव (कप्तान), प्रतिमा तिर्की, संजुक्ता एक्का, असुंता टोप्पो, अनीता तिर्की, तारामणि लकड़ा, पुष्पा मिंज, सरिता भूट कुमारी, सुनीता कुमारी, शकुंतला लकड़ा, पूनम कुमारी, जयश्री कुमारी, ये सभी खिलाड़ी झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह प्रतियोगिता कोयंबटूर तमिलनाडु में 22 अगस्त से 24 अगस्त 2025 से तक आयोजित होने वाला है। खिलाड़ियों ने कहा कि इस बार फिर पूर्व की भांति हमारा झारखंड टीम स्वर्ण लेकर अपना राज्य लौटेंगे। सभी खिलाड़ियों को सचिव सरिता सिन्हा, अध्यक्ष राहुल मेहता, उपाध्यक्ष पत्रस तिर्की ने शुभकामनायें दिये।

# माटीशिल्पकारों के बीच अनुदानित दर पर विद्युत चाक का हो रहा वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के सभी माटीशिल्प कार्य में संलग्न योग्य शिल्पकारों को झारखंड माटीकला बोर्ड, रांची द्वारा अनुदानित दर पर विद्युत चाक जिले के वैसे माटीशिल्पकारों के बीच 90 प्रतिशत अनुदानित दर पर विद्युत चाक वितरण किया जा रहा है। ये योजना वैसे माटी शिल्पकारों के लिए है जिन्होंने पूर्व में किसी भी सरकारी संस्थान से अनुदानित दर पर विद्युत चाक प्राप्त नहीं किया है। इसके लिए पहले आओ, पहले पाओह के आधार पर 03 अगस्त 2025 तक आवेदन समर्पित किया जा सकता है। आवेदन के साथ आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट आकार का एक रंगीन फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति, और झारखंड माटीकला बोर्ड, रांची के पदनाम पर निर्गत दो हजार तीन सौ पैंतालीस रुपये का डिमांड ड्राफ्ट जमा करना आवश्यक है। उक्त डिमांड ड्राफ्ट और अन्य आवश्यक दस्तावेज निर्धारित तिथि तक समर्पित किये जाने के उपरांत पात्र आवेदकों को विद्युत चाक का वितरण किया जायेगा। यह योजना राज्य सरकार द्वारा पारंपरिक माटीशिल्पकला को प्रोत्साहन देने और शिल्पकारों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है। इससे संबंधित अन्य जानकारियां जिला उद्यमी समन्वयक, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड, जिला उद्योग केन्द्र, गुमला से भी ली जा सकती है। उक्त जानकारी जिला जनसंपर्क कार्यालय ने दी।

## अंजुमन इसलामिया गुमला और ट्रस्ट डीड की संयुक्त बैठक आज

**गुमला (आजाद सिपाही)।** अंजुमन इसलामिया गुमला और अंजुमन इसलामिया ट्रस्ट डीड की संयुक्त बैठक 21 जुलाई को होगी। यह बैठक सोमवार को मगरिब के बाद शाम 7.30 बजे अंजुमन इसलामिया कम्युनिटी हॉल, थाना रोड गुमला में रखी गयी है। अंजुमन इसलामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी और सचिव मकसूद आलम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह बैठक कौम की बेहतरी के लिए बुलायी गयी है। ट्रस्ट डीड के उपसचिव मो अफरोज कुरैशी, कार्यकारिणी सदस्य मो करीम, मो समीम वारसी, शकील अहमद, मो इमतियाज, रेयाज खान और कलीम अहमद ने 18 जुलाई 2025 को एक प्रतिज्ञा पत्र सौंपा। इसमें ट्रस्ट डीड की खामियों को उजागर किया गया। साथ ही अंजुमन इसलामिया के सदर और सचिव से अपील की गयी कि एक आम सभा बुलाकर इन खामियों को दूर करने का प्रयास किया जाये। इस अपील के आधार पर 21 जुलाई को संयुक्त बैठक तय की गयी है। इसमें ट्रस्ट डीड में उल्लिखित छह पंचायतों इराकी, पठान, इदरिसिया, हमदर्द, अंसारी और कुरैशी पंचायत के ओहदेदारों की उपस्थिति अनिवार्य बतायी गयी है। ट्रस्ट डीड के सभी पदाधिकारियों और कौम के इच्छुक प्रबुद्ध जनों से भी बैठक में शामिल होने की अपील की गयी है। सचिव मकसूद आलम ने कहा कि इस बैठक में लिये गये निर्णय को अंतिम माना जायेगा। इसके बाद किसी भी प्रकार की टिप्पणी या वक्तव्य को सामाजिक बहिष्कार के रूप में देखा जायेगा।

## मुख्य सचिव का बोकारो जिला बार्डर पर डीसी ने किया स्वागत



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के मुख्य सचिव अलका तिवारी एवं पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी का रविवार को बोकारो जिला बॉर्डर (तेलमच्चों ब्रिज के समीप) डीसी अजय नाथ झा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मुख्य सचिव अपने यात्रा के क्रम में धनबाद से रांची लौट रही थीं। इस मौके पर डीडीसी शताब्दी मजूमदार, डीपीएलआर निदेशक मेनका, एसी मो मुमताज अंसारी, चास अनुमंडल पदाधिकारी प्रांजल ढांडा, एनडीसी प्रभाष दत्ता, प्रोटोकॉल पदाधिकारी पियूष आदि उपस्थित थे।

## आतंकी हमले में मारे गये गणेश करमाली के परिजनों से मिले एसडीएम, दी राहत सामग्री



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर के दोस्सो क्षेत्र में 15 जुलाई को हुए आतंकी हमले में शहीद हुए गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया पंचायत के दनिया (कारीपानी) गांव निवासी प्रवासी श्रमिक गणेश करमाली के परिवार से डीसी अजय नाथ झा के निर्देश पर बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ ने रविवार को मुलाकात की। उन्होंने दिवंगत के परिजनों को ढांढस बंधाया और प्रशासन की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। एसडीएम के नेतृत्व में परिजनों को तत्काल दो बोरा चावल, 20 किलो आटा, दाल, नमक, एक बोरा आलू और 10 हजार रुपये नकद सहायता राशि दी गयी। साथ ही यह भरोसा दिया कि जिला प्रशासन इस दुखद घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। हर स्तर पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। बतातें चलें कि डीसी ने पूर्व में ही पीड़ित परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन कर यथासंभव मदद करने का आदेश दिया था। इस मौके पर गोमिया बीडीओ महादेव महतो सहित मुखिया एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## इंडियन बैंक इम्प्लाइज यूनियन झारखंड की बैठक में चार श्रम कानून पर हुई चर्चा



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** इंडियन बैंक इम्प्लाइज यूनियन झारखंड की जनरल बॉडी मीटिंग रविवार को धनबाद में हुई। इसमें प्रांतिय अध्यक्ष वाइपी सिंह, महासचिव शशिकांत भारती, कोषाध्यक्ष अजय कुमार डे बतौर मुख्य अतिथि के रुप में शामिल हुए। इस दौरान चार श्रम कानूनों पर चर्चा की गयी। यूनियन के सदस्यों ने इन कानूनों के विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया और उनके संभावित प्रभावों पर बात की। इस अवसर पर वाइपी सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियां मजदूर और किसान विरोधी है। 44 श्रम संहिता को चार श्रमिक कोड में बदल दिया गया। इन कानूनों से मजदूरों के अधिकारों का हनन होगा। उन्होंने बताया कि 1969 में 14 प्राइवेट बैंकों का राष्ट्रीयकरण हुआ था। उस समय देश में 8 हजार ब्रांच थे, जो आज बढ़कर 90 हजार हो चुके हैं। उस समय एक भी ग्रामीण सेक्टर में बैंक के शाखा नहीं थे। पर आज 35 हजार से ज्यादा शाखाएं हैं।

## शराब बेचने से मना करने पर पत्नी-सास ने फेंका तेजाब, थाने में शिकायत दर्ज

**झरिया (आजाद सिपाही)।** शराब बेचने से मना करने पर एक व्यक्ति पर उसी की पत्नी और सास की ओर से तेजाब फेंकने का मामला सामने आया है। इस बाबत पीड़ित लोदना निवासी राजेश साव ने धनसार थाने में पत्नी और अपनी सास के खिलाफ शिकायत दर्ज करायी है। उसने पुलिस को बताया कि 10 साल से अपनी पत्नी के साथ मनईटांड़ में रह रहा है। ससुर से ही जमीन खरीद कर वहां घर बनाया था। पत्नी राधा देवी और उसकी मां रोहमी देवी पहले से अवैध शराब बेचने का काम करती है। ससुराल जाने पर पता चला कि उसकी सास और पत्नी भी शराब बेचती है। उन लोगों को ऐसा करने से मना किया तो दोनों ने मिलकर उसके ऊपर तेजाब फेंक दिया। इस घटना में शरीर झुलस गया। आनन फानन में अस्पताल में इलाज कराया। इस घटना को लेकर पीड़ित ने धनसार थाना में लिखित शिकायत भी की है, लेकिन आरोपी पत्नी और सास की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है।

## कारगिल विजय के 26वें वर्षगांठ पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बोकारो (आजाद सिपाही)।** कारगिल विजय के 26वें वर्षगाठ पर कारगिल विजय माह अंतर्गत बोकारो सदर अस्पताल में पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर आयोजित हुआ। जिसका उद्घाटन सदर अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट डॉ एनपी सिंह ने किया। इस मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बोकारो महानगर संघचालक रंजीत बर्नवाल ने खुद रक्तदान करते हुए समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने की अपील की। उन्होंने पूर्व सैनिक सेवा परिषद बोकारो के निरंतर 13 वर्षों से लगातार कारगिल माह में आयोजित अलग-अलग कार्यक्रमों की सराहना की। वहीं, रक्तदान करने वालों में अमित कुमार, अभिषेक कुमार, शत्रुघ्न सिंह, संजीव कुमार, सरयू शर्मा, नीरज कुमार तिवारी, रंजय कुमार सिंह, राकेश मिश्रा, अमरनाथ लाल दास, अभय कुमार राय आदि शामिल थे। वेटेरन राकेश मिश्रा ने सदर अस्पताल के ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ मैथिली ठाकुर, धनंजय कुमार एवं पूरे टीम को धन्यवाद दिया। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में दिनेश्वर सिंह, श्रीकृष्ण सिंह, विनय कुमार, राजीव रंजन सिन्हा, प्रशांत डिवेडी, अशोक कुमार वर्मा, शशि भूषण मिश्रा आदि की भूमिका सराहनीय रही।

### दौरा : मुख्य सचिव ने किया मुनिडीह परियोजना का भ्रमण

# अंडरग्राउंड माइंस में देखी कोयला खनन की प्रक्रिया

## कोयले की गुणवत्ता के साथ ही उत्पादन और डिस्पैच की जानकारी ली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** राज्य की मुख्य सचिव अलका तिवारी ने रविवार को भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) के पश्चिमी झरिया क्षेत्र के मुनिडीह प्रोजेक्ट अंतर्गत मुनिडीह कोलियरी में अंडरग्राउंड माइनिंग का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बीसीसीएल के पदाधिकारियों से सुरक्षा संबंधित जानकारी ली। इसके बाद अंडरग्राउंड माइन्स में कोयला खनन की प्रक्रिया देखी। उन्होंने बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक से उत्पादन एवं डिस्पैच की जानकारी ली। साथ ही कोयले की गुणवत्ता की भी जानकारी ली। इससे पहले मुनिडीह पहुंचने पर बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने मुख्य सचिव का स्वागत किया। इस मौके पर पूर्व मुख्य सचिव डीके तिवारी, डीसी आदित्य रंजन, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार, बीसीसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक समीरन दत्ता, निदेशक (तकनीकी ऑपरेशन) संजय कुमार सिंह, निदेशक (तकनीकी, प्रोजेक्ट एंड प्लानिंग) मनोज कुमार अग्रवाल, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया, पुटकी सीओ विकास आनंद आदि उपस्थित थे।



मुनिडीह परियोजना में बीसीसीएल अधिकारियों के साथ मुख्य सचिव अलका तिवारी।

## बैद्यनाथ धाम यात्रा के लिए बस सेवा का हुआ शुभारंभ



**सिंदरी (आजाद सिपाही)।** देवनगरी बैद्यनाथ धाम जाकर भगवान भोलेनाथ पर जालाभिषेक के लिए सिंदरी से सुल्तानगंज जाने के लिए सुल्तानगंज कार एवं ड्राइवर्स एसोसिएशन ने एसी बस सेवा की शुरूआत की है। जिसका रविवार को सिंदरी थाना प्रभारी संजय कुमार और युवा संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष सह समाजसेवी दिलीप सिंह ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। समाजसेवी ने कावड़ियों को फल और पेय पदार्थ देते हुए यात्रा की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने समाज के गरीब वर्ग को संदेश दिया कि यदि किसी को बाबा के दर्शन में कठिनाई होती है, तो वे उनसे संपर्क कर सकते हैं। वे यथासंभव मदद करेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी एक टीम सुल्तानगंज से देवघर के रास्ते में निःशुल्क सेवा दे रही है। इस मौके पर पूर्व पार्षद दिनेश सिंह, पवन शर्मा, ब्रजेश सिंह, कुमार राजेश, रंजन सिंह, कुंदन, गोलू, नवीन कुमार, चित्रगुप्त सिन्हा, मंटू आदि उपस्थित थे।

## घर से स्कूल के लिए निकली इंटर की दो छात्राएं पांच दिनों से लापता

### रांची और पटना दिखा मोबाइल का अंतिम लोकेशन, जांच में जुटी पुलिस

**चतरोचट्टी (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड के चतरोचट्टी थाना अंतर्गत चतरोचट्टी प्लस टू उच्च विद्यालय में अध्ययनरत इंटरमिडियट की दो नाबालिक छात्राएं घर से स्कूल जाने की बात कहकर निकली, लेकिन वापस घर नहीं लौटी। पिछले पांच दिनों से दोनों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस दौरान परिजनों ने अपने स्तर से उनकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। थक हार कर परिजनों ने थाने में शिकायत गुमसुदगी की शिकायत दर्ज करवायी है। परिजनों के आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस दोनों छात्राओं की तलाश में जुट गयी है। परिजनों की ओर से थाने में दिये गये आवेदन के अनुसार दोनों छात्राएं 15 जुलाई को घर से स्कूल जाने की बात कहकर स्कूल ड्रेस पहन कर निकली थी। पर शाम होने तक स्कूल से नहीं लौटने पर दूसरे दिन स्कूल जाकर शिक्षकों से पूछताछ की तो पता चला कि दोनों उस दिन स्कूल आयी ही नहीं थीं। अपने स्तर से खोजबीन के बाद 16 जुलाई को थाने में शिकायत दर्ज करवायी। मामला संज्ञान में आते ही चतरोचट्टी पुलिस लोकेशन ट्रैक करवाया, तो एक बार रांची और दूसरी बार पटना का पता चला। पुलिस ने परिजनों को लोकेशन की सूचना दी। परिवारजन दोनों जगह गये लेकिन कहीं कुछ पता नहीं चला। पटना पहुंचने के बाद परिजन चतरोचट्टी पुलिस से संपर्क किया तो पता चला कि संबंधित मोबाइल स्विच ऑफ कर दिया गया है। जिसके बाद वहां से भी निराश लौटना पड़ा। उधर, थाना प्रभारी दीपक राणा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि दोनों छात्राओं के परिजनों की शिकायत पर प्राथमिकी पंजीकृत कर ली गई है। पुलिस टेक्निकल सेल से संपर्क कर उनकी तलाश कर रही है।

## सर्वांगिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी: देवतानंद दुबे

**कौटिल्य महापरिवार के कार्य समिति की बैठक में सामाजिक कुरीतियों को मिटाने का लिया गया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता



**करगली/बेरमो।** कौटिल्य महापरिवार कार्य समिति की बैठक रविवार को करगली बाजार स्थित कौटिल्य भवन में हुई। जिसकी अध्यक्षता महापरिवार के अध्यक्ष अजय झा एवं संचालन संस्थापक अनिल चंद्र झा ने किया। इसमें कौटिल्य महापरिवार के पदाधिकारी ने महापरिवार के संगठात्मक विकास को लेकर अपने-अपने विचारों को रखा। संस्था की ओर से किए गए सामाजिक कार्यो पर चर्चा के साथ आगामी योजना पर विचार कर कई निर्णय लिए गए। इस दौरान कोर समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष देवतानंद दुबे, सचिव रामनरेश द्विवेदी, संयोजक अजय कुमार झा एवं सदस्य संजय पांडेय, संजय मिश्रा, झब्बु तिवारी, आशीष झा, सुबेश तिवारी, बंटी मिश्रा को बनाया गया। वक्ताओ ने कहा कि महापरिवार समाज के सभी वर्ग के लोगों को साथ लेकर चल रही है। भगवान परशुराम हमारे आराध्य और पूर्वज हैं। हम सभी इन्हीं के वंशज है। कौटिल्य महापरिवार अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर है। आज भी बहुत से ऐसे ब्राह्मण लोग हैं जो महापरिवार से नहीं जुड़े हैं, लेकिन महापरिवार हमेशा उनके बारे में सोचता है। महापरिवार का मुख्य उद्देश्य सामाजिक कुरीतियों को मिटाते हुए समाज हित में सोचना है। कहा कि समाज के सर्वांगिक विकास के लिए शिक्षा जरूरी है। इस परिवार का मुख्य उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य और संस्कार है। बच्चो की पढ़ाई पर महापरिवार विशेष ध्यान रखता है। कहा कि बच्चों को शिक्षा के लिए हेतु महापरिवार स्कॉलरशिप दिलाने का काम करता है। इस मौके पर महापरिवार के केंद्रिय समिति के अध्यक्ष अजय कुमार झा, संस्थापक अनिल चंद्र झा, सचिव बृज विहार पांडेय, कोषाध्यक्ष बसंत पाठक, उपाध्यक्ष रविंद्र तिवारी, उप सचिव शंभू दुबे सहित श्रीकांत मिश्रा, सुनील झा, सीतानाथ चक्रवर्ती, संतोष ठाकुर, धर्मेंद्र तिवारी, सुदामा पांडेय, सुविर मुखर्जी, पंकज पांडेय, लालु गिरी, निमेष तिवारी, राजेंद्र पांडेय, दीपक पांडेय, धीरज त्रिपाठी, संजय पांडेय, तरुण बनर्जी, धीरज गोसाई और तरुण चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

## सुदेश महतो 26 को बोकारो में, कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आजसू की बैठक



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो 26 जुलाई को बोकारो पहुंच रहे हैं। वे टाउन हॉल में आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में शामिल होंगें। उनके बोकारो आगमन एवं भव्य मिलन समारोह को सफल बनाने को लेकर करगली गेट स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष महेश देशमुख ने की। इसमें केंद्रीय सचिव संतोष कुमार महतो भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि मिलन समारोह में बेरमो एवं फुसरो से ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। उस दिन बेरमो प्रखंड के विभिन्न पंचायतों एवं नगर से सैकड़ों महिलाएं एवं युवा साथी आजसू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। जिससे पार्टी और मजबूत होगी। इस मौके पर जिला सचिव नरेंद्र महतो, जिला सचिव जलेश्वर महतो (जदू), नगर अध्यक्ष महेश देशमुख, छात्रसंघ सचिव विक्की मेहता, कृष्णा नायक, अशोक कुमार, मुकेश साहनी, दीपक कुमार, युवा आजसू के रवि कुमार, प्रकाश कुमार, सोनू कुमार, महिला नेत्री फूलमती देवी, कंचन देवी, मंजू कुमारी, प्रियांशु कुमारी, किरण देवी, रोहित कुमार और आयुष कुमार आदि मौजूद थे।

## धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत एवं कर्तव्य परियोजना पर जागरूकता शिविर का आयोजन




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झालसा एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार तिवारी के निर्देश पर रविवार को धनबाद मंडल कारा में जेल अदालत का आयोजन हुआ। इसकी जानकारी देते हुए अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि जेल अदालत में चिन्हित कूल चार बंदियों को पीठासीन न्यायिक दंडाधिकारी सुरेश उरांव के समक्ष पेश किया गया। इस दौरान न्यायिक पदाधिकारी एवं एलएडीसीएस की टीम ने बंदियों के बीच विभिन्न कानून की जानकारी दी। वहीं चिकित्सकों की टीम बंदियों का स्वास्थ्य जांच किया गया।

### कैंसर के प्रति जागरूकता के लिए धनबाद में 'वॉकथॉन' का आयोजन

# कैंसर को लेकर लोगों में फैले भ्रम-भय को दूर और समय पर जांच के लिए किया गया प्रेरित

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं समय पर जांच और इलाज के महत्व को रेखांकित करने के उद्देश्य से रांची के एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल की ओर से रविवार को धनबाद में कैंसर अवेयरनेस वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस सामाजिक पहल में लायंस क्लब ऑफ धनबाद कोल कैपिटल ने सहयोगी भूमिका निभाई। वॉकथॉन की शुरूआत धनबाद के गोल्फ ग्राउंड से हुई, जिसमें शहर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, स्वास्थ्यकर्मियों, स्कूल-कॉलेजों के छात्र-छात्राओं के साथ ही आम लोगों की सक्रिय भागीदारी दिखी। प्रतिभागियों को जागरूकता रिबन, कैप और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आयोजकों ने बताया कि वॉकथॉन का मुख्य उद्देश्य कैंसर को लेकर समाज में फैले भ्रम और भय को दूर करना, समय पर जांच के लिए प्रेरित करने के साथ ही यह संदेश देना है कि कैंसर का इलाज संभव है, यदि समय रहते कदम उठाए जाएं। वहीं, एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर इरशाद खान ने शहरवासियों का आभार प्रकट करते हुए कहा हर कदम एक नई उम्मीद लेकर आती है। हम सबकी भागीदारी कैंसर के खिलाफ इस सामाजिक आंदोलन को और भी मजबूत बनाएगी। बतातें चलें कि एचसीजी अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल पूर्वी भारत में कैंसर इलाज के क्षेत्र में एक अग्रणी संस्थान है, जो अत्याधुनिक तकनीकों और विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के माध्यम से सेवाएं प्रदान करता है। अस्पताल समय-समय पर सामाजिक जागरूकता अभियानों का भी संचालन करता है चौथा इंस्टॉलेशन सेरेमनी में अध्यक्ष मुकेश बर्मन, सचिव संदीप कौशल और कोषाध्यक्ष प्रज्वल भट्टाचार्यजी ने 2025-26 के लिए कार्यभार ग्रहण किया। इस मौके पर लायन प्रज्वल भट्टाचार्य, मुकेश बर्मन, राजेश गुप्ता, एभीएम, सोमनाथ पृथ्वी, लायन अजीत राज, मुकेश गुप्ता, संदीप मुखर्जी आदि उपस्थित थे।




## मंजूरा में जला 100 केवीए का ट्रांसफार्मर, लोगों की मंत्री से 200 केवीए का ट्रांस्फॉर्मर लगाने की मांग

**कसमार/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कसमार प्रखंड अंतर्गत मंजूरा के टोला पगारटांड में 100 केवीए का बिजली का ट्रांसरर्मर जल गया है। इससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। लोगों ने राज्य के मंत्री योगेंद्र प्रसाद से 200 केवीए का नया ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग की है। जानकारी के मुताबिक पगारटांड के 100 से अधिक बिजली उपभोक्ताओं ने मंत्री को लिखे आवेदन में कहा है कि उक्त ट्रांसफार्मर से 150 से अधिक लोगों के घर में बिजली आती थी। पर अधिक लोड के कारण लो वोल्टेज के साथ आए दिन हॉर्न एवं फ्यूज के उड़ने एवं उसके बुश आदि जलते रहने के कारण अवस्था जर्जर हो गई थी। अंततः वह ट्रांसफार्मर जल गया है। जिस कारण बच्चों की पढ़ाई के साथ ही बिजली चलित उपकरण बंद होने से लोग बेहत परेशान हैं। लोगों ने मंत्री को आवेदन देकर कहा कि उनकी परेशानी को देखते हुए अविलंब 200 केवीए का ट्रांसफार्मर विभाग से दिलवाया जाए। आवेदन देने वालों में रूपेश महतो, प्रिंस कुमार, नवीन कुमार, राजू करमाली, संदीप कुमार महतो, तेजनारायण महतो, उमेश कुमार महतो, सविनय कुमार महतो और सचिनाथ महतो आदि शामिल हैं।

## गोमिया से देवघर के लिए श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**आइइएल (आजाद सिपाही)।** गोमिया प्रखंड क्षेत्र के आइइएल शिव मंदिर से कांवरियों का जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रविवार को रवाना हुआ। कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष पंकज पांडेय के नेतृत्व में सर्वप्रथम सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर में मत्था टेका। इस दौरान अजय सिंह की टीम की ओर से प्रस्तुत शिव भक्ति गीतों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। जत्थे में जीतू पांडेय, शशिकांत सिंह, उपेंद्र गुप्ता, पप्पू वर्णवाल, बिनोद साव, कमलकांत झा, पवन साह, कारू रविदास, अभिषेक शर्मा, भगवान मंडावी, राजेश कुमार, पंकज गुप्ता आदि शामिल हैं।

# चीन ने ब्रह्मपुत्र नदी पर डैम बनाना शुरू किया

- भारतीय सीमा के पास यह दुनिया का सबसे बड़ा बांध
- भारत और बांग्लादेश दोनों ने गहरी चिंता जतायी
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बोले, ये 'वाटर बम' है



एजेंसी

**बीजिंग।** चीन ने तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी (चीन में यारलुंग सांगपो) पर दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बनाना शुरू कर दिया है। चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने इसकी शुरुआत की। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस डैम प्रोजेक्ट को बीजिंग ने दिसंबर 2024 में मंजूरी दी थी। ये बांध चीन के न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसकी कुल लागत करीब 167.8 अरब डॉलर (लगभग 12 लाख करोड़ रुपए) बतायी गयी है। यह डैम अरुणाचल प्रदेश की सीमा से सटे न्यिंगची शहर में बनाया जा रहा है। इसे लेकर भारत और बांग्लादेश दोनों ने गहरी चिंता जतायी है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने इस बांध को भारत के लिए 'वाटर बम' बताया था।

**ब्रह्मपुत्र नदी के भारत में प्रवेश से पहले बनेगा डैम :** करीब 2900 किलोमीटर लंबी ब्रह्मपुत्र नदी हिमालय के उस पार तिब्बत के पठार पर 2057 किलोमीटर दूर तक पश्चिम की ओर बहती है और उसके बाद अरुणाचल प्रदेश से होकर भारत में प्रवेश करती है। भारत के बाद ये बांग्लादेश में जाती है और फिर बंगाल की खाड़ी में मिल जाती है, लेकिन भारत में प्रवेश से ठीक पहले ये नदी एक यू टर्न लेती है। यही वो इलाका है जहां चीन दुनिया का सबसे बड़ा हाइड्रोपावर डैम बना रहा है।

## भारत बांध का विरोध क्यों कर रहा?

भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इसी साल 3 जनवरी को एक प्रेस ब्रीफिंग में इस बांध को लेकर आपत्ति जतायी थी। भारत ने कहा था कि ब्रह्मपुत्र पर बांध बनाने से निचले राज्यों के हितों को नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। बांध से चीन को ब्रह्मपुत्र के जल प्रवाह को नियंत्रित करने की ताकत मिलेगी, जिससे अरुणाचल प्रदेश और असम में सूखा या बाढ़ का खतरा बढ़ सकता है। यह भारत की जल सुरक्षा नीति के लिए रणनीतिक खतरा है। बांध भूकंप-प्रवण क्षेत्र में बन रहा है, जिससे नदी पारिस्थितिकी, जैव विविधता और गाद प्रवाह पर नकारात्मक असर पड़ेगा। इससे भारत और बांग्लादेश में मछली पालन और खेती प्रभावित हो सकती है। ब्रह्मपुत्र पर निर्भर पूर्वोत्तर भारत के किसानों और मछुआरों की आजीविका खतरे में पड़ सकती है। बांध का असर बांग्लादेश, नेपाल और भूटान जैसे अन्य निचले तटीय देशों पर भी पड़ेगा।

# इंडोनेशिया में जहाज में लगी भीषण आग, तीन लोगों की मौत

- जान बचाने समुद्र में कूदे लोग, 280 लोग सवार थे

एजेंसी

**जकार्ता।** इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में रविवार दोपहर एक यात्री जहाज, केएम बार्सिलोना वीए, में तालिसे द्वीप के पास भीषण आग लग गयी। इसमें 3 लोगों की मौत हो गयी। जहाज में 280 यात्री सवार थे, जिनमें से लगभग 150 यात्रियों को सुरक्षित बचा लिया गया है। जबकि 100 से ज्यादा लोगों की तलाश जारी है। आग के तेजी से फैलने के कारण अपनी जान बचाने के लिए कई यात्री समुद्र में कूद गये थे। यह तालौद द्वीपों से मनाडो पोर्ट की ओर जा रहा था। क्षेत्रीय आपदा



प्रबंधन एजेंसी ने स्थानीय मीडिया को बताया कि आग दोपहर करीब 1:30 बजे शुरू हुई और तेजी से पूरे जहाज में फैल गयी। अभी तक आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। इंडोनेशिया की राष्ट्रीय खोज और बचाव एजेंसी, नौसेना, तटरक्षक बल और स्थानीय मछुआरों ने मिलकर तुरंत बचाव अभियान शुरू किया। लिकुपांग पोर्ट पर एक कमांड पोस्ट बनाया गया है, जहां से बचाव कार्य किया जा रहा है।

## आग के कारणों की जांच होगी

आग लगने का सटीक कारण अभी तक स्पष्ट नहीं है। अधिकारियों ने कहा कि सभी यात्रियों का पता लगने के बाद इसकी जांच शुरू की जायेगी। यात्रियों के परिजनों से शांत रहने और आधिकारिक अपडेट का इंतजार करने की अपील की गयी है। केएम बार्सिलोना वीए मनाडो-ताहुना मार्ग पर चलता था और आसपास के द्वीपों को भी जोड़ता था।

# सीरिया के स्वेदा में सांप्रदायिक हिंसा बढ़ी, 940 लोगों की मौत

**सीरिया (एजेंसी)।** द्रूज बहुल स्वेदा क्षेत्र में शनिवार को सांप्रदायिक हिंसा तेज हो गयी। मशीनगन और मोर्टार गोलाबारी की आवाजें सुनाई दीं। कई दिनों की हिंसा के बाद इस्लामिक नेतृत्व वाली सरकार सीजफायर लागू करने में नाकाम रही। हिंसा की शुरुआत द्रूज समुदाय और बेदुईन जनजातियों के बीच झड़पों से हुई। रॉयटर्स के मुताबिक अभी तक हताहतों की पुष्टि नहीं हुई है। सरकार ने दक्षिणी क्षेत्र में सुरक्षा बल तैनात



किए थे, लेकिन हिंसा रुकने का नाम नहीं ले रही।

शनिवार देर रात, गृह मंत्रालय ने दावा किया कि स्वेदा शहर में झड़पें रोक दी गयीं और बेदुईन जनजातीय लड़ाकों को हटा दिया गया। ब्रिटेन स्थित सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के अनुसार पिछले एक हफ्ते में स्वेदा के आसपास हुई झड़पों में कम से कम 940 लोग मारे गये हैं। सरकार ने तनाव कम करने के लिए सेना भेजी, लेकिन द्रूज लड़ाकों के साथ उनकी भी झड़प हो गयी। शनिवार को फिर से द्रूज और बेदुईन आमने-सामने आ गये।

# भारत डिजिटल पेमेंट में दुनिया में नंबर-1

- यूपीआइ से हर महीने 1800 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन
- जून में 24.03 लाख करोड़ रुपये का कारोबार हुआ

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत ने फास्ट और सिक्योर डिजिटल पेमेंट सेक्टर में दुनिया में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आइएमएफ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआइ) की बदौलत भारत ने डिजिटल ट्रांजेक्शन में यह मुकाम हासिल किया है।

2016 में नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआइ) द्वारा शुरू किया गया यूपीआइ आज देश में पैसे के लेन-देन का सबसे आसान और पॉपुलर तरीका बन चुका है। यूपीआइ की मदद से लोग एक ही मोबाइल एप से अपने कई बैंक अकाउंट को जोड़ सकते हैं और कुछ ही सेकेंड में सुरक्षित, कम



लागत वाले लेनदेन कर सकते हैं।

एनपीसीआइ के अनुसार यूपीआइ से हर महीने 1,800 करोड़ से ज्यादा ट्रांजैक्शन होते हैं। जून 2025 में यूपीआइ ने 1,839 करोड़ ट्रांजैक्शन के साथ 24.03 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया, जो पिछले साल जून 2024 के 1,388 करोड़ ट्रांजैक्शन की तुलना में 32% की ग्रोथ को दर्शाता है।

**यूपीआइ ने डिजिटल-डॉमिनेटेड इकोनॉमी की ओर बढ़ाया :** पीआइबी ने कहा कि यूपीआइ ने भारत को कैश और कार्ड बेस्ड पेमेंट से दूर ले जाकर डिजिटल-डॉमिनेटेड इकोनॉमी की ओर बढ़ाया है।' यह मंच न केवल बड़े बिजनेस के लिए, बल्कि छोटे दुकानदारों और आम लोगों के लिए फाइनेंशियल इंक्लूजन का एक मजबूत साधन बन गया है।

**भारत में 85% डिजिटल पेमेंट यूपीआइ से हो रहे :** आज भारत में 85% डिजिटल पेमेंट यूपीआइ के जरिए हो रहे हैं, जिसमें 49.1 करोड़ यूजर्स, 6.5 करोड़ बिजनेसमैन और 675 बैंक एक ही प्लेटफॉर्म पर जुड़े हैं। इतना ही नहीं, यूपीआइ अब ग्लोबल लेवल पर भी लगभग 50% रियल-टाइम डिजिटल पेमेंट्स को संभाल रहा है।

## किश्तवाड़ में आतंकियों और सुरक्षाबलों में मुठभेड़

**जम्मू (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इलाके में दो से तीन आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है और ऑपरेशन जारी है।







































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**